www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 21 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-317 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए




अब अपनी असीमित क्षमता का अनुभव कर रहा देश : धनखड़ 02

■ द्वारका में लोग ले सकेंगे एक अलग ही जीवन का...
■ दिल्ली के व्यापारी के हित के लिए सरकार ने कोई... 03

■ गाजा अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत
■ यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ प्रतिबंध एक वर्ष के लिए बढ़ाए 07

उर्फी जावेद लेकर आ रही हैं अपना पॉडकास्ट 10

## सार संक्षेप

### हेमंत ने बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी



**रांची।** हेमंत सोरेन ने रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी है। उनकी अर्जी पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 21 फरवरी की तारीख तय की है। सोरेन झारखंड विधानसभा में साहिबगंज जिले के बरहेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। कोर्ट में दी गई अर्जी में बताया गया है कि 23 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरु हो रहा है।

### प्रधानमंत्री ने आईआईएम, बोधगया का किया उद्घाटन



**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बुद्ध की पावन ज्ञानभूमि बोधगया में नवनिर्मित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट का उद्घाटन आज वर्चुअली किया। जम्मू में आयोजित एक समारोह में शिक्षा और कौशल विकास की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देश को प्रधानमंत्री ने दिया। लगभग 13,300 करोड़ की रुपए से अधिक की लागत से यह परियोजनाएं स्थापित की गई है।

### हिमालयी क्षेत्र में 26 तक तूफान व बारिश के आसार



**नई दिल्ली।** देश में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों में 26 फरवरी तक गरज-चमक और तूफान के साथ वर्षा होने और हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को बताया कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 24 फरवरी की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिसके प्रभाव से क्षेत्र में 24 से 26 फरवरी तक हल्की से मध्यम वर्षा और हिमपात होने के आसार हैं।

### पन्नू ने रांची टेस्ट रद्द कराने की धमकी दी, एफआईआर दर्ज



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने मैच रद्द कर इंग्लैंड की टीम को लौट जाने की धमकी दी है। उसने इसे लेकर झारखंड के नक्सलियों को उकसाया है। पन्नू ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के रांची में होने वाले मैच को अविलंब रद्द करवाएं। इस मामले में मंगलवार को रांची के धुर्वा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### पीएफ मामले में ईडी की कई जगहों पर छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने एक जूट मिल के मालिक द्वारा भविष्य निधि के गबन के मामले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। ईडी की कार्रवाई हाई कोर्ट के आदेश के बाद की जा रही है।

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सर्वोच्च अदालत का बड़ा फैसला

# सुप्रीम कोर्ट ने 'आप उम्मीदवार' को घोषित किया महापौर

## पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलटा

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद्द कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पार्षद संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया।

पीठ ने अपने विस्तृत फैसले में कहा कि उसने चुनाव परिणामों को रद्द करने के लिए पूर्ण न्याय करने के वास्ते संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह निर्णय सुनाया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था।




- सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया
- अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्ति का किया इस्तेमाल
- पीठासीन अधिकारी ने आठ मतों को विकृत किया था

### पीठासीन अधिकारी को अदालत की अवमानना का नोटिस

पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया। पीठ ने फैसले में कहा, चुनाव प्रक्रिया को रद्द करना उचित नहीं होगा, क्योंकि मुद्दा केवल पीठासीन अधिकारी द्वारा मतों की गिनती करने की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि पीठासीन अधिकारी द्वारा कानून की अनदेखी करते हुए 'चिह्नित' किए गए सभी आठ मतपत्र आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में गिने जाएंगे। चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए सोनकर ने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों के बीच सोमवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई शुरू होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जहरों से बचाया है, जो गंदे चुनावी हेरफेर का सहारा लेती थी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में संस्थागत तोड़फोड़ मोदी-शाह की लोकतंत्र को कुचलने की कुटिल साजिश का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है : **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



कुलदीप एक गरीब घर का लड़का है। इंडिया गठबंधन की ओर से मेयर बनने पर बहुत-बहुत बधाई। ये केवल भारतीय जनतंत्र और सुप्रीम कोर्ट की वजह से संभव हुआ। हमें किसी भी हालत में अपने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाकर रखना है: **अरविंद केजरीवल, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार**

### शीर्ष अदालत ने खरीद फरोख्त पर चिंता जताई थी

शीर्ष अदालत ने इस बीच आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों के रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का मामला सामने आने के बाद इस कथित 'खरीद-फरोख्त' पर चिंता व्यक्त की थी और कहा था, 'हम जानते हैं कि क्या हो रहा है। हम खरीद-फरोख्त को लेकर बेहद चिंतित हैं। जो हो रही है, वह बहुत परेशान करने वाली बात है।'

सपा उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी

# सपा ने शिवपाल को बदायूं से उतारा



**लखनऊ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजावारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की पांच और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

**तीसरी सूची के उम्मीदवार**

- कैराना से इकरा हसन
- बदायूं से शिवपाल यादव
- हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत
- वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल

### अब तक 31 सीटों पर ऐलान

सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव को बदायूं से उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले यहां से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं पार्टी ने वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल को टिकट दिया है, जबकि इस सीट पर मौजूदा सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अगर प्रधानमंत्री इसी सीट से एक बार फिर चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें यहां सुरेंद्र सिंह पटेल टक्कर देते हुए नजर आएंगे। सपा की पहली लोकसभा उम्मीदवारों की सूची 30 जनवरी को सामने आई थी। जिसमें 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई थी। इसके बाद 19 फरवरी को दूसरी और 20 फरवरी को तीसरी सूची जारी की। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 31 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। उधर सपा के साथ गठबंधन टूटने की अटकलों को कांग्रेस ने खारिज कर किया है। पार्टी के अनुसार बातचीत चल रही है।

राहुल ने रायबरेली में जनसभा को किया संबोधित

# जातिगत जनगणना से ही दलित, पिछड़ों को मिलेगा हक

**रायबरेली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा कि दलित,पिछड़ा और आदिवासी देश की कुल आबादी में 73 फीसदी होने के बावजूद तंगहाली में जीने को मजबूर हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रायबरेली के सुपर मार्केट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने मंगलवार को कहा कि दलित, पिछड़े और आदिवासियों की जनसंख्या 73 प्रतिशत होने के बावजूद वह अभावग्रस्त हैं। इसलिए जाति के आधार पर जनगणना होनी जरूरी है। मौजूदा




दलित, पिछड़े, आदिवासी 73 प्रतिशत होने के बावजूद अभावग्रस्त

सरकार में असली फायदा पूंजीपति उठा रहे है लेकिन गरीब पिछड़ी दलित और आदिवासी जनता को अपना हक लेना है। श्री गांधी की यात्रा फुरसतगंज से रायबरेली में दाखिल हुई और सन्दी चौराहा, राही, मलिकमऊ चौराहा, सिविल लाइंस डिग्री कालेज होते हुए दोपहर करीब सवा तीन बजे सुपर मार्केट पहुंची। अयोध्या में राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके साथी अरबपति उद्योगपति आदि थे मगर भगवान के इस शुभ काज का साक्षी कोई दलित गरीब पिछड़ा नहीं बन सका। उन्होंने कहा कि दलितों,पिछडों और आदिवासी समाज को एकजुट होकर क्रांतिकारी कदम उठाने है जो कि जातीय जनगणना से पूरा होगा।

# किसान ने आज फिर करेंगे दिल्ली कूच

■ सरकार ने और चाक चौबंद किए सुरक्षा प्रबंध ■ केंद्र सरकार से चार दौर की वार्ता रही बेनतीजा

**चंडीगढ़,** 20 फरवरी(एजेंसियां)। किसान जत्थेबंदियों व केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के बीच चार दौर की वार्ता विफल होने के बाद हरियाणा व पंजाब में बॉर्डर व नाकों पर शांत बैठे किसानों ने फिर से दिल्ली कूच करने की तैयारी कर ली है। सोमवार को किसानों ने दिल्ली कूच करना का फैसला किया। पंजाब से किसान चलकर मंगलवार को डबवाली के पास लगे नाकों पर पहुंच गए। किसानों ने बताया कि वे कल दिल्ली कूच करेंगे। किसानों के फैसले के चलते सिरसा जिला में पुलिस ने नाकों व पंजाब सीमा पर सुरक्षा प्रबंध और कड़े कर दिए है। यहां पर प्रशासन ने बेरिकेड की संख्या में



पहले से ज्यादा इजाफा कर दिया है ताकि किसान इसको पार करके दिल्ली न जा सकें। सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण मंगलवार को दिनभर हरियाणा पंजाब सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। उन्होंने इससे पहले स्थानीय पुलिस लाइन में रिजर्व फोर्स के जवानों से मिलकर दिशा निर्देश दिए। उधर, संयुक्त किसान मोर्चा किसानों के समर्थन में उतर आया है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सोमवार को जींद में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि 21 फरवरी को जिला स्तर पर सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के साथ सरकार के पुतले दहन किए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों, रास्ता खलुवाने तथा किसानों के लंबित मुद्दों की मांग का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## किसानों से वादा खिलाफी कर रहे मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि खेती बाड़ी छोड़कर मांगें मनवाने के वास्ते दिल्ली आने के लिए सड़कों पर उतरे किसान उसी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहे हैं, जिसका वादा 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे किया था लेकिन अब वह मुकर कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी अप्रैल 2014 में कह रहे थे कि एमएसपी किसानों का हक है, किसान भीख नहीं मांग रहे हैं लेकिन



प्रधानमंत्री बनकर श्री मोदी किसानों से वादाखिलाफी कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा में 10 फीसदी मराठा कोटा विधेयक पारित

## विधेयक बिना किसी विरोध के पारित

**मुंबई,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा ने मंगलवार को यहां शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समुदाय को 10 प्रतिशत कोटा देने वाले मराठा आरक्षण विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक आज दोपहर विधानमंडल के विशेष सत्र में विधानसभा में पेश किया गया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोटा मुद्दे पर सरकार की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। अब, मराठा समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए शैक्षणिक संस्थानों और राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण के हकदार होंगे। सदन को संबोधित करते हुए, शिंदे ने कहा कि वह दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के सिपाही थे और अपनी बात पर कायम रहेंगे, और कहा कि उन्हें मराठा समुदाय के लिए आरक्षण शुरू करने पर गर्व महसूस हो रहा है। शिंदे ने कहा, यह (शिवबा संगठन नेता) मनोज जारांगे-पाटिल द्वारा शुरू किए गए आंदोलन की जीत है, और मराठों की आकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है। यह ओबीसी सहित किसी भी अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना या उनके कोटा में गड़बड़ी किए बिना किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह आरक्षण अदालतों के समक्ष कानूनी जांच में खड़ा होगा और मराठों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी की मेहनत की सराहना की।



### समुदाय की मांग के अनुरूप नहीं आरक्षण: जरांगे

मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा में पारित आरक्षण विधेयक का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने तर्क दिया कि इसमें जो आरक्षण प्रस्तावित किया गया है, वह समुदाय की मांग के अनुरूप नहीं है। हमें उस आरक्षण की जरूरत है जिसके हम हकदार हैं।

जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी

# राजद न सिर्फ माई, बल्कि बाप की भी पार्टी

**पटना/मुजफ्फरपुर,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होकर एनडीए के साथ जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज से जन विश्वास यात्रा पर निकल रहे हैं। यात्रा के दौरान वे जनता के बीच जाकर लोकसभा चुनाव अभियान का भी आगाज कर रहे हैं। ऐसे में तेजस्वी के इस यात्रा की शुरुआत मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड से हो रही है। जहां तेजस्वी ने खुद की पार्टी पर लगने वाले धब्बे को लेकर भी बड़ा एलान किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं राजद माई की पार्टी है, लेकिन आज उनलोगों को बताना है कि हमारी पार्टी राजद न सिर्फ माई की पार्टी है बल्कि ये 'बाप' पार्टी है। अब आपको इसका मतलब समझना होगा। यहां 'बी' का मतलब है- बहुजन, 'ए' का मतलब अगड़ा, ए का मतलब-आधी आबादी, पी का मतलब-पुअर या गरीब की पार्टी है। तो हमलोग ए टू जेड वाले लोग हैं। सभी बहुजन आ गए, सभी अगड़ा लोग आ गए, आधी आबादी सभी महिलाएं आ गईं, सभी पूअर हमारे गरीब आ गए। तो ये माय के साथ ही साथ बाप की भी पार्टी है।



# ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे उदित राज

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने एक बार फिर चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला है। ईवीएम की वैधता को लेकर उन्होंने चुनाव आयोग से तकरीबन एक दर्जन सवाल पूछते हुए चुनौती दी है कि अगर व्यावहारिक रूप से आयोग उनके सवालों का जवाब दे दे तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहाकि ईवीएम पर लोगों का भरोसा आज अपने न्यूनतम स्तर पर है। उन्होंने कहाकि ईवीएम के खिलाफ 22 फरवरी को जंतर-मंतर पर कई सामाजिक संगठनों के साथ ही वामसेफ व दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक परिसंघ संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन करेगा।

बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर 22 को प्रदर्शन

चुनाव — *जेपी नड्डा भी गुजरात से निर्विरोध चुने गए*

# सोनिया पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गईं। इसके अलावा, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए।**

राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था। जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। राज्य में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। नतीजों के बाद राज्यसभा में राजस्थान से कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य होंगे। वहीं, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है। राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था।



■ राजस्थान से भाजपा के चुन्नीलाल व मदन राठौड़ भी चुने गए

### ओडिशा से अश्विनी वैष्णव चुने गए

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी ओडिशा से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। उन्हें जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। वैष्णव भुवनेश्वर के राम मंदिर में प्रार्थना करने भी पहुंचे। उधर, महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए अशोक चव्हाण सहित छह उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया है। इन छह उम्मीदवारों में भाजपा ने चव्हाण सहित तीन नेताओं को मैदान में उतारा था। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक-एक उम्मीदवार उतारा था।

# देश

उवाच

महागठबंधन मजबूत हो ताकि लोकतंत्र, देश और संविधान बचे। वोटों का बटवारा न हो। इसके लिए महागठबंधन को मजबूत करने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

–पप्पू यादव, जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 13.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 24.0 |

# बिहार में सभी छह राज्यसभा के उम्मीदवार हुए निर्विरोध निर्वाचित

**पटना,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यसभा में बिहार की 6 सीटों पर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। बिहार के सभी छह उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राज्यसभा के लिए बिहार से भाजपा के दो, आरजेडी के दो, और कांग्रेस से एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, सभी को निर्विरोध राज्यसभा का सदस्य चुन लिया गया है। दरअसल, राज्यसभा में खाली हुई बिहार की 6 सीटों पर चुनाव कराए गए।

- **विधानसभा में निर्वाचित उम्मीदवारों को मिला निर्वाचन प्रमाण-पत्र**
- **संजय झा व नीतीश के चेहरे पर दिखी खुशी**

भाजपा की तरफ से भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया था जबकि जेडीयू से संजय झा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया गया था। वहीं राष्ट्रीय जनता दल से मनोज झा और तेजस्वी के करीबी संजय यादव के अलावा कांग्रेस से अखिलेश प्रसाद सिंह ने नोमिनेशन फाइल किया था। आज राज्यसभा चुनाव के नतीजे सामने आए और बिहार के सभी उम्मीदवार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हो गए। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सभी उम्मीदवार विधानसभा पहुंचे और जीत का सर्टिफिकेट हासिल किया। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद जेडीयू नेता संजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार से मुलाकात की और उनका आभार जताया। निर्वाचन प्रमाण-पत्र लेने के बाद संजय झा ने बिहार विधानसभा स्थित कक्ष में राज्यसभा के सांसद संजय कुमार झा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने संजय कुमार झा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

निर्वाचन प्रमाण-पत्र लेने के बाद संजय झा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संजय झा के साथ बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, ललन सिंह और अशोक चौधरी समेत जेडीयू के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। आपको बता दें कि बीजेपी, जदयू, आरजेडी और कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। संख्या बल पर सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस मौके पर विधानसभा सचिव ने सर्टिफिकेट भी सौंप दिया है। गौरतलब है कि बीजेपी से धर्मशाला गुप्ता और भीम सिंह, आरजेडी से मनोज झा और संजय यादव, जेडीयू से संजय झा और कांग्रेस से अखिलेश सिंह निर्वाचित हुए। गौरतलब है कि मंगलवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन था।

## विद्यालयों की संचालन अवधि में हो तत्काल सुधार : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के विद्यालयों के सुबह नौ से शाम पांच बजे तक की संचालन अवधि के शिक्षा विभाग के आदेश में तत्काल सुधार करने की घोषणा की। विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार को शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने स्कूलों के संचालन की अवधि सुबह नौ से शाम पांच बजे तक को बदलकर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किए जाने का मुद्दा उठाया। विपक्षी सदस्यों ने समय को अतार्किक बताते हुए आदेश जारी करने वाले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक को भी पद से हटाने की मांग की। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विपक्षी सदस्य सदन के बीच में आ गये और कहा कि के. के. पाठक मुख्यमंत्री के आदेश का भी पालन नहीं कर रहे हैं। हालांकि सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के अनुरोध पर वे अपनी सीटों पर फिर से बैठ गए।

## पीएफ मामले में ईडी ने बंगाल में कई जगहों पर की छापेमारी

**कोलकाता,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक जूट मिल के मालिक द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) के गबन के मामले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों ने कहा कि ईडी की कार्रवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल-न्यायाधीश पीठ के आदेश के बाद की जा रही है। मंगलवार सुबह से कोलकाता के सांकराइल में जूट मिल परिसर, दक्षिण कोलकाता के बालीगंज में जूट मिल मालिक के आवास और मध्य कोलकाता के डलहौजी में इकाई के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक साथ छापेमारी की जा रही है। इस विशेष मामले में भविष्य निधि गबन की कुल राशि 20 करोड़ रुपये है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एक वर्ग द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय में जूट मिल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें सेवानिवृत्ति का लाभ नहीं मिला, जबकि सेवा में रहने के दौरान उनकी अंशदायी राशि उनके वेतन से नियमित रूप से काटी जाती थी। आखिरकार, न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने ईडी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया।





# अब अपनी असीमित क्षमता का अनुभव कर रहा देश : धनखड़

- **राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मुक्त विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**
- **युवाओं से किया अत्याधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान**

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से अत्याधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि राष्ट्र के तेज विकास, पारदर्शिता और आर्थिक उन्नति के परिदृश्य से लाभ लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने मंगलवार को राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब देश अपनी असीमित क्षमता का अनुभव कर रहा है। भारत एक राष्ट्र के रूप में स्वयं को दृढ़ता से स्थापित कर चुका है। उन्होंने छात्रों से देश के विकास की इस अविश्वसनीय गति का लाभ उठाने, पारदर्शिता का उपयोग करने और आर्थिक उन्नति के परिदृश्य से लाभान्वित होने तथा अवसरों को व्यक्तिगत उत्कृष्टता में परिवर्तित करने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा कि असाधारण आधारभूत अवसंरचना विकास, व्यापक प्रौद्योगिकी युग में प्रवेश, डिजिटलीकरण की तीव्र गति और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के प्रति प्रतिबद्धता वास्तविकता बन चुके हैं। उन्होंने भारत की 'आर्थिक जीवन शक्ति' की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि समावेशी डिजिटल भुगतान प्रणाली से संचालित हमारा लचीला वित्तीय इकोसिस्टम एक वैश्विक मॉडल बन गया है। धनखड़ ने कहा कि देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी से लेकर अफ्रीकी संघ को जी-20 सदस्य के रूप में शामिल करने और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू करने तक, भारत, ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरा है। उपराष्ट्रपति ने छात्रों का आह्वान किया कि भारत 2047 के सच्चे सैनिक बनने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाए। उन्होंने कहा कि भारत की गतिशील स्टार्टअप संस्कृति ने विश्व का ध्यान आकृष्ट किया है।



## अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम के स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर राज्य के निवासियों को शुभकामनाएं दी है। धनखड़ ने मंगलवार को यहां जारी अलग-अलग संदेशों में दोनों राज्यों के लोगों की सुख, समृद्धि और प्रसन्नता की कामना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के 38 वें राज्य स्थापना दिवस पर क्षेत्र के लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं हैं। एक अन्य संदेश में धनखड़ ने मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिजोरम अपने समृद्ध इतिहास, विविधता पूर्ण संस्कृति, नयनाभिराम झीलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है।

## सार संक्षेप

### झारखंड में बस-ट्रक के बीच टक्कर में दो की मौत

**रांची।** झारखंड में रांची जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड के बड़ाम कवाली के पास एक बस और ट्रक के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि कल देर रात बड़ाम कवाली के पास बस और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में प्रसन्ना गिफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन-देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

### यौन उत्पीड़न के दोषी व्यक्ति को 12 साल की सजा

**अगरतला।** त्रिपुरा के गोमती जिले की जिला एवं सत्र अदालत ने मंगलवार को एक व्यक्ति को तीन साल पहले अपनी नाबालिग साली के अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी ठहराया तथा 12 साल कैद की सजा सुनाई। आरोपी ने अपनी साली का उस समय अपहरण किया जब वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थीं। उसने उनको चेन्नई लाकर एक किराए पर घर पर रखा और जबरन यौन उत्पीड़न किया। परिवारवालों को जब किशोरी के लापता होने की खबर लगी, तब महिला के पिता ने ककराबन थाने में अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए अपने दामाद राजीव के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### श्रीनगर हवाई अड्डे पर 12 से अधिक उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर 12 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने मंगलवार को कहा कि खराब मौसम के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि उड़ान रद्द होने के बारे में अपडेट बाद में साझा किया जाएगा।

## संदेशखाली पहुंचे शुभेंदु अधिकारी व वृंदा करात

**कोलकाता,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शुभेंदु अधिकारी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली पहुंचे जहां लोगों ने उनका फूलों से और शंखध्वनि कर स्वागत किया। न्यायालय की खंडपीठ ने न्यायमूर्ति कौशिक चंद्रा के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील के बाद एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें विपक्षी नेता को 'अशांत' संदेशखली जाने की अनुमति प्रदान की गई थी, बशर्ते वह मौजूदा निषेधात्मक आदेशों का पालन करेंगे। अधिकारी व माकपा नेता वृंदा करात को राज्य पुलिस ने तनावपूर्ण संदेशखली से लगभग तीन किमी दूर धामाखली में रोक दिया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के नए आदेश के बाद, पुलिस ने बैरिकेड हटा दिए और अधिकारी तथा माकपा नेता दोनों को स्पीड बोट पर नदी पार करके संदेशखली की ओर जाने की अनुमति प्रदान की। अधिकारी और भाजपा विधायक शंकर घोष के संदेशखली पहुंचते ही लोगों, विशेषकर महिलाओं ने शंख बजाया और उन पर फूल बरसाए। दीवारों पर पोस्टर भी लगाए गए थे जिसमें कथित अपराध के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख की गिरफ्तारी की मांग की गई है, जो कथित राशन घोटाले में ईडी के अधिकारियों और सीआरपीएफ जवानों पर कथित रूप से हमले की साजिश रचने के बाद पांच जनवरी से गिरफ्तारी से बच रहा है।



# मध्य प्रदेश में नई रणनीति बनाने में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कमलनाथ का मामला

- **लोस चुनाव व भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर हुई अहम बैठक**
- **मोहन यादव के गढ़ में रैली करेंगे राहुल गांधी**

थमने के बाद कांग्रेस अब नई रणनीति बनाने में जुट गई है। राजधानी भोपाल में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बाबा महाकाल की शरण में जाएगी। मध्य प्रदेश में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। राहुल गांधी उज्जैन में एक सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। उज्जैन से ही मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव आते हैं। यादव उज्जैन दक्षिण सीट से भाजपा के विधायक हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर हुई कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक के बाद जीतू पटवारी ने बताया कि पूर्व पीसीसी चीफ कमलनाथ समेत कांग्रेस के सभी बड़े नेता बैठक में शामिल हुए। कुछ विधायक भोपाल नहीं आ पाए तो वह वर्चुअली जुड़े। राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान किसानों से संवाद करेंगे। इसी बीच कमलनाथ को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, कमलनाथ ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में रहने का वक्तव्य दिया है। इसलिए अब भाजपा और मीडिया के पास कोई मसाला नहीं बचा है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बड़ी रणनीति बनी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो मार्च को राजस्थान के धौलपुर से मुरैना से एमपी में प्रवेश करेगी। फिर ग्वालियर, बामौर होते हुए घाटीगांव पहुंचेगी। 3 मार्च को घाटीगांव से मोहना, शिवपुरी, कोलारस होते हुए बदरवास के पास रात्रि विश्राम करेगी। 4 मार्च को बदरवास से शुरू होकर बमोरी, गुना, राघौगढ़, बीनागंज होते हुए ब्यावरा के आगे रात्रि विश्राम करेगी। 5 मार्च को ब्यावरा से शुरू होकर पचोर, सारंगपुर, शाजापुर और मक्सी होते हुए उज्जैन में रात्रि विश्राम होगा। 6 मार्च को उज्जैन से शुरू होकर बड़नगर, बदनावर रतलाम, सैलाना होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी। बैठक के बाद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा, छिंदवाड़ा के विधायकों की दुनिया अलग है। जब कमलनाथ अध्यक्ष थे, तब भी वे बैठकों में नहीं आते थे। कमलनाथ हमारे नेता हैं, वे कल भी कांग्रेस में थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। कमलनाथ को सीने में दर्द हुआ था, इसकी वजह से वे अपना कार्यक्रम कैंसिल कर दिल्ली पहुंचे थे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने यात्रा की तैयारी को लेकर बनाई गई समितियों के सदस्यों और रूट में आने वाले जिलों के वरिष्ठ नेताओं से वन-टू-वन चर्चा की। राहुल की प्रदेश में यात्रा के दौरान अग्निवीरों, पटवारी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों और किसानों के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।



**कमलनाथ ऑनलाइन जुड़े व भारत जोड़ो यात्रा में रहने का वक्तव्य दिया : जीतू पटवारी**

### किसान, युवा, बेरोजगार, आदिवासियों की उठाएंगे आवाज

कांग्रेस के एमपी प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा, राहुल गांधी की मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पूरी रूपरेखा तैयार हो गई है। मध्य प्रदेश में किसान, युवा, बेरोजगार, आदिवासियों की आवाज उठाएंगे। इन सभी के साथ राहुल गांधी संवाद करेंगे। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी आगामी चार मार्च को गुना पहुंचेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में काफी उत्साह है। न्याय यात्रा में बहुत बड़ी तादाद में लोग शामिल होंगे। न्याय यात्रा के लिए सभी एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। एमपी के गुना में राहुल गांधी का रोड शो भी आयोजित किया जाएगा।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में बढ़ोतरी करे सरकार : भाकपा-माले

**पटना,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने सरकार से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को 400 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपये मासिक करने की मांग की। भाकपा-माले सदस्य महबूब आलम ने मंगलवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से कहा कि 400 रुपए की मासिक पेंशन राशि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। साथ ही बढ़ती महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर 3000 रुपए मासिक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रहा है लेकिन इसके तहत दी जाने वाली मौजूदा राशि काफी कम है। मंत्री श्रवण कुमार ने ध्यानाकर्षण के जवाब में लाभार्थियों और दी जा रही पेंशन राशि का विवरण बताया और कहा कि एक करोड़ एक लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन मिल रही है। लाभार्थियों में 76 लाख 83000 को वृद्धावस्था पेंशन, 13 लाख 35000 को विधवा पेंशन और नौ लाख 82 हजार विशेष योग्यजनों को भी पेंशन मिल रही है। कुमार ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर सालाना 4951 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें से 1436 करोड़ 78 लाख रुपये केंद्र द्वारा प्रदान किए जाते हैं और शेष 3515 करोड़ रुपए राज्य का हिस्सा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में बढ़ोतरी का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस पर आलम ने कहा कि पेंशन की सबसे अधिक जरूरत श्रमिक वर्ग को होती है क्योंकि बुढ़ापे में उनकी स्थिति दयनीय हो जाती है। उन्होंने सरकार से मासिक पेंशन राशि बढ़ाने के लिए धन की व्यवस्था करने को कहा। मंत्री कुमार ने कहा कि सरकार मजदूरों के साथ-साथ वृद्धों को भी कई सुविधाएं दे रही है इसलिए पेंशन में बढ़ोतरी पर विचार नहीं किया जा रहा है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट भाकपा-माले सदस्य सदन के बीच में आ गए और कुछ मिनट तक अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाने के बाद अपनी सीटों पर फिर से बैठ गए।



**चार सौ रुपए की मासिक पेंशन राशि को बताया अपर्याप्त**

## विजयेंद्र ने की कर्नाटक सरकार की आलोचना

**बेंगलुरु,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने मंगलवार को केरल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र में एक मृत व्यक्ति के परिवार को 15 लाख रुपए का मुआवजा देने के राज्य सरकार के फैसले को राज्यभर में सूखे से जूझ रहे लोगों और आत्महत्या कर रहे किसानों के साथ एक भयावह विश्वासघात बताया। उन्होंने इसे राहुल गांधी का पक्ष लेने के लिए कर्नाटक के करदाताओं के धन का घोर दुरुपयोग भी करार दिया। राहुल गांधी का पक्ष लेने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा कर्नाटक करदाताओं के धन का घोर दुरुपयोग पूरी तरह से शर्मनाक है। राहुल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के एक मृत व्यक्ति को अवैध रूप से 15 लाख रुपये का राज्य कोष आवंटित करना एक भयावह विश्वासघात है। कर्नाटक में भयानक सूखे और सैकड़ों किसानों की आत्महत्या के बीच, कांग्रेस सरकार बेशर्मी से राज्य की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के बजाय राहुल गांधी को खुश करने को प्राथमिकता दे रही है।

# ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला कराया दर्ज

**रांची,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। ईडी ने समन की अवहेलना के आरोप में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की कोर्ट में कंप्लेन केस दर्ज कराया है। इस पर मंगलवार को प्रारंभिक सुनवाई भी हुई।

- **दस में आठ समन की अवहेलना का आरोप**
- **आरोपों की सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख मुकर्रर**

अदालत ने शिकायत वाद में लगाए गए आरोपों की सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। ईडी की ओर से दर्ज कराए गए केस में बताया गया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को दस समन भेजे गए थे, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर इडी ने उन्हें पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा था। इसके बाद 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर 2023, फिर 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी 2024 को समन भेजा गया था। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है।





सौगात | *मोदी ने जम्मू के एमए स्टेडियम में आयोजित रैली को किया संबोधित*

# 32 हजार करोड़ की 220 से अधिक परियोजनाओं की दी सौगात

■ सुरेश एस डुग्गर

**नई दिल्ली/जम्मू,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारी बारिश के बीच जम्मू के एमए स्टेडियम हजारों की तादाद में एकत्र हुए लोगों के समक्ष प्रदेश में 32 हजार करोड़ की 220 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण कर भाजपा को इस बार 370 सीटों पर जीताने की अपील भी की है।

उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर में कभी कभी बंद और हड़ताल का सन्नाटा रहता था। लेकिन अब रातों में चहल-पहल दिखाई देती है। वे कहते थे कि आज श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से बारामुल्ला के लिए ट्रेन चली है। वो दिन दूर नहीं जब देशवासी ट्रेन में बैठकर कश्मीर पहुंचेंगे। आज कश्मीर को पहली इल्ट्रिक ट्रेन मिली है। अब जम्मू कश्मीर को दो वंदे भारत ट्रेन की सुविधा दी गई है। जम्मू से नरेंद्र मोदी ने धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मोदी ने कहा कि प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद 370 की थी। इस दीवार को भाजपा की सरकार ने ढहा दिया है। पीएम ने जनता से आह्वान किया कि इस लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 370 सीटें दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दिजिए।





- **कश्मीर में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक वो दिन थे जब स्कूल जलाए जाते थे, एक आज के दिन आए हैं जब स्कूल सजाए जाते हैं। पहले गंभीर बीमारी के इलाज के लिए दिल्ली जाना पड़ता था। लेकिन अब जम्मू में ही एम्स बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार पर प्रहार करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर परिवारवाद का शिकार हुआ है। अब प्रदेश परिवाद के चंगुल से बाहर निकल रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को दशकों तक वंशवादी राजनीति का दंश झेलना पड़ा। मोदी ने कहा कि कभी बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव से जुड़ी खबरें जम्मू कश्मीर से आती थी। लेकिन अब जम्मू कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिसम्बर 2013 में जब मैंने यहां भाजपा की ललकार रैली में हिस्सा लिया था तो मैंने सवाल उठाया था कि जम्मू में आईआईटी और आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान क्यों नहीं बन सकते। हमने उन वादों को पूरा किया और आज जम्मू में आईआईटी और आईआईएम है। इसीलिए लोग मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी को समझते हैं। भीड़ को संबोधित करने से पहले उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन किया। वर्ष 2019 में इसकी आधारशिला भी नरेंद्र मोदी ने ही रखी थी। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और 'कामन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी।

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।



# द्वारका में लोग ले सकेंगे एक अलग ही जीवन का आनंद : वी.के. सक्सेना

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को द्वारका सबसिटी में करोड़ों रुपए की लागत से कराए गए कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में द्वारका में आयरलैंड फाउंटेन सेक्टर 1/7 और सेक्टर 2/6 के अलावा स्टॉर्म वॉटर चैनलों 2 और 5 के जीर्णोद्धार कार्य का भी उद्घाटन हुआ। यहां पर 12 फीट के कैस्केड टाइप हॉर्स फाउंटेन बनाए गए हैं। इस अवसर पर पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा और दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद भी मौजूद रहे। उधर, उद्घाटन के बाद उपराज्यपाल ने कहा कि द्वारका में लगातार विकास हो रहा है। यहां लोग एक अलग तरह की लाइफ का आनंद ले सकेंगे। यहां के ड्रेन में ट्रीटमेंट किया हुआ हाई क्वालिटी का पानी डाला जाएगा। वह ऐसा पानी होगा जो कंस्ट्रक्शन में भी यूज किया जा सकता है। अभी चार फाउंटेन का उद्घाटन हुआ है, 80 और बनाने का प्लान है। द्वारका में तेजी से विकास हुआ है। यशोभूमि से इंटरनेशनल पहचान बनी है। अलग-अलग राज्यों के भवन भी बन रहे हैं। भारत वंदना पार्क भी द्वारका की अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन पैचेज को डेवलप किया गया है। ड्रेन के साथ ग्रीनरी बनाई गई है। रेस्टोरेंट बनाए गए हैं जो जल्दी चालू हो जाएंगे। लोग यहां पर आकर एक अलग तरह के आनंद की अनुभूति लेंगे। नए तरीके से रहने की आदत पड़ने लगेगी। उपराज्यपाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए इस विकास कार्य की जमकर तारीफ की।



- उपराज्यपाल ने उपनगरी में करोड़ों की लागत से हुए विकास कार्यों का उद्घाटन
- राजधानी के द्वारका में तेजी से विकास हुआ है

## वाटर लॉगिंग की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि नए तरीके से ड्रेन की शुरुआत, एचटीसी की शुरुआत, साइकिल ट्रैक व पानी कार ट्रैक सब तैयार किए जा रहे हैं। जिससे द्वारका के लोगों को एक अलग अनुभूति तो होगी ही वाटर लॉगिंग की समस्या से भी जूझना नहीं पड़ेगा। पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा और साउथ दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि उपराज्यपाल के पास जो भी काम लेकर जाते हैं, वह तो पूरा होता ही है। जिस काम के बारे में हम लोग बताते भी नहीं है और उन्हें लगता है कि विकास के लिए वह काम जरूरी है वह भी पूरा हो रहा है। इसके लिए हम इनका धन्यवाद करते हैं।

# अभाविप नीत डूसू ने शुरू किया 'डूसू इन कैंपस' अभियान

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नेतृत्व वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के पदाधिकारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के छात्रों की समस्याओं को जानने तथा उनके समाधान की ओर ले जाने के लिए 'डूसू इन कैंपस' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत तीन समूहों में डूसू के पदाधिकारी हंसराज कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, रामजस कॉलेज, शिवाजी कॉलेज, राजधानी कॉलेज, लक्ष्मीबाई कॉलेज, श्री अरबिंदो कॉलेज, कॉलेज फॉर वोकेशनल स्टडीज आदि में जाकर छात्रों से मिलें और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास किया तथा कॉलेज परिसर की गतिविधियों और डूसू की वर्तमान योजनाओं से छात्रों को अवगत कराया। छात्रा-छात्रों से संवाद के बाद डूसू ने अलग-अलग कॉलेजों के प्राचार्यों को ज्ञापन देकर कॉलेज की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अभाविप दिल्ली के प्रान्त मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि डूसू इन कैंपस अभियान के माध्यम से छात्र अभाविप के नेतृत्व वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ को अपनी समस्या से कॉलेज परिसर में ही अवगत करा पायेंगे तथा तत्काल प्रभाव से समस्या समाधान भी करा पायेंगे। साथ ही कैंपस सक्रियता के बारे में भी डूसू के पदाधिकारी छात्रों को जानकारी देंगे। छात्रों को आ रही समस्याओं को जान पाने और उनका हल निकालने का प्रयास कर पाने का यह एक प्रभावी अभियान साबित होगा । साथ ही अधिक संख्या में छात्रों के बीच पहुंचना भी इस अभियान के माध्यम से संभव हो सकेगा।

# एकमुश्त समाधान योजना पर दिल्ली विधानसभा में आप का हंगामा

## दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के विधायकों ने दिल्ली विधानसभा में पानी के बिलों में सुधार के लिए एकमुश्त समाधान योजना को रोकने का भारी विरोध किया जिसके बाद अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। आप के सदस्य नियम 280 के तहत विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों के विशेष उल्लेख के बाद सदन में आसन के सामने आ गए और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नारे लगाए। विधायकों ने पार्टी पर योजना को रोकने के लिए अधिकारियों पर दबाव डालने का आरोप लगाया। उन्होंने उपराज्यपाल से योजना में बाधा डालने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने आप सदस्यों को शांत करने की कोशिश की और उन्हें अपनी सीट पर बैठने के लिए कहा। लेकिन जब विधायकों ने वापस जाने से इंकार कर दिया तो उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुयी तो आप विधायक फिर से आसन के सामने आ गए और नारे लगाने लगे।



गोयल ने दोबारा विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का अनुरोध किया लेकिन वे नारे लगाते रहे। आखिरकार अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सदन में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए उपराज्यपाल सक्सेना से आग्रह किया था कि वे अधिकारियों को योजना के कार्यान्वयन का निर्देश दें और यदि वे इंकार करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव और धमकी के कारण अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### एमवे इंडिया ने महिला सशक्तिकरण के लिए पहल परियोजना की लॉन्च

**नई दिल्ली।** सामुदायिक विकास के प्रति दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अपने नारी शक्ति प्रोजेक्ट के तहत 'पहल' की शुरुआत के साथ अपने एनजीओ पार्टनर, दीपालय के सहयोग से समाज के वंचित वर्ग के बीच महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया। प्रोजेक्ट नारी शक्ति के तहत यह एक ऐसी पहल है, जो महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस अवसर पर एमवे इंडिया के प्रमुख आज की गतिशील दुनिया में, महिलाएं परिवर्तन के शक्तिशाली एजेंट के रूप में खड़ी है।

### बृजरसिका पूनम दीदी को मातृ शोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्वी दिल्ली की झिलमिल कॉलोनी की मूल निवासी विश्व विख्यात भजन गायिका बृजरसिका पूनम दीदी की माता जी श्रीमति संतोष कवात्रा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है और दिल्ली भाजपा की ओर से शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।श्री श्याम कृपा मंडल, खारी बावली, दिल्ली के संरक्षक प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली का सम्पूर्ण श्याम जगत बृजरसिका पूनम दीदी के शोक में सम्मलित है और आज बृज मंडल के अनेक संत महात्मा, गोसाईं जन, भजन गायक, रसिकजन उनकी माता जी की अंत्येष्टि में गोवर्धन पहुंच कर सम्मलित हुऐ।

### पॉकेट एफएम ने लॉन्च किया पॉकेट नॉवेल

**नई दिल्ली।** पॉकेट एफएम ने भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन रीडिंग प्लेटफॉर्म बनने के मकसद से पॉकेट नॉवेल के लॉन्च की घोषणा की। इसके साथ ही वे भारतीय लेखकों की कम्युनिटी का एक स्वाभाविक ठिकाना बनाना चाहते हैं। उन्होंने 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है। मनोरंजन का एक मजबूत तंत्र तैयार करने के अपने नए संकल्प में, पॉकेट एफएम ने मनोरंजन की अपनी विभिन्न कैटेगरी तथा फॉर्मेट के अपने अलग-अलग पोर्टफोलियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्लेबुक के निर्माण व विकास की अपनी रणनीति पर भी जोर दिया है।

# दिल्ली के व्यापारी के हित के लिए सरकार ने कोई काम नही किया : प्रवीण शंकर

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की गत 100 वर्ष से अधिक से दिल्ली देश का सबसे बड़ा थोक वितरण केंद्र है। दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट और तुर्कमान गेट से सदर बाजार ईदगाह पहाडगंज तक फैली पुरानी दिल्ली में हर व्यपार की थोक मंडी स्थित है जहां के व्यापारियों की तीन पीढ़ियों ने दिल्ली को ना सिर्फ व्यपार का विश्व केंद्र बनाया है बल्कि जन सेवा में भी बड़े मकाम स्थापित किए हैं। देश में कहीं भी कोई बाढ़ या तूफान या भूकंप त्रासदी हो पुरानी दिल्ली के अनाज, कपड़ा, टैंट या अन्य व्यपारी संगठन सहयोग में सबसे आगे रहे हैं पर खेदपूर्ण है की गत 75 साल से सरकारें आती जाती हैं पर पुरानी दिल्ली के व्यपारिक स्वरूप को स्वीकार कर इसमे व्यपारिक नागरिक सुधार के लिए किसी भी सरकार ने काम नहीं किया। पहला कांग्रेस और आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने खरबों रुपये का राजस्व देने वाली पुरानी दिल्ली की मार्किटों को जानबूझकर अवैध बताया ताकि व्यापारियों से चुनाव के समय चंदे की लूट खसोट भी की जा सके। आज पूरी पुरानी दिल्ली की मंडियों में बिजली एवं इंटरनेट तारों का खतरनाक मकड़जाल है, पब्लिक टायलेट की भारी कमी है, जो हैं वह गंदे हैं और गलियाँ टूटी है तो स्ट्रीट लाइट की कमी चोरी की संभावनाएं बढ़ाती हैं।



- पिछली सरकारों ने पुरानी दिल्ली के बाजारों को जानबूझकर बताया गया अवैध
- व्यापारियों से चुनाव के समय चंदे की लूट खसोट करने का लगाया आरोप

ई-रिक्शा ने शहर में चलना दूभर कर दिया है तो व्यपारिक क्षेत्र में लोडिंग अनलोडिंग प्रतिबंध व्यपार विरोधी हैं। दिल्ली के थोक व्यपार केन्द्रों से आगे बढ़ अब दिल्ली के बड़े रिटेल बाजारों करोल बाग, कमला नगर, लाजपत नगर, दिल्ली कैंट, विकास मार्ग, कृष्णा नगर आदि में भी दुर्दशा बढ़ती जा रही है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दिल्ली का व्यपारियों में रोष व्याप्त है।



मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवेंत रेड्डी। फोटो इम्तियाज खान

# दिल्ली दरबार में दिखेगा संगीत व कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत मिलन




**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली घराना, एक उत्कृष्ट संगठन जो भारतीय संगीत की संगीत परंपराओं के संरक्षण के लिए कड़ी मेहनत करता है, 23 फरवरी से 25 फरवरी के बीच दिल्ली दरबार 2024 का आयोजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह महोत्सव भारतीय शास्त्रीय संगीत के पुनरुत्थान को दिखाने के लिए पूर्ण तौर से तत्पर है। दिल्ली दरबार संगीत समारोह, दिल्ली घराने के सुरसागर सोसाइटी के पदाधिकारियों सैयद रियाजुद्दीन चिश्ती संस्थापक और मुख्य संरक्षक, वुसत इकबाल खान महासचिव, और मोहम्मद इमरान खान कोषाध्यक्ष की देखरेख में आयोजित किया गया है। यह संगीत महोत्सव सैयद रियाजुद्दीन चिश्ती, आचार्य प्रशांत, इम्तियाज अली, रेखा भारद्वाज, शुभा मुद्गल, हंसराज हंस, उषा उथुप, बाबर मुदसेर, सवाई खान, रईस अनीस साबरी, उस्ताद वासिफुद्दीन डागर, विदुषी शोवना नारायण, पार्वती बाउल, आरजे नावेद, प्रह्लाद टिपान्या, उस्ताद असगर हुसैन, वुसत इकबाल खान, और पद्मप्रिया जानकीरमन, जैसे प्रतिभागियों की एक लंबी सूची के साथ दिल्ली दरबार 2024 आध्यात्मिकता और प्रेम के अभिसरण का अद्भुत मिलन है। यह विभिन्न धर्मों और विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के बीच सद्भाव, समझ और एकता को बढ़ावा देने के लिए भी काम करेगा।

# आईटीओ से शुरू होगा 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का दूसरा चरण

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। निरंकारी मिशन की ओर से चलाए जा रहे प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन 25 फरवरी से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में आईटीओ स्थित यमुना छठ घाट से होने जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। उन्होंने बताया कि बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था।



जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना उद्देश्य

# एनडीएमसी चेयरमैन ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के छात्रों को पुरस्कार बांटे

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने मंगलवार को पालिका परिषद सचिव, कृष्ण मोहन उप्पू की उपस्थिति में तालकटोरा क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में सभी 43 एनडीएमसी स्कूलों के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर, एनडीएमसी के अध्यक्ष यादव ने समर्पित एनडीएमसी शिक्षा विभाग की टीम की सराहना करते हुए विजेता छात्रों को 300 पदक और स्कूलों के लिए 60 ट्राफियां वितरित कीं। अपने संबोधन में, एनडीएमसी अध्यक्ष श्री यादव ने शीर्ष स्तर की खेल सुविधाएं प्रदान करने और विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों को नियुक्त करने के लिए एनडीएमसी की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक छात्र की प्रतिभा को पोषित करने, यह सुनिश्चित करने के लिए संगठन के समर्पण को रेखांकित किया कि वे विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में चमकें और राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेने में सक्षम हों। 06 फरवरी से शुरू हुई वाली एनडीएमसी वार्षिक स्कूल्स स्पोर्ट्स मीट 2024 ने न केवल खेल भावना का उत्सव मनाया बल्कि एनडीएमसी स्कूल समुदाय के भीतर समृद्ध सांस्कृतिक विविधता पर भी जोर डाला। इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना में छात्रों को एकजुट करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा दिया, जो एथलेटिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता दोनों को प्रोत्साहित करता है।



# हिमाचल को दो केंद्रीय विद्यालयों की सौगात : अनुराग ठाकुर

## मोदी ने 38 करोड़ की लागत से बने नए भवनों का का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में स्थित नादौन और स्लोह में 2 केंद्रीय विद्यालयों की सौगात दी है। लगभग 38 करोड़ की लागत से बने इन नए भवनों का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए ऐतिहासिक और बेहद लाभकारी बताया। ठाकुर ने दोनों विद्यालयों में पढ़ने वाले 500- 500 बच्चों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों को नए विद्यालय भवन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे हमीरपुर के विकास हेतु सदैव इसी प्रकार कार्यरत रहेंगे।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि अच्छी शिक्षा ही राष्ट्रनिर्माण की प्रथम सीढ़ी है। छात्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होती है। अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में छात्रों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मैं सदा ही प्रयासरत रहा हूँ और यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में दो केंद्रीय विद्यालय केवी नादौन व केवी सलोह का लोकार्पण किया है। केंद्रीय विद्यालय नादौन की शुरुआत 1996 में हुई थी पर इसे अपना भवन 28 वर्षों बाद मोदी सरकार ने दिया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 34 वर्षों बाद नई शिक्षा नीति लागू की है। इसमें स्थानीय भाषाओं, खेलकूद और स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान दिया गया है। आज पूरे देश में 10,000 से ज्यादा अटल टिंकरिंग लैब कार्यरत हैं। पहले देश में 350 मेडिकल कॉलेज थे, नरेंद्र मोदी ने 700 बना दिए। आज देश में 1100 विश्वविद्यालय हैं। हम नादौन से मात्र 1 घंटे की दूरी पर देहरा में भी 500 करोड़ की लागत से केंद्रीय विश्वविद्यालय बना रहे हैं।

### ममता राज में दबाई जा रही महिलाओं की आवाज : ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में घटने वाले मामले पूरे देश और मानवता को शर्मसार करने वाली है और ममता राज में यहाँ मीडिया और महिलाओं की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री के राज्य में महिलाओं के साथ बलात्कार और अत्याचार की वीभत्स कर देने वाली घटनाओं का सामने आना और उन पर कोई कारवाई ना होना बेहद चिंताजनक है। पश्चिम बंगाल में गुंडों और अपराधियों को पुलिस का संरक्षण है और पुलिस को मुख्यमंत्री और सरकार का संरक्षण है।

**PUBLIC NOTICE**

Pursuant be the Yatharth Wellness Hospital & Trauma Centre, According to Medical Records Maintenance Policy, the Hospital will dispose off records of patients treated from 01/01/2028 to 31/12/2018. The MLC (Medico Legal Case) Records and Deaths Records will be preserved. In any case, if patients need medical records in given time frame he/she may contact to MRD Incharge Mr. Ujjwal Yadav (9717529738), at Yatharth Hospitals from 9:00 am to 6:00 pm and can also contact on email id. mrdyatharthgn@gmail.com within 15 Days of publishing of this advertisement. Hospital authorities will not comply with any request thereafter as all records would have been destroyed.

MS
Yatharth Super Speciality Hospital
Omega-1, Greater Noida

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0–01, सैक्टर–के0पी0–4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला– गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organisation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या–4-P-402, 4th Floor, Sector -Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida, क्षेत्रफल 224.90 वर्ग मीटर, Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh S/o Late Shri Chuni Lal Vijh & Mrs. Asha Vijh W/o Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। मूल आंवटी Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh की मृत्यु दिनांक 30-11-2022 को हो जाने के उपरान्त उनके भाग को उनके पुत्र (Mr. Ajay Vijh S/o Late Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आंवटी Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh के स्थान पर उनके पुत्र Mr. Ajay Vijh S/o Late Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा। एवं सह आवंटी Mrs. Asha Vijh W/o Maj. (Retd.) Khushal Chand Vijh का नाम पूर्ववत रहेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार तथा प्राप्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व निवासियों की शिकायतों के आधार पर शहीद नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। जहां पर कई निवासियों द्वारा अपने घर के बाहर रैंप बढ़कर बनाए हुए थे तथा नालियों को भी कर किया हुआ था। स्वास्थ्य विभाग को अपने कार्य में परेशानी हो रही थी।

**आरपी सिंह, जोनल प्रभारी**

## प्राधिकरण के साथ किसानों की वार्ता विफल

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। 23 फरवरी को किसानों की दिल्ली कूच की तैयारी है। इसको लेकर नोएडा के अधिकांश किसान संगठन एक मंच पर आ गए है। किसान संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ये आंदोलन किया जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को किसानों को मनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डीएम और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अगुवाई में एक बैठक की गई। ये बैठक करीब दो से ढाई घंटे चली। लेकिन परिणाम नहीं निकला। किसानों ने कहा कि आपने हाईपावर कमेटी बनाने के लिए आपने समय मांगा था। हमने दिया। तक हाई पावर कमेटी नहीं बनी और न ही लिखित में आश्वासन दिया जा रहा है। ऐसे में दिल्ली कूच ही हमारे पास विकल्प बचा है। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन (मंच) ने आज 81 गांवों में जन जागरण अभियान चलाया। उन्होंने गांवों में जाकर अपना हम लेने की बात कही। और दिल्ली चलने के नारे को बुलंद किया।

- 23 फरवरी को दिल्ली कूच की तैयारी, गांवों में जन जागरण अभियान
- आरोप 23 जनवरी को 700 किसानों पर दर्ज किया गया मुकदमा



**किसानों के साथ हुई बैठक में इन मुद्दों को रखा गया, 23 फरवरी से पहले बनाओ कमेटी**

भारतीय किसान परिषद की आज प्राधिकरण सीईओ की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई, जिसमें एसीईओ, ओएसडी, तहसीलदार गौतम बुद्ध नगर डीएम साहब मौजूद रहे। किसानों ने सीईओ को बताया कि उनकी जमीन का अधिग्रहण 15 साल पहले 20 साल पहले हो चुका है। प्राधिकरण कब्जा ले चुका है। लेकिन आज तक भी उसके सापेक्ष मूल प्लॉट नहीं मिले हैं। कुछ किसान उच्चतम न्यायालय से 10 परसेंट के प्लॉट के केस जीत चुके हैं, उनको भी प्लॉट नहीं मिला है। आबादी पर आए दिन नोटिस आते हैं उनका समाधान नहीं हो पाया है।

जिन किसानों ने 100 प्रतिशत मुआवजा उठा लिया है। उसका 10 प्रतिशत जमा कराकर फाइल को आगे बढ़ाया जाए। 5 प्रतिशत के प्लाटों में कमर्शियल गतिविधि चलाई जाए। इन सब मुद्दों के लिए प्राधिकरण सीईओ ने माना की आप के काम होने चाहिए। किसान अड़े रहे कि इस प्रकार के आश्वासन हर बार मिलते हैं, समाधान होता नहीं है लिखित में चाहिए। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि 10 परसेंट प्लॉट का मुद्दा और आबादी का संपूर्ण निदान के लिए एक हाई पावर कमेटी आपको बनानी है। इस पर डीएम साहब ने कहा कि जल्द ही कमेटी गठित कर दी जाएगी और एनटीपीसी के समाधान के लिए कमेटी बन चुकी है, जल्दी ही आपकी दोनो मुद्दों प्राधिकरण व एनटीपीसी मामलों पर वार्ता कराकर समाधान किया जाएगा। इस पर किसानों ने कहा 23 फरवरी से पहले यह कमेटी बना दी जाएं किसानों के समाधान कर दिए जाएं। अन्यथा दिल्ली दूर नहीं है। अधिकारी किसानों को मनाने की कोशिश करते रहे, लेकिन किसानों ने साफ-साफ कह दिया जब तक समाधान नहीं तब तक हम पीछे हटने वाले नहीं है।

**23 जनवरी को दर्ज किसानों पर एफआईआर को वापस लिया जाए**

भारतीय किसान परिषद के लगभग 700 किसानों पर 23 जनवरी 2024 को फर्जी मुकदमे लगाए गए। जिसकी जानकारी किसानों को मिली भी नहीं। गुप्त रूप से एफआईआर दर्ज कराई गई। खलीफा ने कहा कि इस फर्जी एफआईआर से किसान डरने वाले नहीं है। हटने वाले नहीं है। यह एफआईआर केवल और केवल पुलिस की वादाखिलाफी दर्शाती है। धरना यथावत जारी रहेगा।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ज्ञान व्यापी के लिए होगी संतों की बैठक

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-63 स्थित नेक्सजेन एनर्जिया में आयोजित एक कार्यक्रम में मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास पहुंचे। उन्होंने कहा कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और वाराणसी में ज्ञान व्यापी के लिए जल्द सभी साधु-संतो के साथ बैठक कर आगे की रूपरेखा बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व देश व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार अच्छा काम कर रही है।



- महंत नृत्य गोपाल दास ने कही ये बात, वे नेक्सजेन एनर्जिया में आयोजित कार्यक्रम में हुए थे शामिल

नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन डॉ. पियूष कुमार द्विवेदी का कहना है कि यह उनका सौभाग्य है। वह कंपनी में आए और सभी कर्मियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। महंत का आशीर्वाद मिलना कंपनी के कर्मियों के लिए सौभाग्य है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अपराध मुक्त वातावरण मिलने की वजह उद्यमी किसी और प्रदेश में निवेश के बजाए उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहा है।

इस मौके पर नृत्य गोपाल दास के मीडिया प्रमुख शांतनु शुक्ला, आयुष द्विवेदी, सतेंद्र चौहान, प्रमोद चौहान, सुनील यादव, किशोर पांडा, डीडी तिवारी, अंकुर दुबे, विनोद पांडेय, रंजन तिवारी, निशांत तिवारी, सीए संजय गुप्ता, संजय दुबे, अंबिका प्रसाद भारद्वाज, प्रीती सिंह मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


### बुलंदशहर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**बुलंदशहर।** भारत सरकार की अमृत भारत [...] मण्डल के बुलंदशहर रेलवे स्टेशन का किया पुनर्निर्माण किया जाएगा। आगामी समय में जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन को रेल यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। भारतीय रेलवे के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। मुरादाबाद मण्डल में मण्डल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह के नेतृत्व में मण्डल का गति शक्ति यूनिट भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना पर मुरादाबाद मण्डल में स्टेशन के पुनर्निर्माण पर कार्य कर रहा है। मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) यशवंत सिंह के निर्देशन में बुलंदशहर स्टेशन पर जल्द ही रेल यात्रियों की सुविधाओं हेतु आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित का रेलवे स्टेशन का निर्माण पूर्ण किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण रूप से स्टेशन तक आसान पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट / एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है। 309 स्टेशनों की पहचान की गई है। बुलन्दशहर स्टेशन इस योजना के तहत चिन्हित स्टेशनों में से एक है।

### दवा बनाने पाली कंपनी लगी आग

**नोएडा।** नोएडा की दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। आग फैक्ट्री के ऊपरी हिस्से के टीन शेड में लगी। यहां एसी में शॉट सर्किट हुआ। जिससे टीन शेड के नीचे रखी दवा और पुरानी किताबो और ऑफिस की फाइलों में लग गई। आग तेजी से फैली। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। साथ ही गार्ड ने तत्काल फायर विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही पूरी फैक्ट्री में काम कर रहे लोग बाहर आ गए। दमकल की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-3 में चिस्टेनी हेलथ केयर प्राइवेट लिमिटेड है। यहां दवा बनाने का काम किया जाता है। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद एक एक करके दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर रवाना की गई। करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि फैक्ट्री में रखा मॉल जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग नीचें की ओर नहीं फैली। अन्यथा नुकसान ज्यादा होता।



### बुलेरो कार चढ़ाकर युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मामूली सी कहां सनी होने पर युवक के साथ मारपीट करने और उसके बाद उसे पर बोलेरो का चढ़कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि इस घटना में शामिल उसके साथी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि 18 फरवरी को थाना निवाड़ी पर धर्मवीर निवासी ग्राम सारा थाना निवाड़ी गाजियाबाद ने तहरीर दी थी कि जब मेरा भतीजा प्रदीप अपने दोस्तो के साथ घर आ रहा था तो अनमोल, आशीष व 05-06 अन्य लड़को ने प्रदीप को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की गयी तथा जान से मारने की नियत से मेरे भतीजे प्रदीप के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर मौके से भाग गए।

## संभव सुनवाई में नगर आयुक्त ने समस्याओं का कराया समाधान

**गाजियाबाद,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने मंगलवार को संभव के दौरान जनसुनवाई की। जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। संभव के दौरान 16 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश समस्याएं टैक्स विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। निर्माण विभाग से दो शिकायत, डुडा विभाग से एक शिकायत, स्वास्थ्य विभाग से चार शिकायत, प्रकाश विभाग से एक शिकायत टैक्स विभाग से पांच शिकायत जलकल विभाग से एक शिकायत तथा अतिक्रमण संबंधित दो संदर्भ प्राप्त हुए। प्राप्त समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई हेतु नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए, तथा मौके पर कार्रवाई कराई गई।

नगर आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को संभव के दौरान प्राप्त समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। साथ ही किसी भी विषय शिकायत की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखने के लिए भी हिदायत दी गई, संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, महाप्रबंधक जल, उद्यान प्रभारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, संपत्ति प्रभारी, प्रकाश प्रभारी, मुख्य अभियंता निर्माण व अन्य संबंधित टीम भी उपस्थित रही।



## नगर निगम ने साफ सफाई में बाधित रैम्प बुलडोजर चलकर तोड़े

**गाजियाबाद,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने मोहन नगर जोन के अंतर्गत शहीद नगर में सफाई कार्यों में बाधक बने रैम्प बुलडोजर चलाकर तोड़ दिए। साथ ही नालियों को साफ किया गया। साथ ही वहां रहने वाले निवासियों को अपील भी की गई कि वह किसी प्रकार का पक्का निर्माण नालियों पर न करें, मौके पर क्षेत्रीय निवासियों ने भी सहयोग करते हुए अभियान को सफल बनाया।

जोनल प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार तथा प्राप्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व निवासियों की शिकायतों के आधार पर शहीद नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। जहां पर कई निवासियों द्वारा अपने घर के बाहर रैंप बढ़कर बनाए हुए थे तथा नालियों को भी कर किया हुआ था। स्वास्थ्य विभाग को अपने कार्य में परेशानी हो रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई जेसीबी के माध्यम से रैंप को हटाया गया पड़ी हुई स्लिप को भी हटाया गया तथा नीचे नालियों को सुचारु किया गया जिससे समस्या का समाधान हुआ क्षेत्रीय निवासी द्वारा भी निगम का सहयोग किया गया।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में लगातार अवैध अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर चल रहा है जिसके क्रम में मोहन नगर जोन के अंतर्गत भी बड़ी कार्रवाई हुई है इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी जो नाले तथा नालियां दुकानदारों ने या रहवासियों ने घेर रखी है, तथा पक्का निर्माण किया हुआ है उनका स्वयं हटाने के लिए कहा गया है।

## नोएडा के 700 किसानों पर एफआईआर प्राधिकरण की थी तालाबंदी

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मांगों को लेकर किसानों ने 18 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण का ताला बंद किया था। इसमें हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए। गोपनीय तरीके से पुलिस ने करीब 46 नामजद और 700 अज्ञात किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 23 फरवरी को दिल्ली कूच की जानकारी मिलने के बाद अब ये एफआईआर सामने आई। पुलिस के इस रवैये से किसानों में आक्रोश है। किसानों ने सीईओ के साथ हुई बैठक में इस फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग की। ये एफआईआर प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1 के अवर अभियंता अरुण वर्मा ने कराई।

पुलिस एफआईआर में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा, राजेंद्र यादव, जय प्रकाश आर्या, प्रेम पाल चौहान, सोनू बादौली, सत्यवीर चौहान, चेतराम यादव, सुबोध यादव, उदल यादव, रामी यादव, सोनू पहलवान समेत 46 नामजद और करीब 700 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। किसानों पर धारा 147,148, 152,307, 332,353, 323, 504, 506, 427, 153ए, 34, 120बी, 7, 3, 4 लगाई गई है। 23 जनवरी को किसानों ने नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी की। एफआईआर के मुताबिक नामजद किसानों के अलावा करीब 700 लोग जिसमें पुरुष , महिलाएं, छोटे बच्चे की भीड़ नोएडा प्राधिकरण के बाहर एकत्रित होकर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। और बोल रहे थे हम नोएडा प्राधिकरण के अंदर घुसेंगे और प्राधिकरण पर ताला लगाकर कब्जा करेंगे। इस मौके पर प्राधिकरण के अधिकारियों और पुलिस ने इन लोगों से शांती बनाए रखने की अपील करते हुए वार्ता करने को कहा गया। इसके बाद भी इन लोगों के द्वारा विधि विरुद्ध जमाव कर सभी ने एक स्वर में उत्तेजित होते हुए कहा कि कोई वार्ता नहीं होगी। आज हम आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। जो भी हमारे बीच आएगा उसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। नोएडा प्राधिकरण के आसपास कैली, टपरी, चाय की डुका आदि लगाकर फैक्ट्रियों में काम कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले गरीब लागों को भी इनके द्वारा प्राधिकरण के आसपास न आने को कहते हुए मारपीट कर भागने को कहा। इतना कहकर सुखवीर खलीफा, महेंद्र व जयवीर प्रधान आदि कई लोग नोएडा विकास प्राधिकरण के गेट नंबर -4 पर लगे बैरियर पर चढ़ गए। गेट पर ताला लगाने की कोशिश करते हुए हाय हल्ला करने लगे और बैरियर टूटने के कारण लोग नीचे गिर गए। इनके द्वारा गेट पर लगे राष्ट्र ध्वज का अपमान किया गया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल ने इन लोगों को रोकने का प्रयास किया जो इन लोगों ने एक राय होकर योजना बद्ध तरीके से गेट की सुरक्षा में लगे बैरियर व रस्सियों को तोड़कर पुलिस बल को जान से मारने की पुलिस बल अपने साथ लाई गई जंजीरों से हमला कर दिया। साथ ही मारपीट करते हुए उप निरीक्षक प्रदीप द्वावेदी, हैड कांस्टेबल प्रभात सिंह देखकर कहा कि पहले इन्हे मारो। इतना कहते हुए उक्त भीड़ में से कुछ लोगो ने जान से मारने की नियत से दोनों के गले दबाकर नीचे गिरा दिया। बड़ी मुश्किल से इन्हें बचाया गया।

## गाजियाबाद में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, रूसी महिला समेत आठ गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। शालीमार गार्डन पुलिस ने छापा मारकर मंगलवार को एक सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से एक रूसी महिला समेत तीन महिलाओं व चार पुरुषों को गिरफ्तार किया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में छापा मारा और वहां पर तीन महिलाओं समेत 4 पुरूष आपत्तिजनक हालत में पाए गए। पुलिस ने मौके पर सबको गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ये महिलाएं शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में देह व्यापार करके लोगों से पैसे एंठने का काम करती थी। रूसी महिला से पुलिस व खुफिया विभाग के लोग लगातार पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने उसके पासपोर्ट व अन्य कागजातों की जांच की तो उसकाआ एक्सपायर पाया गया। पुलिस का कहना है कि रूसी महिला साल 2019 में भारत आई थी। जो भारत में रहकर देह व्यापार करती थी।

- वीजा एक्सपायर होने के बाद भी भारत में रह रही थी रूसी महिला



## 23 से शुरू होगा नोएडा का फ्लावर शो

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में तीन दिन का फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। यहां करीब 4 हजार प्रजातियों के फूल रखे जाएंगे। यह फ्लावर शो 23 से 25 फरवरी तक चलेगा। फ्लावर शो का उद्घाटन नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम करेंगे। जानकारी के अनुसार, फ्लावर शो में एक सौ से अधिक स्टाल लगेंगे, जिसमें पौधे, फ्लावर पाटस व कैक्टस, बोनसाई, हैंगिंग गार्डन, वर्टिकल गार्डन सहित अन्य पौधे प्रदर्शित किए जाएंगे। शहर की हवा को शुद्ध करने के लिए शहरी इनडोर व आउटडोर 4000 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इनमें से ऐसे कई पौधे होंगे जो कि लोग अपनी किचन, बालकनी, कॉरिडोर और घरों की छतों पर आसानी से लगा सकते हैं। इस फ्लावर शो का मुख्य मकसद नोएडा में हरियाली को और अधिक बढ़ाने और शहर वासियों को घर में ही शुद्ध हवा देना है। कार्यक्रम के दौरान कई संस्थाओं को आयोजन में शरीक होने का आमंत्रण पत्र दिया जाता है। इनमें कई सरकारी एजेंसियां अपने-अपने पौधों को प्रदर्शित करती हैं। इनमें से कुछ एजेंसियों को पुरस्कृत भी किया जाता है। स्कूली बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम भी होता है और उनको भी प्राधिकरण की ओर से पुरस्कार दिया जाता है। पूरे आयोजन के दौरान दूर-दूर से लोग पौधों की प्रदर्शनी देखने के लिए आते हैं। इसमें आकर्षण का केंद्र बोनसाई पौधा होता है। इसकी कई प्रकार की किस्मों का प्रदर्शन होता है। इसके अलावा रंगबिरंगे फूलों से पूरा स्टेडियम पटा होता है।

- 4 हजार से ज्यादा प्रजातियों को किया जाएगा शामिल

## बजाज हिन्दुस्तान शुगर व एवरएनवायरो ने कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन के लिए हुआ समझौता

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। बजाज हिन्दुस्तान शुगर लिमिटेड (बजाज शुगर) और एवरएनवायरो प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) संयंत्र स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। बजाज हिन्दुस्तान शुगर वर्तमान में अपनी 14 चीनी मिलों से लगभग 500,000 मीट्रिक टन वार्षिक प्रेस-मड का उत्पादन करता है, जो की संभावित रूप से प्रति दिन 70 मीट्रिक की कुल क्षमता के साथ सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में मदद कर सकता है।

बजाज शुगर एशिया में सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है और साथ ही वैश्विक स्तर पर इसकी पेराई क्षमता सबसे बड़ी मिलों में से एक है। बजाज समूह के अध्यक्ष, कुशाग्र बजाज के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजाज समूह 90 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है और राष्ट्र निर्माण के कार्यों मे हमेशा अग्रणी रहा है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य के अनुरूप सीबीजी संयंत्रों की स्थापना और कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। सीबीजी विभिन्न अपशिष्ट धाराओं से प्राप्त होने वाला एक अधिक पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है। एवरएनवायरो आज की तारीख में भारत का सबसे बड़ा सीबीजी प्लेयर है, जो म्युनिसिपल ऑर्गेनिक वेस्ट, धान के खेतों से कृषि अपशिष्ट और गन्ने की पेराई से निकले अवशेष अपशिष्ट पर आधारित परियोजनाओं पर एमपी, यूपी, दिल्ली और पंजाब में पहले से ही काम कर रहा है। एवरएनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और सीईओ महेश गिरधर ने बताया कि बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी टिकाउ ऊर्जा समाधान की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस गठबंधन के माध्यम से, एवरएनवायरो पूरे उत्तर प्रदेश में सीबीजी परियोजनाओं को विकसित करने, संचालित करने और बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। बजाज शुगर की चीनी मिलों से प्रेस-मड की निरंतर आपूर्ति से हमारे संयंत्रों की सीबीजी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



## राज्यपाल ने सरस आजीविका मेले का किया भ्रमण

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला-2024 में पांचवें दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भ्रमण किया। मेले में विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों पर पहुंचकर राज्यपाल ने दीदियों की हस्तशिल्प कला को परखा और उनकी सराहना की। राज्यपाल पटेल ने विभिन्न समूह की दीदियों के साथ वार्ता कर उनके कारोबार की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने इस आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के प्रयासों की सराहना की। दीदियों को दिए संदेश में राज्यपाल ने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार का प्रयास है कि देश की सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। इसी कड़ी में सरस आजीविका मेलों का आयोजन देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। चूंकि यह मेला उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित हो रहा है, तो इस अवसर पर मैं देशभर के सभी राज्यों से आयी अपनी सभी बहनों का यहां नोएडा हाट में स्वागत करती हूं। उन्होंने सभी दीदियों में अपना स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का जोश भर दिया। मेले में दूरदराज से आयी सभी दीदियों ने सम्बोधन के बीच तालियों की गड़गड़ाहट के साथ राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि आज वह समय है कि हमारी कोई भी बहन और कोई भी बेटी खाली न बैठे। सभी के पास अपना खुद का रोजगार हो।

- सरस मेले में दीदियों से रूबरू हुईं



इस अवसर वह समूह की 10 दीदियों से रूबरू हुईं। जिनमें 3 दीदी रुमीना अहाद, अमरजीत कौर और चंदू देवी फूड कोर्ट से तथा भावना, रेनू तिरके, गीता, प्रणिता, लिमा गोगोई, आयेशा और नेहा सिंह शामिल रहीं। इस अवसर पर यहां स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एडीएम प्रशासन नितिन मदान तथा एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया के सहित जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीएसटी नुकसान में 7 आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क

**नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। तीन हजार से अधिक फर्जी फर्म तैयार कर करीब 15 हजार करोड़ रुपए की जीएसटी का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के सात आरोपियों की चल और अचल संपत्ति को नोएडा पुलिस कुर्क करेगी। इसके लिए कोर्ट की तरफ से कुर्की वारंट जारी किया गया है। इन आरोपियों के 21 संपत्तियों को पुलिस कुर्क करेगी। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस कोर्ट के आदेश के बाद तैयारी में जुट गई है। जिन आरोपियों की संपत्ति को कुर्क किया जाएगा उनमें आदर्श नगर दिल्ली निवासी अंचित गोयल, इसके पिता प्रदीप गोयल, रोहिणी दिल्ली निवासी अर्जित गोयल, हिसार हरियाणा निवासी कुनाल मेहता उर्फ गोल्डी, हिसार निवासी बलदेव उर्फ बल्ली, मुबारकपुर दिल्ली निवासी विकास डबास और रोहिणी निवासी रोहित नागपाल शामिल हैं। पूर्व में आरोपियों के घर पर नोटिस चस्पा किया गया था। इसके बाद भी वह अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए।

**3 हजार से ज्यादा फर्जी फर्म की थी तैयार, नोटिस के बाद अदालत में नहीं हुए हाजिर**

पुलिस लगातार आरोपियों को खोज रही है, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इस मामले में अब तक 29 आरोपियों की गिरफ्तारी देश के अलग-अलग हिस्से से हुई है। नोएडा पुलिस नौ आरोपियों पर 25- 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर चुकी है।

अभी भी कई आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने बीते साल जून में करीब 3 हजार से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक के फर्जीवाड़े का खुलासा किया था।

**उवाच**

गौतम बुद्ध नगर में सरकार ने जमीनों की लूट मचा रखी है करार के तहत उन्हें दिया जाने वाला प्लाट भी नहीं दिया है जिससे किसानों में भारी आक्रोश है किसान 10 फीसदी आबादी प्लाट लेकर रहेंगे। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा प्राधिकरण स्तर के मुद्दों पर जिसमें आबादी निस्तारण भूमिहीनों की दुकानों का आवंटन प्लाटों की पात्रता रोजगार के मुद्दे पर प्राधिकरण तेज कार्रवाई करें लटकाने और अटकाने से काम नहीं चलेगा प्राधिकरण को यहां पर कार्य करना है तो किसानों के हकों को देना होगा। **वीर सिंह नागर, किसान सभा संयोजक**

# कैपिटल ज़ोन

# किसानों ने दिल्ली कूच करने के लिए भरी हुंकार

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर लगातार 22 दिनों से धरना दे रहे किसानों ने 23 फरवरी को दिल्ली कूच करने हुंकार भरी। किसानों ने प्राधिकरण और प्रशासन पर वादाखिलाफी का

**■ ग्रेनो प्राधिकरण पर 22 दिनों से किसानों का लगातार धरना जारी**

आरोप लगाते हुए समय सीमा बीत जाने के बाद भी शासन स्तर पर हाई पावर कमेटी का गठन नहीं किया गया। किसान सभा के नेतृत्व में किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर 22 दिनों से लगातार धरना दे रहे हैं। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता संजय ईमालिया ने की संचालन जगबीर नंबरदार ने किया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने नारा दिया



कि 10 फीसदी भूखंड नहीं तो वोट नहीं, जिले में चुने गए प्रतिनिधियों को किसानों के 10 फीसदी आबादी प्लाट को लेकर कोई चिंता नहीं है, किसान सभा ने फैसला किया है कि 10 फीसदी के मुद्दे को चुनाव का मुद्दा बनाएंगे और चुनाव से पहले प्लाट नहीं मिला तो तो आम चुनाव में सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधि को हारने की कोशिश की जाएगी। विधानसभा के जिला सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि 23 फरवरी को किसान दिल्ली कूच कर अपने 10 फीसदी आबादी प्लाट की आवाज को बुलंद करेंगे। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर में सरकार ने जमीनों की लूट मचा रखी है करार के तहत उन्हें दिया जाने वाला प्लाट भी नहीं दिया है जिससे किसानों में भारी आक्रोश है किसान 10 फीसदी आबादी प्लाट लेकर रहेंगे। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा प्राधिकरण स्तर के मुद्दों पर जिसमें आबादी निस्तारण भूमिहीनों की दुकानों का आवंटन प्लाटों की पात्रता रोजगार के मुद्दे पर प्राधिकरण तेज कार्रवाई करें लटकाने और अटकाने से काम नहीं चलेगा प्राधिकरण को यहां पर कार्य करना है तो किसानों के हकों को देना होगा। धरने के दौरान बिजेंद्र सिंह, अजय चौधरी, दुष्यंत सैन, प्रशांत भाटी, मोहित नागर, मोहित भाटी, जोगेंद्री देवी ,तिलक देवी, यतेंद्र मैनेजर, रीना देवी, कमलेश देवी, पूनम देवी, सुरेश यादव, विजय यादव, रंगीलाल भाटी, विनोद सरपंच, सतपाल खारी, पप्पू ठेकेदार, सुरेंद्र भाटी, मनवीर भाटी खानपुर आदि मौजूद थे।

# छात्रों ने ग्रामीणों को जागरूक व विभिन्न मुद्दों पर किया सर्वे

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के बीएससी व एमएससी के छात्र छात्राओं ने दनकौर के गांव खेरली हाफिजपुर में जाकर ग्रामीणों से संवाद और विभिन्न विषयों पर कुछ सर्वे भी किया। कम्युनिटी कनेक्ट नामक इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने ग्रामीणों से कई विषयों जैसे स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, टीकाकरण, टेक्नोलॉजी के प्रभाव, महिलाओं की समस्याओं से सम्बन्धित सवाल व कुछ सुझाव व अनुभव साझा किए। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा छाया ने बताया कि नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरा पर्यावरण संरक्षण में बड़ी बाधा है। जिसके विकल्पों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, उदाहरण के लिए महिलाओं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सेनेटरी पैड्स में सिंथेटिक फाइबर्स का इस्तेमाल होता है जिससे उनका क्षरण आसानी से नहीं हो पाता। गांव की महिलाओं से संवाद में छाया ने



उन्हें प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से बायोडिग्रेडेबल पैड्स खरीदने की सलाह दी जो कि एक रुपए में एक मिल जाता है। इस प्रकार यह आर्थिक और पर्यावरण दोनों की दृष्टि से उपयुक्त है। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मृदुला के नेतृत्व में गई विद्यार्थियों की विभिन्न टीमों के लिए यह अनुभव बहुत ही कारगर रहा। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम अग्रवाल ने बताया कि कुछ छात्र छात्राओं ने डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. ऋचा तोमर व उनके स्वयं के मार्गदर्शन में दिल्ली एनसीआर में पढ़ रहे विभिन्न अफ्रीकन छात्रों के बीच भी कुछ सर्वे आधारित प्रोजेक्ट्स किए।

# व्याख्यान में कानूनी पेशे में नीति और नैतिकता के महत्व पर डाला गया प्रकाश




**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। ईशान इंस्टीट्यूट आफ लॉ में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष कमिश्नर (दिल्ली) रामप्रसाद मीना और एनसीआरटीसी के अधिकारी कर्नल जगदीश प्रसाद मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के शुरूआत में प्राचार्य डॉ. एम खेरूवाला ने विस्तार से अतिथियों के बारे में अगवगत कराया। अतिथि व्याख्यान व्याख्यान में उन्होंने विस्तार से कानूनी स्थिति और कानूनी पेशे में नीति और नैतिकता के महत्व और समावेश पर गंभीरता से प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ उन्होंने प्रशासनिक सेवा में कानून के प्रयोग पर भी प्रकाश डाला। अतिथियों ने मेहनत से अर्जित किए अनुभव को छात्रों से साझा किया। उन्होंने छात्र जीवन में मेहनत और समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्तालाप कर छात्रों के सवाल का भी जबाब दिया। सीईओ तुषार आर्या और अमन आर्या द्वारा दोनों मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं हर्बल पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर अनु और शेफाली जेन ने किया। इस अवसर पर ईशान शैक्षणिक संस्थान के सीईओ तुषार आर्या, डीन एम.के. वर्मा, प्राचार्य डॉ. एम खेरुवाला सहित सभी सहायक प्रोफेसर उपस्थित थे।

# अभद्रता के आरोप में चौकी प्रभारी दरोगा लाइन हाजिर

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। जनप्रतिनिधि की सिफारिश लेकर आए सिफारिशी से अभद्रता करने के आरोपी डी पार्क चौकी प्रभारी दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। लाइन हाजिर करने के कारणों में यह भी कहा गया है कि आरोपी दरोगा का व्यवहार जनता के साथ शालीन नहीं है। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के अंतर्गत डी पार्क चौकी आती है। यहां क्षेत्र के गांव में हुए झगड़े में पुलिस दोनों पक्षों को उठाकर ले आई थी। बताया गया है कि दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया और इसे लिखित में एक दूसरे को दिया गया। इसके बाद भी डी पार्क चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने इसे मानने से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर एक पक्ष जनप्रतिनिधि के पास चला गया। जनप्रतिनधि की सिफारिश लेकर पक्ष चौकी पहुंचा तो दरोगा सुनील कुमार भड़क गए और संबंधित पक्ष को हलावाल में कर दिया। इस बात की जानकारी संबंधित पक्ष के अन्य लोग और जनप्रतिनिधि को हुई तो बात बढ़ गई। बड़े अधिकारियों तक मामला पहुंचा। इसके बाद दरोगा सुनील कुमार के खिलाफ लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में आरटीओ चालान के वादों के निस्तारण को लेकर हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ ने निर्देश पर न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सेना के दिशा-निर्देशन में तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में आरटीओ के साथ बैठक



का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में आरटीओ चालानों को अधिक से अधिक से चिन्हित करने तथा चिन्हित मामलों में पक्षकारों को नोटिस आदि भिजवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, इसके साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैनर, पोस्टर, स्टीकर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के लिए भी आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय व एआरटीओ विपिन चौधरी व अन्य अधिकारीगण शामिल हुए।

# जीबीसी में विनायक ग्रुप ने धरातल पर उतारा 500 करोड़ रूपए का निवेश

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ग्रेटर नोएडा के बिल्डर श्री विनायक ग्रुप ने 500 करोड़ रूपए के निवेश को धरातल पर उतारा। ग्रुप ने शासन के साथ निवेश को लेकर नए एमओयू पर हस्ताक्षर किया। श्री विनायक ग्रुप अब तक शासन के साथ एक हजार करोड़ के निवेश को लेकर एमओयू कर चुका है। श्री विनायक ग्रुप के मुख्य प्रबंध निदेशक अंकुर मित्तल ने बताया कि 500 करोड़ रूपए के निवेश को धरातल पर उतार दिया है। जल्द ही 500 करोड़ और का निवेश और धरातल पर आ जाएगा। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की पारदर्शी और अपराध मुक्त माहौल के कारण प्रदेश में लाखों करोड़ रूपए का निवेश धरातल पर उतर रहा है। ईज आफ डुइंग ने निवेश को लेकर उद्यमियों को काफी सहूलियत दी है।




सेरमेनी में 500 करोड़ रूपए के निवेश को धरातल पर उतारा है। ग्रुप द्वारा कामर्शियल, ग्रुप हाउसिंग समेत विभिन्न क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। श्री विनायक ग्रुप की दिल्ली एनसीआर में निर्धारित समय पर प्रोजेक्ट को पूरा करने की एक पहचान बन चुकी है। ग्रुप की तरफ से काफी युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश हुए गिरफ्तार, दर्जन भर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। बिसरख थाने की पुलिस ने एक मूर्ति गोलचक्कर से सोमवार की रात को पुलिस मुठभेड़ में पकड़े दोनों बदमाशों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। यहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान दोनों के परिवार वालों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि दोनों को अवैध तरीके से उठाया गया है। एक बदमाश शुहेब पर 21 और दूसरे बदमाश वसीम पर 15 मुकदमें दर्ज हैं। सोमवार की रात को पुलिस ने एक मूर्ति गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। यहां दोनों बदमाश बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। रुकने का इशारा करने पर भी वह नहीं रुके थे। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की जबाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें बदमाशों के पैर में गोली लगी वह घायल हो गए।

जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश बिसरख के गांव शाहबेरी निवासी शुहेब उर्फ सैम उर्फ ताडा पर गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में 21 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें लूट, जानलेवा हमले और आर्म्स एक्ट के मुकदमे शामिल हैं। दूसरे बदमाश शाहबेरी निवासी वसीम पर भी 15 मुकदमे दर्ज हैं। यह मूल रूप से गाजियाबाद के थाना खोड़ा की खोड़ा कॉलोनी का रहने वाला है। मंगलवार को दोनों बदमाशों को अदालत में पेश किया गया। यहां परिसर में शुहेब और वसीम के परिवार वाले भी पहुंच गए। शुहेब के परिवार से आए सरफराज ने बताया कि शुहेब जिम गया था। उसे वहां से उठाया है। जबकि वसीम को उसके घर से उठाया है। पुलिस ने जिम के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी कब्जे में ले ली है। शुहेब की मां हमीदा ने आरोप लगाया कि कुछ पुलिस कर्मियों ने उनसे पैसों की भी मांग की।

# कॉलोनी की तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित शाहबेरी के एक कॉलोनी में रहने वाले युवक की तीसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि युवक ने तनाव के चलते कूदकर आत्महत्या की है।

पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हाइट्स वृंदावन गार्डन कॉलोनी में (37 वर्षीय) फरहाद हसन परिवार के साथ रहता था। वह गुरुग्राम में बिजनेस एनालिसिस का कार्य करता था। पुलिस के मुताबिक फरहाद हसन सोमवार की रात फ्लैट की तीसरी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गया। गंभीर स्थिति में परिजन व पड़ोसी उसे उपचार के लिए वृंदावन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिसरख कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि फरहाद की मां का कुछ समय पूर्व निधन हुआ था। जबकि उसके पिता कैंसर से पीड़ित है। इस कारण वह पिछले काफी समय से

**■ पुलिस तनाव सहित विभिन्न पहलुओं पर कर रही है जांच**

डिप्रेशन में चल रहा था। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि उसने तनाव के चलते आत्महत्या की है। वहीं सोसायटी के लोग फरहाद के इस कदम को लेकर अचंभे में है। पड़ोसियों का कहना है कि फरहाद काफी मिलनसार और खुश मिजाज था, लेकिन पिछले कुछ समय से वह मानसिक रूप से तनाव में दिख रहा था। पुलिस का कहना है कि सुसाइड का सही कारण पता नहीं सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## नाम परिवर्तन

अंजली सिंह पत्नी राकेश सिंह पता प्लॉट नं. 219, एफएफ-1 सेक्टर-11 वसुंधरा, पोस्ट वसुंधरा, गाजियाबाद, उप्र। मैंने अपना नाम अंजली परमहंस सिंह से बदलकर अंजली सिंह करवाया है। अत: अब से मुझे अंजली सिंह नाम से जाना जाए।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वार्षिकोत्सव में अपनी प्रस्तुति से किया मुग्ध




**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। वेदम प्ले स्कूल की सालाना कार्यक्रम 'उत्सव 2024' बड़े जोश और उत्साह से मनाया गया। वेदम के दोनों ब्रांच सैक्टर ईटा एवं सेक्टर एल्फा-दो के बच्चे इस कार्यक्रम में ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनोरंजक डांस, स्किट, नाटक और कई प्रोग्राम प्रस्तुत किए। बच्चों का उत्साह और सहजता देख कर ये कहना मुश्किल नहीं के इन्हें अपने स्कूल और टीचर्स से अभी से कितना प्यार है। ये वेदम के उत्सव का छठां संस्करण था। कार्यक्रम का चार सौ से भी ज्यादा दर्शाकों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम का आयोजन एक शानदार आडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका जैन ने कहा के छोटे बच्चों की पढ़ाई, जीवन के मूल मंत्र देने और बौद्धिक विकास के लिए स्कूल हमेशा से खास ध्यान देता रहा है और ये प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

# जिम्स ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग गांव ढाडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य कैंप एवं एचआईवी जॉच शिविर लगाया गया। कैंप का संचालन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. दीपशिखा एवं ढाडा पीएचसी इंचार्ज डॉ. नारायण सिंह द्वारा किया गया। कैंप में 100 से अधिक लोगों की आंखों, दांतों, शुगर, रक्तचाप की जांच के साथ एचआईवी



की गई। संदिग्ध मरीजों को अस्पताल में विस्तृत जांच कराए जाने की सलाह दी। कैंप में आईसीटीसी केंद्र के काउंसलर नवनीत, जिम्स के इंटर्न छात्रों एवं नर्सिंग स्टाफ के साथ ही ढाडा पीएचसी के स्टाफ का भी सहयोग रहा।

# मतदाताओं को जागरुक करने के साथ दिया नि:शुल्क विधिक सहायता

**ग्रेटर नोएडा,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान, नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन गांव जगनपुर में किया गया। इस अनुक्रम में नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा गांव में घर घर जाकर प्रत्येक परिवारों के मुखिया और सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकृत होने की वैधानिक प्रक्रिया से अवगत कराया। ग्रामीणों को मतदान के लाभ और हानि से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को मतदान के माध्यम से राजनैतिक सहभागिता और




राजनैतिक तंत्र की व्यवस्था से परिचित कराया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा आगामी समस्त चुनावों चाहे वो पंचायत स्तर हो, विधान सभा अथवा लोक सभा चुनाव हो सभी में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र के संयोजक डॉ. सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीन विधि विभाग डॉ. के.के. दिवेदी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रमा शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी एवं कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने विभाग को शुभकामनाएं दिया तथा भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमो के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के तरफ से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन सहसंयोजक डॉ. अनीता यादव ने किया। इस अवसर पर छात्र विकास, आयुष, पल्लवी, सुजाता, निकिता, कृतिका, आशय, अंश, उत्कर्ष, शौर्य, गजानंद, शेखर, निष्ठा, रीतिका, शिवांश, आशुतोष, शिवानंद, शिवम, प्रियांशी, अभिषेक आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 944 / एस0टी0-एस0डी0एम0 / 2023 दिनांक 06.10.2023 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 रमेश देवी पत्नी स्व0 श्री पूरन सिंह व पूरन सिंह पुत्र मोहर सिंह नि0 ग्राम धनौरी तहसील व गौतमबुद्वनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 10.12.2014, 09,05,2004 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 307 | 1232 | स्व0 रमेश देवी पत्नी स्व0 श्री पूरन सिंह व पूरन सिंह पुत्र मोहर सिंह नि0 धनौरी तहसील व गौतमबुद्वनगर | श्री प्रेमपाल सिह | 68 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री लालचन्द | 67 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री जयभगवान | 58 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती माया देवी | 55 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथमतल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308 जिला गौतमबुद्व नगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-105, पॉकेट-आर, सैक्टर-20, क्षेत्रफल-500 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-वाई.ई.ए.-002207, के सह-आवंटी Late Smt. Madhu Yadav W/o Dr. Gore Lal Prasad Yadav, की मृत्यु के उपरांत उनकी पुत्री व सह-आवंटी उनके पति Dr. Vinita Yadava W/o Sh. Roki Kumar & Dr. Goare Lal Prasad Yadav S/o Late Sh. Babu Lal Yadav, के द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अत: इस म्युटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह-आवंटी Late Smt. Madhu Yadav W/o Dr. Gore Lal Prasad Yadav के स्थान पर उनकी पुत्री व सह-आवंटी उनके पति Dr. Vinita Yadava W/o Sh. Roki Kumar & Dr. Goare Lal Prasad Yadav S/o Late Sh. Babu Lal Yadav का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 21 फरवरी 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत-पाक

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी।

पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने 'देश की पीठ में छुरा घोंपा है'। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए। कमिश्नर चट्ठा ने यह भी कहा कि वे 1971 वाला दौर फिर नहीं देखना चाहते हैं। गौरतलब है कि 1971 में ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था, क्योंकि तब भी शेख मुजीबुर्ररहमान को चुनाव में जीत हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत सत्ता सौंपना नहीं चाहती थी। इसके बाद जो कुछ हुआ, उस इतिहास से सब वाकिफ हैं।

पाकिस्तान का न्यायतंत्र, सैन्य तंत्र और सत्ता पर काबिज होने की इच्छा लिए राजनेता भले इस खूनी इतिहास से कोई सबक न लेना चाहें, लेकिन कमिश्नर चट्ठा ने एक रास्ता उन लोगों को दिखा दिया है, जो ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के रास्ते पर चलना चाहते हैं। यह याद रखना चाहिए कि आजादी के 75-76 बरसों में पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए तरसता रहा है, सैन्य तानाशाही ने वहां लोकतंत्र की जड़ों को बार-बार कुचला और दूरी ओर धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा गया। हालांकि वहां की अवाम इसके बावजूद लोकतंत्र की सत्ता स्थापित करने के लिए जूझती रही, उसने धर्म और सेना की सत्ता के आगे अपने जमीर का समर्पण नहीं किया। दूसरी ओर भारत ने आजादी के साथ ही लोकतंत्र का पौधा रोपा और 7 दशकों में इसे विशाल लहलहाते वृक्ष में तब्दील होते देखा। अफसोस इस बात का है कि अब अमृतकाल के नाम पर इस घने और मजबूत दरख्त की जड़ों में धर्मांधता और अधिनायकवाद का मट्ठा डाला जा रहा है। चंडीगढ़ के बाद बेईमानी के और नए गढ़ तैयार किए जा रहे हैं, जहां चुनाव प्रक्रिया से खिलवाड़ कर सत्ता की राह बनाई जा सके। कपट और धूर्तता से भरे इस रास्ते को तभी बंद किया जा सकता है जब प्रशासनिक ईमानदारी दिखाई जाए। जो काम रावलपिंडी में कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने किया है, क्या भारत के अधिकारी देश सेवा का वही जज्बा दिखा सकते हैं, यह एक बड़ा सवाल है।

## मोदी के रामराज्य में सुदामा के चावल पर पीआईएल

'भारत लोकतंत्र की जननी' है- यह कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में मंगलवार को कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करते हुए नये तरीके से न्यायपालिका पर हमला बोल दिया है, जो बतलाता है कि वे सरकार के खिलाफ आ रहे अदालती फैसलों से खासे परेशान चल रहे हैं। उनकी परेशानी स्वाभाविक तो है लेकिन किसी भी देश के कार्यपालिका प्रमुख द्वारा ऐसी टिप्पणी न तो वांछनीय है और न ही शोभनीय। उन्हें अगर न्यायपालिका से किसी तरह की शिकायत है तो उन्हें यह द्वंद्व कोर्ट के भीतर ही निपटाना चाहिये। उस लड़ाई को इस प्रकार से किसी सार्वजनिक सभा तक ले जाना उचित नहीं। वैसे मोदी का गुस्सा इस लिहाज़ से जायज है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से कई फैसले केन्द्र सरकार के विरूद्ध तो आये ही हैं, निकट भविष्य में और भी सम्भावित हैं।

समारोह में मौजूद कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस से निकाले गये प्रमोद कृष्णम को सम्बोधित करते हुए मोदी ने तंज कसा कि 'यह तो अच्छा हुआ जो आपने (कृष्णम) केवल अपनी भावनाएं ही व्यक्त कीं। भावनाओं के अलावा मुझे कुछ नहीं दिया वरना यह ऐसा समय चल रहा है कि अगर आज कृष्ण होते और सुदामा उन्हें चावल की पोटली भेंट करते तो कोई उसका वीडियो बनाता और पीआईएल (जनहित याचिका) दायर कर देता कि पोटली में क्या है।' मोदी के गुस्से का सबसे ताजा कारण निश्चित ही हाल का वह निर्णय होगा जिसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में लाये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉन्ड्स को 'असंवैधानिक, नागरिक अधिकारों का हनन और सूचना के अधिकार का उल्लंघन' बतलाया है। मोदी इस बात से इत्तेफ़ाक नहीं रखते कि जनता को कुछ बताया जाये। वे ऐसे हर नियम से खुद व उनकी सरकार को दूर कर देते हैं जिसमें जनता को जवाब देना पड़े। इसलिये वे मीडिया से बात नहीं करते, खुली परिचर्चाओं में हिस्सा नहीं लेते, कोई सवाल नहीं लेते। पत्रकार हों भी तो उनके अपने गोद लिये हुए अथवा अक्षय कुमार या प्रसून जोशी जैसे सिनेमा कलाकार-गीतकार हों जो उनसे पहले से दिये गये प्रश्नों के आधार पर आम चूसने के तरीकों और 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने का कारण जानना चाहते हैं।

ऐसे प्रायोजित सवालों के उत्तरों पर कुर्बान होने वाला उनके प्रशंसकों व समर्थकों का एक बड़ा वर्ग है, तो मोदी को अगर खुद को प्रधानमंत्री नहीं बल्कि सम्राट होने की गलतफहमी हो जाये, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। यही कारण है कि देश में लोकतंत्र का आग्रह ही नहीं बल्कि शर्त मढ़ने वाला ऐतिहासिक संसद भवन उन्हें खाने को दौड़ता है। इसलिये वे उसे बन्द कर 'सेन्ट्रल विस्टा' बनवाते हैं, नये-नये परिधान पहनकर उसमें होने वाली कथित चर्चाओं में गेस्ट एपीयेरेंस देते हैं, विपक्ष को अपमानित करते हैं, 'पहले भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम न होने' का दुखड़ा सुनाते हैं। मोदी का विश्वास लोकतंत्र में नहीं राजतंत्र में है



डॉ. दीपक पाचपोर

> सरकार से कामों से न्याय-अन्याय होने की मुहर लगाने का काम कोर्ट का होता है। संविधान में यही व्यवस्था है। न्यायालयों के सामने जवाब देने का काम सरकार का होता है। उसे न्यायपालिका में अपनी बात रखनी होती है। फैसला नापसंद होने पर भी उसे सर माथे पर लेना पड़ता है और कोर्ट द्वारा बतलाई गई खामियों को दूर करना होता है।

इसलिये वे नये भवन में राजदण्ड का प्रतीक सेंगोल स्थापित करते हैं। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में धर्म के लिये कोई जगह नहीं है इसलिये वे इसे राजतंत्र में बदलना चाहते हैं। इससे धर्म की जगह बनती है। वैसे भी जनहित के काम करने के बनिस्बत धर्म के बल पर सरकार चलाना आसान होता है। जनता को राजतंत्र प्रणाली के पक्ष में सोचने व ढालने का एक और बड़ा फायदा मोदी जैसे राष्ट्राध्यक्षों को यह मिलता है कि विपक्ष जैसे तत्व से देश को मुक्त करने की अवधारणा बलवती होती है तथा (दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से) यह भी जनता द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है कि राजा की आलोचना नहीं की जा सकती। इसीलिये जब मोदी कहते हैं कि उन्हें 'विपक्ष गालियां देता है', तो उनका इशारा सरकार की आलोचना करने या सवाल करने से होता है।

लोकतंत्र को छोड़कर राजतांत्रिक शासन प्रणाली में देश विश्वास करे या न करे, मोदी करते हैं, उनकी भारतीय जनता पार्टी करती है, मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है और उनके समर्थक तो करते ही हैं। इसलिये वे यह नहीं जानते; और जानते भी हैं तो मानते नहीं, कि लोकतांत्रिक प्रणाली में शासन का कामकाज शक्ति पृथक्करण के आधार पर चलता है। सरकार से कामों से न्याय-अन्याय होने की मुहर लगाने का काम कोर्ट का होता है। संविधान में यही व्यवस्था है। न्यायालयों के सामने जवाब देने का काम सरकार का होता है। उसे न्यायपालिका में अपनी बात रखनी होती है। फैसला नापसंद होने पर भी उसे सर माथे पर लेना पड़ता है और कोर्ट द्वारा बतलाई गई खामियों को दूर करना होता है। संभल में मोदी का जो गुस्सा न्यायपालिका पर उतरा है, वह इसलिये कि उनकी सरकार को कई मामलों में कोर्ट की फटकारें सुननी पड़ी हैं। बहुत पीछे न जायें तो अनेक हालिया मामलों में केन्द्र सरकार के खिलाफ आये कई निर्णय मोदी को व्यथित करने के लिये काफी हैं। मणिपुर के मामले ने तो मोदी को घुटनों पर ला दिया था। पिछले साल के मई महीने में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वहां की दो कुकी महिलाओं के साथ दो माह पहले हुए अमानवीय बर्ताव की ऐसी तस्वीरें थीं जिनसे देश ही नहीं पूरी दुनिया दहल गयी थी। सवाल खड़े होने लाजिमी थे। कई देशों की संसद में भी इस पर चर्चा हुई थी। यहां तक कि मोदी को इस मामले पर मुंह खोलना पड़ा था जिनकी सरकार ने (केन्द्र व राज्य की) इसे दबाये रखा था। नये संसद भवन के पहले सत्र के दिन तथा उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान संक्षिप्त ही सही, परन्तु मोदी को बयान देने पड़े थे। मोदी की परेशानियां यहीं तक नहीं रूकीं। जिन मोदी ने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री तथा बाद में पीएम के रूप में अपने (व साथियों के भी) पक्ष में कई अदालती फैसले पाए थे, डीवाई चंद्रचूड़ के आने के बाद अड़चन में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्णय सरकार के खिलाफ दिये हैं- वे भी तल्ख टिप्पणियों के साथ। मणिपुर में कहा कि 'यदि सरकार कुछ नहीं करती तो कोर्ट अपने तरीके से कुछ करेगी', तो वहीं चुनावी बॉन्ड्स को 'रिश्वतखोरी' बतलाकर सुप्रीम कोर्ट ने मोदी के ईमानदारी के मुखौटे को उतार फेंका। ऐसे ही, चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में हुई धांधली को उन्होंने 'लोकतंत्र की हत्या' बतलाकर भाजपा को निर्वस्त्र कर दिया। अपने उत्पादों के लिये स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जब यह गुहार लगाने जाते हैं कि, 'सड़क यातायात जाम के कारण सुनवाई में विलम्ब से या न आने वाले वकीलों के मुवक्किलों के विरूद्ध निर्णय न दिये जायें', तो चन्द्रचूड़ यह कहकर उन्हें बैरंग लौटा देते हैं कि 'वे चिंता न करें, कोर्ट देख लेगी।'

पूर्ववर्ती कई जज सरकार के पक्ष में फैसला देकर उपकृत हो चुके हैं। अनुकूल फैसला देने वाले कोई जज राज्यसभा में हैं तो कोई राज्यपाल बने बैठे हैं। मोदी को ऐसे ही न्यायाधीश और ऐसी ही न्यायपालिका चाहिये। उनके दुर्भाग्य से चंद्रचूड़ बाकियों से अलग हैं। वे बेखौफ सरकार के खिलाफ फैसले दे रहे हैं और कोर्टरूम के बाहर भी लोगों को संदेश दे रहे हैं कि 'वे निर्भीक होकर सरकार की आलोचना करें। उनकी सुरक्षा के लिये भारत की न्यायपालिका बैठी हुई है।' साथ ही अपनी ही प्रणाली पर भी राय दे रहे हैं कि 'अपराधिक मामलों में जमानत देने में निचली अदालतें भयग्रस्त महसूस करती हैं।' ऐसी न्यायपालिका से मोदी की भयजनित नाराजगी कोई बेजा नहीं है। उनका यह डर अच्छा है कि उनके बनाये रामराज्य में सुदामा के चावल पर भी पीआईएल हो सकती है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

## केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिए

■ कल्याणी शंकर

भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है।

2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है।

शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि 'चुनावी बांड' नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, 'मतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।' सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है। यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया।

> भविष्य में चुनावों में धन के प्रभाव को रोकने के लिए, हमें दान, खर्च सीमा, सार्वजनिक धन और प्रकटीकरण के लिए नियमों की आवश्यकता है। सरकार चुनाव सुधार के विकल्प तलाश रही है। हमारे पास कई रिपोर्टें हैं जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं, इसलिए हमें उन्हें फिर से देखने की जरूरत है। हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे।

न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है?

पहले, राजनीतिक दलों को 20,000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था। हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं। इन बॉन्ड्स की रेंज 1,000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है।

लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं। मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3,299.85 करोड़ रुपये थी। इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले।

एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है। करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है। करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है।

इसमें दावा किया गया है कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता जवाबदेही के बारे में संदेह पैदा करती है। करदाताओं के पैसे का उपयोग बांड मुद्रित करने के लिए किया जाता है, और उनकी बिक्री से एसबीआई के मुनाफे को अनुचित माना जाता है। जनता और विपक्षी दलों को इन दान के स्रोत के बारे में पता होना चाहिए, हालांकि सरकार एसबीआई से दाता विवरण प्राप्त कर सकती है।

संसद में, सरकार ने प्रमुख केंद्रीय एजेंसियों और विपक्षी संसद सदस्यों की चेतावनियों की उपेक्षा की और चुनावी बांड योजना शुरू की। बांड विधेयक को धन विधेयक के रूप में पारित किया गया था।

इससे पहले, कानून मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया था कि बांड योजना को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन करना चाहिए। चुनाव आयोग और आरबीआई ने भी 2017 योजना के प्रावधानों का विरोध किया, लेकिन सरकार ने भाजपा के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया। चुनाव आयोग ने 2,858 राजनीतिक दलों को पंजीकृत किया है, लेकिन केवल एक छोटा प्रतिशत, केवल 2.17प्रतिशत, वर्तमान में मान्यता प्राप्त हैं। कुछ पार्टियां कभी भी चुनाव में भाग नहीं ले सकती हैं, जबकि अन्य मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं।

2019 के चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को रिकॉर्ड तोड़ रकम मिली। चुनावी बांड के माध्यम से 2,760.20 करोड़ का गुमनाम चंदा आया। यह 2017-18 और 2018-19 में मिली सबसे ज्यादा रकम थी। 2017-18 से 2020-21 तक, 19 राजनीतिक दलों ने लगभग 6.5 हजार करोड़ रुपये के चुनावी बांड भुनाये। पिछले छह लोकसभा चुनावों में खर्च लगभग छह गुना बढ़ गया है जो 9,000 रुपये से बढ़कर 2019 में 55,000 करोड़ रुपये हो गया था।

2018 से मार्च 2022 तक भाजपा को 57 प्रतिशत चंदा मिला, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 10 प्रतिशत ही प्राप्त हुआ।

उम्मीद है कि सरकार पहले के अवसरों के विपरीत, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करेगी। कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है और अब इसे अमल में लाना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दानकर्ता की गोपनीयता और पूर्वव्यापी खुलासे पर आपत्ति है। उनका दावा है कि अदालत का आदेश आगामी अप्रैल-मई चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को प्रभावित नहीं करेगा क्योंकि उनका लक्ष्य पीएम मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुरक्षित करना है।

भविष्य में चुनावों में धन के प्रभाव को रोकने के लिए, हमें दान, खर्च सीमा, सार्वजनिक धन और प्रकटीकरण के लिए नियमों की आवश्यकता है। सरकार चुनाव सुधार के विकल्प तलाश रही है। हमारे पास कई रिपोर्टें हैं जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं, इसलिए हमें उन्हें फिर से देखने की जरूरत है। हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे।

### पावन प्रसंग

## विजय रथ का प्रतीक

विजय पथ पर केवल वे धर्मपरायण, साहसी ही अपने कदम रखते हैं जिनमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति होती है इसलिए विजय पथ पर जीवन रूपी रथ पर आरूढ़ होकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। जीवन एक सुंदर अवसर है। भिन्न दृष्टि में जीवन को संघर्ष भी कहा जाता है। हमारे और संसार के बीच तमाम अंतर्विरोध भी हैं, लेकिन संसार को युद्ध क्षेत्र मानने वाले 'विजय के सूत्र' खोजा करते हैं। गीताकार ने संसार को धर्मक्षेत्र कहा है। गीता 'धर्मक्षेत्र' शब्द से ही प्रारंभ होती है। जीवन युद्ध में अनेक शत्रु हैं। आमने-सामने की लड़ाई युद्ध कहलाती है शत्रु हम सबको क्षति पहुंचाते हैं इस तरह क्षति पहुंचाने वाली सारी शक्तियां भी शत्रु हैं।

महर्षि पतंजलि ने योगसूत्रों में चित्त वृत्तियों को भी ऐसा ही बताया है। उन्होंने उनकी संख्या पांच बताई है। युद्ध या संघर्ष में विजय की इच्छा स्वाभाविक है। पाश्चात्य मान्यता के अनुसार प्रेम और युद्ध में कोई भी कृत्य गलत नहीं है। उनके राष्ट्रजीवन में प्रेम भी युद्ध जैसा है, इसलिए वहां प्रेम में भी साजिश या षड्यंत्र का औचित्य है। भारत के राष्ट्रजीवन में युद्ध भी धर्म या कर्तव्य है इसलिए यहां युद्ध विजय के स्वर्णसूत्र में भी धर्म में दर्शन और विज्ञान का समन्वय समाहित है। जीवन में इन सूत्रों की ओर ध्यान देना चाहिए। प्राचीन युद्धों में रथ एक आवश्यक उपकरण रहा है। रथसवार योद्धा रथी कहलाते थे, जबकि रथविहीन योद्धा असुरक्षित माने जाते थे। अयोध्या नरेश श्रीराम और लंकाधिपति रावण के बीच का युद्ध अत्यन्त प्रसिद्ध है। विजय पर्व इसी युद्ध विजय का लोक उत्सव है। श्रीराम के पास रथ नहीं था। रावण रथ पर सवार था। तुलसीदास रचित रामचरितमानस का यह प्रसंग ध्यानाकर्षित करता है-

रावनु रथी बिरथ रघुबीरा।
देखि बिभीषनु भयउ अधीरा।।
नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना।
केहि बिधि जितब बीर बलवाना।।

न रथ, न कवच और न पैरों में जूते तो आप रावण जैसे वीर को कैसे जीतेंगे? विभीषण की व्यथा व्याकुलता स्वाभाविक है। श्रीराम के पास युद्ध के सामान्य उपकरण भी नहीं हैं। विजयश्री के लिए ऐसे उपकरण जरूरी है लेकिन यहां तुलसी का ध्यान भारतीय विवेक के उपकरणों पर है। उन्होंने विभीषण को व्याकुल प्रश्नकर्ता व श्रीराम को विजय सूत्र के गुणों का व्याख्याता बनाकर भारतीय जीवन मूल्यों को उचित ही प्रतिष्ठा दी है। विजयश्री के लिए रथ चाहिए। श्रीराम विभीषण को बताते हैं-विजय दिलाने वाला रथ लोहे का उपकरण मात्र नहीं होता-

सुनहु सखा कह कृपानिधाना।
जेहिं जय होइ सो स्यंदन आना।।

यहां विजय रथ दूसरा है। यह रथ श्रेष्ठ जिज्ञासा है। बताते हैं शौर्य, धैर्य, उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील उसके ध्वज हैं। शक्ति, विवेक योग और लोकहित इस रथ के चार घोड़े हैं। भक्ति निष्ठा सारथी हैं। मुक्तचित्त ढाल है। संतोष तलवार है, बुद्धि प्रचंड शक्ति है और विज्ञान कठोर धनुष है- बर बिग्यान कठिन कोदंडा। निर्मल एवं अविचल मन तरकश है। एकाग्र चित्त और यम-नियम बाण हैं। विद्वानों, आचार्यों का सम्मान कवच है। जिसके पास ऐसा धर्म आच्छादित रथ है, उसे उसके शत्रु हरा नहीं सकते। रामचरितमानस लंकाकांड में वर्णित यह विजय रथ भारतीय जीवनमूल्यों का दिग्दर्शन कराता है। विजय पर्व के उल्लास में इसकी अनुभूति हमारे मन को प्रगाढ़ सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ती है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारे जीवन मूल्य ही युद्ध उपकरणों का विकल्प भी बन सकते हैं?

जीवनमूल्य अपनी जगह है, उनमें प्रतिबद्धता प्रकृति है। गीता में भी तमाम दार्शनिक विचार हैं। अंत में संजय बताते हैं कि जहां योगेश्वर कृष्ण और धनुर्धर अर्जुन हैं, विजय उसी पक्ष की होगी। यहां श्रीकृष्ण के पहले योगेश्वर विशेषण है और अर्जुन के पहले धनुर्धर आता है। योग, ध्यान, निष्कामता, भक्ति और ज्ञान 'योगेश्वर' के पर्याय हैं। वे जरूरी हैं, लेकिन धनुष जैसे उपकरण भी जरूरी हैं। उसके लिए धनुर्धर शब्द आया है।

शौर्य, धैर्य, शील आदि सद्गुणों से युक्त धर्ममय रथ हमारे जीवन संघर्ष का रूपक है। यह रथ हमारे राष्ट्रजीवन के प्राणों में रचा बसा है, यहां उदात्त चित्त और संसारी पौरुष में कोई टकराव नहीं है।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## कुटिलता आखिरकार वैर को बढ़ाती है

भारत की एक प्राचीन कहावत है- जर जोरू और जमीन जोर की, नहीं तो किसी और की। इसी कहावत के आधार पर प्राचीन काल ने राजाओं, जागीरदारों, भूमिहारों तथा सम्राटों में धन लिप्सा के कारण एक दूसरे के खजाने को लूटने के लिये परस्पर लड़ाई होती थी जो उसमें जीत जाता वह लूट का माल अपने कब्जे में कर लेता था। इसी कारण राज्य लिप्सा और अपने राज्य का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिये दो राजाओं में परस्पर युद्ध होता था।

व्यवहारिक जगत में वैर विरोध धन के लिये, स्त्री के लिये, जमीन जायदाद के लिये, जाति संप्रदाय के लिए अपराधों के प्रतिशोध और अहंकार युक्तवाणी के कारण परस्पर वैर परम्परा बढ़ जाती है। इतिहास ऐसे अनेक युद्धों और परम्परा वैर विरोध से भरा पड़ा है। जातिगत या वंशगत विद्वेष तो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। पांच-सात पीढ़ियां बीत जाती है फिर भी दोनों पक्ष के लोग उस वैर विरोध को भूलते नहीं है।

संप्रदाय मत-पंथ को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी परस्पर वैर-विरोध, लड़ाई वाद-विवाद और रक्तपात हुआ है। वैर -विरोध समय-समय पर होता रहता है। हिन्दू- मुसलमान का संघर्ष भी विरोध के कारण होता है। जबकि अहिंसा का प्रयोग और विकास भारत में सदियों पहले हो चुका है। जैनों में भी जरा से साम्प्रदायिक मतभेद को लेकर संघर्ष, विद्वेष और विरोध उभर आता है। इसका मुख्य कारण अधिकार है। काम, क्रोध, मोह-लोभ, अहंकार आदि विषैले विकार हैं उन विकारों के कारण उत्पन्न विरोध कभी भी शांत नहीं हो सकता।

अनेकांतवाद को ताक में रखकर केवल अपने अहंकार को, अधिकार को, एवं स्वार्थ को लेकर परस्पर संघर्ष भी जैन या अजैन संप्रदायों में चल रहा है। इससे वैमनस्य बढ़ता है। भयंकर अशुभ कर्मबंधन होता है। इसका कोई भी शांत दिल से विचार करने को तैयार नहीं है। राज्य को लेकर ही नहीं अपने से भिन्न राष्ट्र को दुश्मन समझकर पाकिस्तान आजाद हुआ। तभी से तरह- तरह से भारत के साथ विभिन्न तरीकों से लड़ रहा है। इसी प्रकार का संघर्ष पंजाब में सिखों का और असम में बोडो का संघर्ष सरकार के साथ चला।

एक दूसरे की कटु आलोचना, आक्षेप, प्रत्याक्षेप के कारण वैर विरोध चलता है। यह अनुचित है। इससे राष्ट्र भक्ति के बदले पक्ष भक्ति ही दृष्टिगोचर होती है। आज यह राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को विकसित देखकर ईर्ष्या वश किसी भी बहाने से भयंकर युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है। धनी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा, गुलाम और अविकसित करने के लिये तरह-तरह की पैंतराबाजी करता है। यह कुटिलता आखिर वैर को बढ़ाती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## मंगोलिया में 49 साल बाद भारी हिमपात हुआ

**उलानबटोर।** मंगोलिया में इस वर्ष सर्दी में रिकॉर्ड कायम करने वाला हिमपात हुआ है, जो इस साल 1975 के बाद से सबसे बड़ा हिमपात है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एशियाई देश में इस सर्दी में अब तक औसत बर्फबारी 9.6 मिमी तक पहुंच गई है। एजेंसी के अनुसार इस सर्दी में मंगोलिया के लगभग सभी प्रांतों में भारी हिमपात और बार-बार आने वाले बर्फीले तूफ़ान के कारण चरम मौसम का अनुभव हुआ है, देश का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है।

# गाजा अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

### इजरायली हमलों के कारण बिजली व ऑक्सीजन की आपूर्ति की हुई कमी

**गाजा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने कहा कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में लगातार इजरायली हमलों के कारण बिजली और ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई।



उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा, नासिर अस्पताल पर इजरायली हमले के तहत आवश्यक उपचार सामग्रियों की कमी के कारण गंभीर रोगियों की स्थिति खराब हो गई। उन्होंने बिस्तर पर पड़े रोगियों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए दबाव बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली सेना ने पिछले गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर हमला कर दिया था। आईडीएफ ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, अस्पताल में मात्रा में हथियार और इजरायली सीमा किबुत्ज़ से संबंधित एक वाहन पाया गया, साथ ही इजरायली बंधकों को सौंपी जाने वाली दवाएं भी मिलीं।

## 26 देशों ने गाजा में तत्काल मानवीय विराम की मांग की

**ब्रूसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के 26 सदस्य देशों ने गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय विराम का आह्वान किया है, जिससे स्थायी युद्धविराम हो सके। यह जानकारी ब्लॉक के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने सोमवार को दी। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक बैठक में, हंगरी को छोड़कर सभी यूरोपीय संघ के देशों ने इजरायल को दक्षिणी गाजा शहर राफा पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी, उन्होंने कहा कि इससे शहर में 15 लाख शरणार्थियों पर संकट गहरा हो जाएगा। आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने बैठक से पहले कहा कि राफा पर हमला विनाशकारी होगा और यह अनुचित होगा। राफा शहर पर हमला करने की इजरायल की कथित योजनाओं से अंतरराष्ट्रीय खतरे की घंटी बज गई है।

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने दी जानकारी

## तालिबान की अनुपस्थिति के बावजूद अफगानिस्तान मुद्दे पर बनी सहमति

**दोहा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि दोहा में दो दिवसीय बैठक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि अफगानिस्तान से संबंधित कुछ प्रमुख मुद्दों पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं, लेकिन बाधाएं बनी हुई हैं। गुटेरेस ने कहा, 'हम एक ऐसा अफगानिस्तान चाहते हैं, जहां शांति बनी रहे। अपने साथ शांति हो, अपने पड़ोसियों के साथ शांति हो और एक संप्रभु राज्य की प्रतिबद्धताओं और अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को निभाने में सक्षम हो।'




वहीं, गुटेरेस ने इस बात की ओर इशारा करते हुए कहा कि अफगानिस्तान के साथ जारी तनाव को खत्म करने के लिए बाधाओं पर विजय पाना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'एक ओर अफगानिस्तान एक ऐसी सरकार के साथ बना हुआ है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं है और कई पहलुओं में वैश्विक संस्थानों और वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत नहीं है। दूसरी ओर देश में विशेषकर महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में गिरावट के बारे में एक आम अंतरराष्ट्रीय धारणा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अफगान अधिकारियों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक साझा रोडमैप विकसित किया जाना चाहिए। गुटेरेस की अध्यक्षता में हुई बैठक में चीन, रूस और अमेरिका सहित 20 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अफगानिस्तान में वास्तविक प्राधिकारी तालिबान ने भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के अनुसार बैठक में भाग लेने के लिए तालिबानी अधिकारियों की निर्धारित शर्तें स्वीकार्य नहीं थी।

## सुडोकू 6473

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 21 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष -किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

वृषभ -आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

मिथुन -आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

कर्क -आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

सिंह -आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

कन्या -आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा।

तुला -आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक -आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

धनु -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

मकर -बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ -कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

मीन -आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेन संघर्ष में रूस ने पश्चिम को हराया : मादुरो

**मॉस्को,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस पश्चिम को हरा रहा है और आर्थिक रूप से मजबूत हो गया है। राष्ट्रपति ने सोमवार को 'विद मादुरो' टीवी कार्यक्रम में कहा, आज, रूस आर्थिक रूप से मजबूत हो गया है; रूस युद्ध के मैदान में जीत रहा है, पश्चिम को युद्ध के मैदान में हरा रहा है। पश्चिम और नाटो ने यूक्रेन को युद्ध में झोंका और अब यह युद्ध अमेरिका के लिए असहनीय हो गया है। यूक्रेन ने 04 जून, 2023 को रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश की। कीव ने नाटो द्वारा प्रशिक्षित ब्रिगेड को तैनात किया और उन्हें तेंदुआ और चैलेंजर टैंक सहित पश्चिमी उपकरणों से लैस किया। तीन महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा किया कि कीव का वार विफल हो गया और यूक्रेन में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। कई पश्चिमी अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई सफल नहीं हुई। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' ने यूक्रेन को लगातार हथियारों की आपूर्ति के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इससे संघर्ष और ज्यादा बढ़ेगा। रूस पिछले 30 वर्षों से नाटो गठबंधन के साथ यूरोप में सुरक्षा सिद्धांतों पर एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके विरोध के बावजूद नाटो रूसी सीमाओं के समीप विस्तार करने में लगा हुआ है।

## यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ प्रतिबंध एक वर्ष के लिए बढ़ाए

**मॉस्को,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ (ईयू) ने चार नए क्षेत्रों को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल करने के कारण रूस के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंधों को एक और वर्ष के लिए 24 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ के आधिकारिक जर्नल में मंगलवार को प्रकाशित एक दस्तावेज के मुताबिक 2022 से लागू यह निर्णय 24 फरवरी, 2025 तक लागू रहेगा। निर्णय प्रकाशित होने के अगले दिन से प्रभावी होगा। दस्तावेज में कहा गया कि अतिरिक्त उपाय लागू किए जा सकते हैं और मौजूदा उपायों को बढ़ाया जा सकता है। दोनेत्सक और लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक




(डीपीआर, एलपीआर), खेरसॉन तथा जापोरीजिया क्षेत्रों को रूस का हिस्सा बनना चाहिए या नहीं, इस पर 23-27 सितंबर 2022 को जनमत संग्रह कराया गया था। अधिकांश मतदाताओं ने रूस में शामिल होने का समर्थन किया। इसके बाद, 30 सितंबर 2022 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रों के नेताओं के साथ संबंधित संधियों पर हस्ताक्षर किए।

## रूस की सीमाओं के पास 32 हजार नाटो सैनिक तैनात

**मिंस्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा कि लगभग 32 हजार नाटो सैनिक, एक हजार से अधिक बख्तरबंद वाहन और 235 विमान तथा हेलिकॉप्टर रूस और बेलारूस की सीमाओं के पास तैनात हैं। श्री लुकाशेंको ने कहा, हमारी सीमाओं सहित पूरे यूरोपीय महाद्वीप पर स्थिति शांतिपूर्ण नहीं है। बेलारूस और रूस की सीमाओं के आसपास के क्षेत्र में यूरोप में गठबंधन के संचालन के हिस्से के रूप में अमेरिका और नाटो के सशस्त्र बलों के लगभग 32,000 सैनिक तैनात हैं। पुल पेरवोगो टेलीग्राम चैनल ने श्री लुकाशेंको के हवाले से कहा, वहां एक हजार से अधिक बख्तरबंद वाहन तैनात हैं।

## हाउती समूह ने अमेरिका के दो जहाजों पर किया हमला

**सना,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। यमन के हाउती समूह ने अदन की खाड़ी में अमेरिका के जहाजों पर मिसाइल से हमला करने की घोषणा की है। समूह के सैटेलाइट टीवी चैनल अल-मसीरा द्वारा प्रसारित बयान में हाउती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने नुकसान या हताहतों की संख्या नहीं बतायी है, लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिकी जहाजों, सी चैंपियन और नेविस फोर्टुना को निशाना बनाकर हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन हमलों के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान हाउती के अभियानों की कुल संख्या चार हो गई है। सबसे पहले एक ब्रिटिश जहाज को निशाना बनाया गया, जिसके कारण वह पूरी तरह डूब गया। दूसरे अभियान में होदेइदा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू9 ड्रोन को मार गिराया औक अब दो हमलों में दो अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाया गया। हाउती




**अदन की खाड़ी में मिसाइल से हमला किया**

सैन्य प्रवक्ता ने कहा, लाल सागर और अरब सागर में हमारा अभियान जारी रहेगा और तब तक नहीं रुकेगा, जब तक इजरायल के हमास के खिलाफ हमले बंद नहीं हो जाते और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों पर घेराबंदी नहीं हटा ली जाती। उधर, अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ब्रिटिश मालवाहक जहाज उत्तरी यमन में हाउती के नियंत्रण वाले क्षेत्रों से दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों से नष्ट हो गया है।

## सोमालिया का समर्थन करे अंतरराष्ट्रीय समुदायः चीन

**संयुक्त राष्ट्र,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। चीन ने राजनीतिक स्थिरता, सुरक्षा परिवर्तन और आर्थिक और सामाजिक पुनर्निर्माण के लिए सोमालिया के प्रयासों के लिए निरंतर अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जून ने सोमवार को सोमालिया के मुद्दे पर संरा सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, सोमालिया के लिए संरा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान और समर्थन कम नहीं होना चाहिए, क्योंकि 2024 देश की राजनीतिक प्रक्रिया, सुरक्षा परिवर्तन और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, चीन सोमालिया में सभी पक्षों से बातचीत और परामर्श के माध्यम से आपसी मतभेदों को सुलझाने और राजनीतिक स्थिति सुधारने के प्रयासों को बढ़ाने का समर्थन करता है। उन्होंने यह भी कहा, यह ध्यान रखा जाए कि राजनीतिक प्रणाली और विकास के रास्ते का चुनाव सोमालिया का आंतरिक मामला है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस मामले में सोमालिया के लोगों के नेतृत्व और स्वामित्व वाले सिद्धांतों का पालन करना चाहिए और उन पर बाहर से कोई व्यवस्था थोपने से बचना चाहिए। श्री झांग ने कहा कि सोमालिया में स्थिति को संभालने में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को वहां के संघीय सरकार की मदद करनी चाहिए, ताकि आतंकवाद के खिलाफ सफलता मिल सके।

## वर्ग पहेली 6473



**बायें से दायें:-**

१. आंख की पुतली
३. विधानसभा का सदस्य
५. प्रबंध, इंतजाम
६. असुर, दैत्य
७. पिता का पिता
९. प्रेम, प्यार, इच्छा
१०. मदिरा बनाने या इसका व्यवसाय (उर्दू)
१२. रिश्ता, नाता, लगाव
१३. सारा, संपूर्ण
१४. बांटना, बांटने की क्रिया
१६. समाधान
१८. श्रीमान, महोदय (उर्दू)
२०. राहगीर
२१. इच्छा, कामना, अभिलाषा (उर्दू)
२३. दिखाई देना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कर देने वाला
२. बे-सहारा, निराश्रित
३. जिसे उसके स्थान से हटा दिया गया हो
४. अनाथ (उर्दू)
५. दुश्चरित्र, कुमार्ग गामी
८. बलराम
१०. जिस पर आक्रमण किया गया हो, पराभूत, जिस पर क़बजा किया गया हो, कष्टग्रस्त
११. वजह
१२. ग्रहण करना, एकत्र करना
१३. बुजुर्ग, बुद्धिमान
१४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
१५. नीरस
१७. फौज़, सेना (उर्दू)
१८. टूटा-फूटा
१९. प्रवाहित होना
२२. गीला, नम

### वर्ग पहेली-6472



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1613 – रूस में रोमानोव वंश का शासन स्थापित हुआ।
1842 – अमेरिका में जॉन ग्रीनॉफ को सिलाई मशीन का पेटेंट अधिकार मिला।
1848 – कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र प्रकाशित किया।
1878 – पुडुचेरी स्थित अरविंदो आश्रम की मीरा अलफासा का पेरिस में जन्म।
1896 – महान कवि एवं लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म।
1948 – स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष पेश किया गया।
1952 – पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बंगलादेश) स्थित ढाका विश्वविद्यालय में बंगाली भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए प्रदर्शन।
1959 – नयी दिल्ली में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना।
1973 – सिनाई रेगिस्तान में इजरायली लड़ाकू विमान ने लीबिया अरब एयरलांइस के विमान-114 को मार गिराया जिससे इसमें सवार 108 लोगों की मौत हो गई।
1986 – दक्षिण अफ्रीका सरकार ने जोहान्सबर्ग और डरबन अश्वेतों के लिए खोल दिए।
1991 – भारतीय अभिनेत्री एवं गायिका नूतन का निधन।
1998 – भारतीय चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का निधन।
1999 – पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।
2005 – स्पेन के निवासियों ने जमनत संग्रह में यूरोपीय संघ के संविधान का व्यापक समर्थन किया।

**आरोप** *यूक्रेन के पूर्व प्रधानमंत्री मायकोला अजारोव बोले*

## यूरोमैडन तख्तापलट के 10 वर्षों बाद यूक्रेन 'ध्वस्त' हो गया

**कीव, 20 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के पूर्व प्रधानमंत्री मायकोला अजारोव ने मंगलवार को कहा कि यूरोमैडन तख्तापलट के 10 वर्षों के बाद, यूक्रेन 'विकृत और ध्वस्त' हो गया है जबकि भोजन, आवास एवं उपयोगिताओं की कीमतें कई गुना बढ़ चुकी है। श्री अजारोव ने कहा, पिछले 10 वर्षों के दौरान, हम कह सकते हैं कि देश विकृत हो गया है और निश्चित रूप से ध्वस्त हो गया है। अगर हम लोगों के जीवन स्तर के बारे में बात करें तो 2013 से इसकी कोई तुलना नहीं है, क्योंकि खाद्य कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं-**

पांच से 30 गुना या उससे भी ज्यादा। हम कह सकते हैं कि आवास और सार्वजनिक सेवाओं की कीमतों में भी 10 से 15 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में वर्तमान समय में जो हो रहा है और 10 वर्ष पहले यूरोमैडन के दौरान जो वादा किया गया था, उससे बहुत अलग है।

उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से यूरोपीय संघ में शामिल नहीं हुए हैं, और हम इसमें शामिल नहीं होंगे, क्योंकि यूरोपीय संघ प्रतिस्पर्धी भागीदारों का एक संघ है और केवल अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाएं ही इसमें सामान्य रूप से काम कर सकती हैं।

श्री अजारोव ने कहा, यूक्रेनी अधिकारियों ने आधिकारिक आंकड़ों में दावा किया है कि यूक्रेन की जीडीपी 175 अरब डॉलर है, जो लगभग 2013 के समान है, ,



- देश में खाद्य कीमतें कई गुना बढ़ गई
- आवास और सार्वजनिक सेवाओं की कीमतें भी बढ़ी

जबकि वास्तव में 175 अरब डॉलर में से लगभग 110 अरब डॉलर विदेशी सहायता को घटाना होगा तब यह लगभग 60 अरब डॉलर रह जाता है। उन्होंने कहा कि फिर भी यूक्रेनी अधिकारी लोगों को यह विश्वास दिलाने में लगे हुए हैं कि रूस ही सभी बाधाओं के लिए दोषी है - भ्रष्टाचार, चोरी, कुप्रबंधन, या कीव में अधिकारियों द्वारा प्राथमिक आर्थिक कानूनों का उल्लंघन नहीं। श्री अजारोव ने कहा, आप रूस के साथ हमारे संबंधों, मित्रता और सहयोग को बहाल करने की संभावना के बारे में पूछते हैं, लेकिन कोई अन्य विकल्प नहीं है। इन 10 वर्षों में देखा गया है कि यूक्रेनी अर्थव्यवस्था ढह चुकी है और यूरोपीय संघ रूसी बाजार की जगह नहीं ले सकता है। नवंबर 2013 और फरवरी 2014 के बीच, कीव के मैडन स्क्वायर में तत्कालीन यूक्रेनी राष्ट्रपति विक्टर यानुकोविच द्वारा यूक्रेन-यूरोपीय संघ के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने से मना करने के बाद यूरोपीय संघ समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शनों ने तख्तापलट किया जो यानुकोविच के निष्कासन के बाद समाप्त हुआ। इस हिंसक घटनाओं में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

## दुनिया को जानें

### शोधकर्ताओं ने ब्रह्मांड में सबसे चमकीली वस्तु खोजी

**कैनबरा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। एक संयुक्त शोध में सबसे तेजी से बढ़ते ब्लैक होल की ओर से संचालित आकाशगंगा में ब्रह्मांड की सबसे चमकीली वस्तु का पता चला है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली एक टीम ने ब्लैक होल की 2022 की खोज का विवरण दिया, जो प्रत्येक दिन एक सूर्य के बराबर निगल जाता है और बाद में खोज किया कि यह जिस आकाशगंगा को शक्ति प्रदान करता है वह ज्ञात ब्रह्मांड में सबसे चमकीली वस्तु है। ब्लैक होल, जिसकी खोड पहली बार 2022 में की गई थी, वह एक क्वासर में मौजूद है और इसका द्रव्यमान हमारे सूर्य की तुलना में लगभग 1.7 करोड़ गुना ज्यादा है। सोमवार को प्रकाशित अध्ययन में पुष्टि हुआ कि यह ब्रह्मांड में सबसे चमकीला ज्ञात वस्तु है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि ब्लैक होल इतने लंबे समय तक अनिर्धारित रहा। एएनयू के शोध के प्रमुख क्रिश्चियन वुल्फ ने कहा कि विकास की अविश्वसनीय दर का मतलब प्रकाश और गर्मी की भारी मुक्ति भी है।

# प्रादेशिकी

## प्रदेश में समय पर वर्षा नहीं होने से कृषि को 15 फीसदी नुकसान पहुंचा : चंद्र कुमार

शिमला, 20 फरवरी (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष, 2024-25 बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा का क्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। सत्ता पक्ष की तरफ से चर्चा की शुरुआत कृषि मंत्री चंद्र कुमार तथा विपक्ष की तरफ से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने की। चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में समय पर वर्षा नहीं होने से कृषि को 15 फीसदी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद बीते दिन हुई वर्षा से किसान एवं बागवानों के साथ आम आदमी को थोड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की तरफ से विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में एक ही नारा है और वह है चलो गांव की ओर। उन्होंने कहा कि बजट में न केवल प्राकृतिक खेती पर ध्यान केंद्रित किया गया है, बल्कि पूरे कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है।

# श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय हुआ : धामी

**देहरादून,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन

- सीएम ने कैबिनेट संग किए रामलला के दर्शन
- 32 करोड़ की लागत से अयोध्या में बनेगा राज्य अतिथि गृह

किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल,सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे श्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में पहुंचे पर मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी श्री अयोध्या धाम में प्रभु राम को साष्टांग नमन कर पूजा अर्चना की। दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।




### डीएम नीतीश कुमार व एसएसपी राजकरण नय्यर ने सीएम को बुके भेंट की

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कैबिनेट के सदस्यों के साथ मंगलवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। यहां पर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों का जिला प्रशासन के अधिकारी और भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार और एसएसपी राजकरण नय्यर ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट किया। इसके बाद अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारियों ने अगवानी की। थोड़ी देर एयरपोर्ट पर रुकने के बाद मुख्यमंत्री और अन्य सभी कैबिनेट मंत्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए।

# बीमारी का बहाना लेकर कर्मचारी नहीं बच सकेंगे लोकसभा चुनाव की ड्यूटी से

**देहरादून,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मंगलवार को आगामी लोकसभा निर्वाचन से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शिक्षा एवं सम्बन्धित विभागों को राज्य में सभी 11729 पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं हेतु पेयजल एवं शौचालय, बिजली, पर्याप्त फर्नीचर, शेड तथा दिव्यांगजनों तथा बुजर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हील चेयर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं तथा आकस्मिक चिकित्सा उपचार की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने एक एयर एम्बुलेंस, केशलेस उपचार की व्यवस्था, मेडिकल किट्स की उपलब्धता आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमें केजुअल्टी फ्री इलेक्शन 2024 के विजन के साथ कार्य करना है। मुख्य सचिव ने सभी निर्वाचन कार्मिकों की हेल्थ स्क्रीनिंग करवाने एवं जिला स्तरीय मेडिकल कमेटी के माध्यम से इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन लेने के निर्देश दिए।



- सीएस ने दिए सभी निर्वाचन कार्मिकों की हेल्थ स्क्रीनिंग करवाने के दिए निर्देश'
- सचिव राधा रतूड़ी ने लोकसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा

आबकारी विभाग को विशेषरूप से निर्देश देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अवैध शराब की जमाखोरी तथा तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए पुलिस तथा आबकारी का जॉइन्ट ऑपरेशन चलाने, शराब की उत्पादन ईकाइयो, गोदामों तथा लाइसेन्स वाली दुकानों की सीसीटीवी से निगरानी करने, अर्न्तराज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट एवं कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

### लोकसभा चुनावः मार्च के दुसरे सप्ताह में लग सकती है आचार संहिता

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसी माह आखिर में गढ़वाल और कुमाऊं का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान उनकी सभाएं भी होंगी। पार्टी यह मानकर चल रही है कि मार्च के दूसरे हफ्ते तक लोकसभा चुनाव की आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए अगले 15 दिनों के दौरान कई केंद्रीय नेताओं के उत्तराखंड में दौरे हो सकते हैं। पार्टी कुछ बड़े सम्मेलन कराने की तैयारी में भी है, जिनमें केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित किया जा सकता है।

## सार संक्षेप

### स्कूली छात्र पर गुलदार ने किया हमला, घायल

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में जंगली जानवरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहें हैं, आये दिन राज्य में वन्यजीवों व मानव के बीच संघर्ष की खबरें मिलती रहती हैं। इस क्रम में आज रुद्रप्रयाग जिले के जखोली क्षेत्र में गुलदार ने एक स्कूली छात्र पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रुद्रप्रयाग जिले के जखोली ब्लॉक के लस्या पट्टी के महरगांव में आज सुबह एक पंद्रह वर्षीय स्कूली छात्र पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। जिसमे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आज सुबह पंद्रह साल का कार्तिक पुत्र किशन सिंह बुटोला अपने घर से अपने विघालय इंटर कॉलेज रामाश्रम के लिए जा रहा था। इस दौरान गांव से कुछ ही दूरी पर घात लगाये गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में कार्तिक बुरी तरह घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर गांव के गम्भीर सिह बुटोला घटना स्थल पर पहुंचे, जिसके बाद गुलदार मौके से भाग गया। कार्तिक को यथाशीघ्र एम्बुलेंस के जरिए जखोली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहाँ उसका उपचार जारी है।

### नाबालिग का अपहरण व दुराचार मामले में आरोपी गिरफ्तार

चमोली। नाबालिग का अपहरण व दुराचार किये जाने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से नाबालिग अपहृता भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना पोखरी में पीड़ित द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को एक व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में एक प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसके बाद चंद घंटो के भीतर ही नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया। नाबालिग पीड़िता को बरामद कर आवश्यक कार्यवाही हेतु थाने पर लाये। पुलिस द्वारा नाबालिग पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म और पोक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी कर नाबालिग पीड़िता व आरोपी मनीष कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम जोरासी थाना पोखरी जनपद चमोली का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### गढ़वाल विवि के बीजीआर कैंपस पौड़ी में छात्रों को करनी पड़ी तालाबंदी

श्रीनगर। एचएनबी गढ़वाल विवि का बीजीआर कैंपस बदहाल स्थिति में है। जिस वजह से छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में छात्रों ने बीते दिन परिसर के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताया और प्रशासनिक भवन में तालाबंदी भी की. छात्रों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परिसर को जाने वाली मुख्य सड़क, हॉस्टल, क्लास रुम की स्थिति नहीं सुधारी गई तो वो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### सुडोकू 6473 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# किसान संगठनों, केंद्र के बीच वार्ता टूटने के लिए मान जिम्मेदारः शिअद

**चंडीगढ़,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने किसान यूनियनों और केंद्र के बीच 'बातचीत विफल रहने के लिए' मुख्यमंत्री भगवंत मान को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को कहा बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री के 'दोमुंहेपन' ने किसान समुदाय को निराश किया और उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने का मजबूर कर दिया। शिअद के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम चंदूमाजरा ने यहाँ जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार किसानों के शांतिपूर्ण विरोध को दबाने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा,''लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध एक मौलिक अधिकार है इसीलिए किसानों को शातिपूर्वक आगे बढ़ने और दिल्ली जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।'' उन्होंने केंद्र से किसानों का कर्ज माफ करने पर विचार करने की अपील करते हुए कहा,''अगर व्यापारियों-उद्योगपतियों के लाखों करोड़ रूपये के कर्ज माफ किए जा सकते हैं तो किसान तो देश के अनाज सुरक्षा में योगदान करते हैं उनके साथ भेदभाव नही किया जाना चाहिए।'' प्रो. चंदूमाजरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक ओर तो हरियाणा पुलिस को किसानों पर आंसू गैसे के गोले दागने दिए तथा रबड़ की गोलियां चलाने दीं, वहीं दूसरी ओर किसान समुदाय की वास्तविक मांगों के बारे केंद्र को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने पटियाला के डिप्टी कमिशनर को जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद करने की लिखित देने का आदेश क्यों दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने केंद्र के प्रतिनिधियों के समक्ष केंद्र की स्थिति की गंभीरता से अवगत कराकर किसानों के हितों की रक्षा करने का प्रयास क्यों नही किया। शिअद नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपना एजेंडा लाने के अलावा दोनो पक्षों को साथ लेकर चलने की जिद ने पूरा माहौल खराब कर दिया और वार्ता विफल हो गई।

प्रो. चंदूमाजरा ने मुख्यमंत्री से यह बताने की भी मांग की पंजाब क्षेत्र में किसानों पर हमला करने के लिए हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों के खिलाफ कोई भी मामला दर्ज क्यों नही किया गया। उन्होंने कहा,''मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि चल रहे किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए लोगों को मुआवजा क्यों नही दिया गया और पंजाब क्षेत्र में लगाए गए बैरिकेडस क्यों नही हटाए गए हैं।'' अकाली नेता ने मांग की कि आम आदमी पार्टी सरकार मुख्यमंत्री के वादे के अनुसार आगामी बजट सत्र में उन सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी के लिए कानून लाए जोकि एमएसपी में कवर नहीं किए गए हैं।

## उच्चतम न्यायालय का फैसला लोकतंत्र की जीतः बंसल

**चंडीगढ़,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय की तरफ से मंगलवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडिया समूह के हक़ में सुनाये गये फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चंडीगढ़ के पूर्व सांसद पवन कुमार बंसल ने लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत करार दिया है। श्री बंसल ने यहाँ जारी बयान में कहा कि महापौर चुनाव जीतने की भारतीय जनता पार्टी की साम-दाम-दंड-भेद की साज़िश बेनकाब हो गयी है। उन्होंने कहा, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की साज़िशों का सच उच्चतम न्यायालय ने उजागर कर दिया है। अमान्य करार दिये गये वोटों की जांच करने पर पता चला कि वे सभी आठ वोट इंडिया समूह के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गये थे और उन्हें अवैध घोषित करने के लिये निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने खुद लाइन लगाई थी, जबकि उनमें कोई खराबी नहीं थी। मसीह ने इसी लाइन को उन मतों को अस्वीकार करने का आधार बताया था। आज लोकतंत्र की हत्या होने से बची है, लेकिन लड़ाई जारी रहेगी।

# सेना के ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**रूड़की,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। भोगपुर से लक्सर आ रहे बाइक फिसलने से दो युवक सेना के ट्रक की चपेट में आ गए। जिसकी वजह से बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार भोगपुर निवासी दो युवक सचिन सैनी और शक्ति कश्यप अपनी बाइक से शाहपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने बाणगंगा में सटे शिवालिक स्टोन क्रशर पास बनी पुलिया को पार किया, वैसे ही उनकी बाइक फिसल कर बगल से रुड़की जा रही सेना के ट्रक की चपेट में आ गई। जिसमें सचिन सैनी पुत्र सुरेंद्र सैनी (उम्र 27 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, शक्ति कश्यप पुत्र कमल सिंह (उम्र 26 वर्ष) की अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गई। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हंगामा कर दिया। इसी बीच थाना पथरी और लक्सर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि शक्ति कश्यप की हाल ही में पीडब्ल्यूडी विभाग में सरकारी नौकरी लगी थी। जबकि, सचिन सैनी एक कंपनी में काम करता था। जो एक ही बाइक पर सवार होकर अपने काम पर जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए।



# परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर धरने पर बैठे जेओआईटी अभ्यर्थीयों से मिलने पहुंचे कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा

**शिमला,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस की पूर्व सरकार में मंत्री और वर्तमान में विधायक सुधीर शर्मा और कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा चौड़ा मैदान में अनशन

- सदन में मामला उठाने का दिया आश्वासन, सुधीर शर्मा ने पर्स में पड़े सब पैसे किए डोनेट

पर बैठे जेओए आईटी के अभ्यर्थियों से मिलने चौड़ा मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने उनका हाल जाना और अभ्यर्थियों के मामले को सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया.पहले भी सुधीर शर्मा और राजेन्द्र राणा सरकार से इनका परिणाम घोषित करने की मांग उठा चुके है। राजेन्द्र राणा ने तो खुला पत्र मुख्यमंत्री को लिखा था। वही आज धरना स्थल पर जा कर दोनों ही विधायको ने इनका दर्द जाना और सदन के अंदर इस मामले को उठाने का आश्वासन दिया।यही नही दोनो विधायको ने अभ्यर्थियों की मदद भी की ओर सुधीर शर्मा ने पर्स में रखे सब पैसे डोनेशन बॉक्स में सब पैसे डाल दिए। राजेंद्र राणा ने भी पैसे दान बॉक्स में डाले।

कांग्रेस विधायक और पूर्व की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्होंने जेओआईटी अभ्यर्थियों का मुद्दा सदन में उठाने का आश्वासन दिया है. उन्होंने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश में विकराल समस्या है उन्होंने कहा कि यह समस्या अभी भी बनी हुई है. सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश के बेरोजगारों ने कांग्रेस को सत्ता में लाया. उन्होंने कहा कि इन अभ्यर्थियों को न्याय मिलना चाहिए. सुधीर शर्मा ने कहा कि वह पहले भी अभ्यर्थियों का मामला उठाते आए हैं. इस दौरान उन्होंने राजेंद्र राणा के पत्र का भी जिक्र किया. सुधीर शर्मा ने कहा कि वे इस मामले को सदन उठाएंगे जिसके बाद वास्तव स्थिति का पता चलेगा।

वही इस मौके पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि अभ्यर्थियों ने अपनी स्थिति के बारे में उन्हें बताया है और उच्चतम न्यायालय की जजमेंट कॉपी दी है उन्होंने कहा की लोकतंत्र में अपनी बात उठाने का हक हर किसी को है और अभ्यर्थी भी आंदोलन कर सकते हैं. राजेंद्र राणा ने कहा कि वे चुने हुए प्रतिनिधि होने के नाते अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना उनका दायित्व है उन्होंने कहा कि वह पहले भी अभ्यर्थियों की आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी आवाज उठाते रहेंगे उन्होंने कहा कि इस मामले को सदन में उठाएंगे और इन अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

# राजभवन में 1 मार्च से शुरू होगा वसंतोत्सव

**देहरादून,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। वसंतोत्सव के मौके पर हर साल राजभवन में पुष्पों की प्रदर्शनी लगाई जाती है। इसी क्रम में वसंतोत्सव 2024 को लेकर राजभवन में एक मार्च से 3 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन होने

- पुष्प प्रदेश बनाने के लिए लगाई जाएगी फूलों की प्रदर्शनी

जा रहा है। राजभवन में आयोजित होने जा रहे वसंतोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ एक मार्च को राज्यपाल करेंगे। राज्य गठन के बाद साल 2003 से राजभवन में वसंतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ताकि प्रदेश में पुष्प उत्पादन को बढ़ाया जा सके। राज्य गठन से पहले इस क्षेत्र में 150 हेक्टेयर भूमि पर ही फूलों का उत्पादन किया जाता था। लेकिन अब 669.39 हेक्टेयर भूमि पर फूलों का उत्पादन किया जाता है। राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि वसंतोत्सव का कार्यक्रम एक मार्च से 3 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। राजभवन में साल 2003 से दो दिन का कार्यक्रम आयोजित होता आया है। लेकिन पिछले साल निर्णय लिया गया कि वसंतोत्सव का कार्यक्रम तीन दिन तक आयोजित किया जाएगा। पिछले साल वसंतोत्सव कार्यक्रम के दौरान ढाई लाख लोग पुष्प प्रदर्शनी में आए थे। प्रदेश में 669 ।39 हेक्टेयर भूमि पर पुष्प का उत्पादन किया जा रहा है। ऐसे में राज्य को पुष्प प्रदेश बनाने की दिशा में काम होना चाहिए। वसंतोत्सव 2024 में 15 मुख्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

वसंतोत्सव 2024 में स्पेशल पोस्टल कवर के रूप में थुनेर के फूल को चुना गया है। थुनेर में औषधीय गुण होते हैं। जिससे खांसी, सर्दी बुखार, सिरदर्द, पाचन संबंधी समस्या, मांसपेशियों में दर्द, गठिया, स्कीन का उपचार किया जाता है। कट फ्लावर कंपटीशन के तहत ट्रेडिशनल एरिया में सिर्फ उधमसिंह नगर, नैनीताल, हरिद्वार और देहरादून के पुष्प उत्पाद प्रतिभाग करेंगे।




# सरकारी नौकरी के मुद्दे पर सदन में सुक्खू जयराम आमने सामने हुए

**शिमला,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को बजट अनुमानों पर चर्चा के दौरान सरकारी नौकरी के मुद्दे पर सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने सामने हुए। सदन में मुद्दे की तपिश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आमने सामने आ गए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को सदन में दस्तावेज पेश करने की चुनौती दे डाली जिसमें कांग्रेस ने एक लाख नौकरियों की बात कही है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि था कि कांग्रेस ने कहा था कि वह एक साल में एक लाख सरकारी नौकरी देगी। इस पर सदन में खूब हो हल्ला हुआ।

सदन में यह तनातनी उस समय हुई, जब भाजपा सदस्य त्रिलोक जम्वाल जब बजट पर बोल रहे थे। जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने पहली कैबिनेट बैठक में एक लाख सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया था, लेकिन कोई सरकारी रोजगार नहीं दिया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने एतराज जताया और कहा कि कांग्रेस ने ऐसा नहीं कहा, बल्कि यह कहा कि एक साल में एक लाख रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने एक लाख सरकारी नौकरी देने की बात कही थी। उन्होंने इस संबंध में दी गई गारंटी को मोबाइल पर पढ़ा। इस पर मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया कि कांग्रेस ने ऐसा कोई वादा नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो दस्तावेज वे पढ़ रहे हैं , उसे हस्ताक्षर करके सभा पटल पर रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फेक है। सोशल मीडिया में इन दिनों कुछ भी चल रहा होता है , जिसे सबूत नहीं मान सकते। उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने जयराम ठाकुर को चुनौती दी कि वह यह तथ्य सामने लाएए यदि कांग्रेस की गारंटी में कहीं भी एक लाख सरकारी रोजगार हर साल देने का वादा किया हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया में इस तरह से भ्रामक प्रचार सही नहीं है। सरकार इस पर कार्रवाई करेगी।



■ मुख्यमंत्री ने विपक्ष को सदन में दस्तावेज पेश करने की चुनौती दे डाली

### हिमाचल विधान सभा में मंगलवार को जेओए आईटी भर्ती का मुद्दा गूंजा

शिमला। हिमाचल विधान सभा में मंगलवार को जेओए आईटी भर्ती का मुद्दा गूंजा। बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने सरकार से जेओए आईटी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित करने का आग्रह किया। बजट का समर्थन करते हुए राणा ने सरकार की सुखाश्रय योजना के साथ साथ विधवाओं के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की नई घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बेशक बजट में अस्थायी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने के साथ साथ आंगनबाड़ी, आशा वर्करों, पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित नुमाइंदों के अलावा कई अन्य वर्गों के मानदेय व दिहाड़ी बढ़ाने का ऐलान किया है, मगर सरकार को जेओए आईटी अभ्यर्थियों के परिणाम को घोषित कर इन्हें तैनाती देने बारे भी सोचना चाहिए। राजेंद्र राणा ने कहा कि वह विधायक सुधीर शर्मा के साथ चौड़ा मैदान में धरने पर बैठे जेओए आईटी अभ्यर्थियों से मिलने गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित न होने से अभ्यर्थी परेशान हैं। इनमें से कई अभ्यर्थी सरकारी नौकरी की उच्चतम सीमा पार करने की दहलीज पर खड़े हैं।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि जेओए आईटी भर्ती परीक्षा के एकत पोस्ट कोड के मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश नवंबर माह में आ चुका है। न्यायालय ने इन अभ्यर्थियों को सशर्त तैनाती देने को कहा है। इन 1867 पदों के साथ साथ जेओए आईटी के 2711 पद भरे जाने हैं। विभिन्न पोस्ट कोड की परीक्षा हो चुकी है। इन युवाओं ने सरकार बनाने में सहयोग किया है। लिहाजा सरकार को परीक्षा परिणाम घोषित करने बारे फैसला जल्द लेना चाहिए। राजेंद्र राणा ने प्रदेश की आर्थिक सेहत में सुधार के मकसद से पर्यटन क्षेत्र में और अधिक काम करने तथा प्रदेश से औद्योगिक पलायन के बारे में सोचने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार को निवेशक मित्र औद्योगिक पॉलिसी बनानी चाहिए। साथ ही शिमला, सोलन व धर्मशाला जैसे शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने के मकसद से नई टाउनशिप के विकास बारे सोचना चाहिए। इससे सरकार के खजाने में धन तो आएगा ही रोजगार भी सृजित होगा। उन्होंने सुजानपुर विधान सभा क्षेत्र में अस्पताल, टौणी देवी में डिग्री कालेज खोलने के साथ साथ हलके के कई अहम मुद्दों को भी सदन में उठाया।

# प्रादेशिकी

## डीएम की लापरवाह प्रभारी कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि

**फर्रुखाबाद,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डॉ.वी.के.सिंह ने सदर तहसील के लापरवाह प्रभारी कानून को महेश्वर सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। डीएम की सख्ती से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का संपन्न हुआ। इस दौरान शिकायत मिलने पर डीएम ने लापरवाह लेखपाल सौरभ पांडे को डांट लगाई ग्राम वीरपुर गांधी निवासी अरशद ने चकरोड की पैमाइश के लिए आईजीआरएस पर शिकायत की थी। लेखपाल ने पहले रिपोर्ट लगा दी और बाद में खाना पूर्ति के लिए मौके पर गये थे। इसी बात की अरशद ने आज शिकायत की थी। भू माफिया से शॉर्टकट होने के कारण दिलवाल क्षेत्र का लेखपाल अनिल वर्मा ने आईजीआरएस पर कई झूठी रिपोर्ट लगाई है।

# चाभी नहीं उत्पादन शुरू करें उद्यमी : योगी

**लखनऊ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि हिंदुजा ग्रुप के प्रकाश और अशोक ने अभी मुझे

**■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में लिया हिस्सा**

डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी सौंपी है। चाहूंगा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्दी से जल्दी वो यहां अपना प्रोडक्शन शुरू करें। उत्तर प्रदेश का बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत का बाजार उनका इंतजार कर रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। सीएम योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश



**जैसे हम इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आए, वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी निवेश पब्लिक फ्रेंडली बनाएं : योगी आदित्यनाथ**

का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट अशोका लीलेंड के माध्यम से स्थापित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोका लीलेंड को शुभकामनाएं देता हूं।

उत्तर प्रदेश में हम जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं। वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक लाख स्कूली बस हैं हमारे पास, ये सब रिप्लेस हो जाएंगी इलेक्ट्रिक बसों में बशर्ते इस दिशा में हम लोगों ने थोड़ा भी इनीशिएटिव लिया तो। उत्तर प्रदेश में एक लाख 5 हजार से अधिक राजस्व गांव हैं और दो लाख से अधिक मजरे हैं। अगर इन एक लाख गांवों को हमें शहरों से जोड़ना होगा तो भी सस्ती सेवा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा सस्ती और लोकप्रिय माध्यम बन सकती है। इसमें हम अपने तमाम युवाओं को इस सर्विस के साथ जोड़ सकते हैं। यहां पर भी हिंदुजा ग्रुप भी कुछ इनीशिएटिव ले और स्टेट गवर्नमेंट भी इसको आगे बढ़ाए। उत्तर प्रदेश सरकार अपनी पॉलिसी के अंतर्गत हर इलेक्ट्रिक बस में 20 लाख रुपए तक की इन्सेंटिव दे रही है। इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए यूपी की पॉलिसी अलग है। यह इन्वेस्टर्स के लिए भी है और खरीदने वाले के लिए भी है। यह देश की सबसे अच्छी पॉसलिसी में से एक है। इसका लाभ इन्वेस्टर्स के साथ-साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदारों को भी मिलेगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री जी का जो लक्ष्य है कि नेट जीरो के लक्ष्य को हमें प्राप्त करना ही होगा। उस दिशा में यह एक सकारात्मक कदम होगा।

### एक-एक गांव को जोड़ने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना होगा : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि एक-एक गांव को जोड़ने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर गांव को शहर से जोड़ने के लिए प्रयास करना होगा। गांव का प्रोडक्ट शहर में आए, इसके लिए माल ढोने वाले छोटे ट्रक का उपयोग किया जा सकता है। फिर चीनी प्लांट के रूप में हम लोग दूध को दुग्ध समितियों के साथ जोड़कर सिटी में लाने में योगदान दे सकेंगे तो यह बहुत बड़ा मार्केट आपको अकेले यूपी में मिलेगा। यूपी का मतलब यूपी नहीं है,यूपी का मतलब बिहार भी, मध्य प्रदेश भी और नेपाल भी, यूपी के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। ये सभी राज्य इस सुविधा का लाभ लेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा सोमवार को 10 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के निवेश कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। आज इसी के तहत अशोका लीलेंड ने अपने कार्य को शुरू भी कर दिया है।

## तहसील सदर में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मेरठ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी दीपक मीणा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण की उपस्थिति में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, एमडीए व पुलिस से संबंधित प्रकरण तथा चकरोड व भूमि से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाईश कराने इत्यादि प्रकरणो पर 51 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। आयुक्त ने कहा कि फरियादी की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्राप्त शिकायतो का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुये निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसीएम महेश दीक्षित सहित अन्य समस्त संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

## बकाया बिल वसूलने गये संविदा कर्मियों से अभद्रता



**मवाना,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। मोहल्ला काबलीगेट ढिकौली कालोनी में बिजली बकाया बिल वसूलने गये संविदा कर्मियों से बकायेदार के पुत्र व उसके साथियों ने अभद्रता की और हाथापाई की। संविदा कर्मी अपनी जान बचाकर वहां से लौट आये और घटना की जानकारी बिजलीघर के अवर अभियंता को दी। अवर अभियंता ने पुलिस को तहरीर दे दी है। ढिकौली रोड स्थित 33ध्11केवी सब स्टेशन पर तैनात बिजली कर्मचारी मंगलवार को अरविंद, मनीष व राहुल दोपहर को ढिकौली कालोनी गये। वहां पर मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी सदस्य हरिराम के पास गये थे। उनसे रामपाल के मकान की जानकारी की। उसके पास ही स्थित उपभोक्ता रामपाल पर बिजली विभाग का करीब 15 हजार रुपये बकाया था। आरोप है कि बिजली कर्मियों ने रामपाल से बकाया जामा कराने को कहा और जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी। इस पर रामपाल के पुत्र प्रमोद और उसके साथियों ने स्टाफ के साथ गाली गलौच और हाथापाई की। उन्होंने सरकारी कार्य में बाधा पैदा की। बिजली कर्मियों ने बताया कि वे उनसे बचकर किसी तरह से बिजलीघर पहुंचे और अवर अभियंता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद अवर अभियंता लोकेश कुमार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

**अवर अभियंता ने दी कार्रवाई के लिए तहरीर**

## सार संक्षेप

### फलावदा में अंजुमन इर्तिका ए अदब उर्दू की ओर से काव्य गोष्ठी

**मवाना।** फलावदा में सोमवार की रात साहित्यिक संस्था अंजुमन इर्तिका ए अदब उर्दू की ओर से शानदार काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मिर्जा हसीमुद्दीन हमदम ने की तथा संचालन अनवार उल हक शादा ने किया। काव्य गोष्ठी का आगाज हाफिज महफूज उर रहमान माहिर की नाते पाक से हुआ। काव्य गोष्ठी में उपस्थित श्रोताओं ने कवियों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं को खूब सराहा।

### हस्ताक्षर अभियान आयोजित

**मेरठ।** एनएसयूआई ने उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर लीक के विरोध में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अलतमस त्यागी जिलाध्यक्ष सहरयाब मुखिया के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया । अलतमस त्यागी ने कहा की उत्तर प्रदेश पुलिस की परीक्षा मे शामिल लगभग 60 लाख छात्रों के साथ यह सरासर अन्याय है 60 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ हुए अन्याय के खिलाफ हम आवाज उठाएंगे । एनएसयूआई उनके हक की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी।

### रामानंद कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**फर्रुखाबाद।** अदालत के आदेश पर कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने रामानंद बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री की ओर से कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम कठेरिया के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। रिपोर्ट में अग्निहोत्री ने कहा है कि मैं स्वामी रामानंद बालिक इण्टर कॉलेज का प्रबन्धक व मंत्री हूं। मेरे विद्यालय में नीना कठेरिया, सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी। नीना कठेरिया द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर एक याचिका में पारित अन्तरिम आदेश दिनांकित 30.09.2002 के क्रम में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद के आदेशानुसार प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा था। उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं से सम्बन्धित केसों के सम्बन्ध में समय समय पर निदेशक कानपुर मण्डल द्वारा वस्तु उन केसों की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी चाही जाती रही।

### दहशत का पर्याय बना तेंदुआ वन विभाग की गिरफ्त में

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के कंधरापुर क्षेत्र में 36 घंटे तक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आखिरकार वन विभाग की टीम को मंगलवार देर शाम सफलता मिली और क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना तेंदुआ उनके बिछाये जाल में फंस गया। यूपीडा के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से इस तेंदुआ के घूमने की सूचना मिल रही थी लेकिन यह चिन्हित नहीं हो पा रहा था कि वह तेंदुआ ही है या और कोई जानवर है ।यूपीडा ने उसी समय ये सूचना बन विभाग के अधिकारियों को दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेंद्र चौधरी ने बताया कि 18 फरवरी को यह तेंदुआ कंधरापुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन के पास नैपूरा गांव के पास दिखाई दिया था। वन विभाग व अन्य पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## परीक्षा केंद्र की तैयारी का औचक निरीक्षण

**मवाना,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में बोर्ड परीक्षा 2024 की तैयारी का जायजा लेने जनपद ऑब्जर्वर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवाना खुर्द के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक डॉक्टर मेघराज सिंह के साथ कक्षों में छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था सीटिंग प्लान, फायर



एक्सटेंशन, स्ट्रांग रूम,परीक्षा कक्ष से लेकर शौचालयों तक का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में प्रत्येक कक्ष में छात्र-छात्राओं के समय के लिए लगाई गई वॉल क्लॉक भी देखा। जनपद आब्जर्वर अशोक कुमार सिंह ने निर्देशित किया की आसपास कोई भी फोटो स्टेट या कैफे का संचालन नहीं होगा। व्यक्ति का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। विद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा उपप्रबंधक शैवाल दुबलिश को भी विद्यालय में अच्छा वातावरण उत्पन्न करने में सहयोग करने के लिए बधाई दी।

# अखिलेश के खिलाफ किसी का मोहरा तो नहीं पिछड़े नेता!

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जिस तरह से चौतरफा राजनीतिक हमले झेल रहे हैं उससे तो यही लगने लगा है कि उनके खिलाफ कोई बड़ी राजनीतिक

**■ गैर यादव पिछड़े नेता ही सपा के लिए मुसीबत बनते दिख रहे**
**■ उप्र सरकार के मंत्री ए.के.शर्मा के मौर्य को लेकर बयान से भाजपा नेताओं में भी खलबली**

घेराबंदी चल रही है। समाजवादी पार्टी खुद को पिछड़े लोगों की पार्टी कहती रही है लेकिन अब पिछड़े नेता ही एक एक करके उनका साथ छोड़ रहे हैं। रालोद नेता जयंत चौधरी, उनकी पार्टी से बाहर निकले स्वामी प्रसाद मौर्य, उनकी पार्टी से विधायक पल्लवी पटेल और बाद में पूर्व विधायक ब्रजेश प्रजापति ने जिस मौके पर उनका साथ छोड़ा है, उसे देखकर कोई भी कह सकता है कि कहीं पार्टी के भीतर या बाहर उनके खिलाफ साजिश तो नहीं चल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ए.के. शर्मा ने पिछले दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर जो बयान दिया था, उसके मायने निकालकर भाजपा नेताओं में भी अंदरखाने खलबली है। राजनीति की चाल कुटिल भी होती है। अनेक राजनेताओं की गतिविधियों में यह आए दिन देखने को मिलता है। लोकदल, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और फिर समाजवादी पार्टी में की यात्रा करके अपनी पार्टी बनाने जा रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने पहले तो केवल राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया था। मंगलवार को उन्होंने पार्टी और विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा देने का एलान कर दिया है। मौर्य यहीं तक सीमित नहीं रहे उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव और महासचिव रामगोपाल यादव को भी भला-बुरा कहा है। जिन मौर्य का अपना कोई निश्चित सिद्धांत नहीं रहा, वह अखिलेश यादव को सिद्धांत का पाठ पढ़ाने लगे हैं। सपा के नेता बताते हैं कि कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह अपने लिए, अपनी बेटी संघमित्रा और बेटे अशोक मौर्य के लिए टिकट मांग रहे थे। अखिलेश यादव ने ऐसा करने से मना कर दिया तो वह बगावत पर उतर गए। सपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने स्वामी प्रसाद द्वारा पूरे परिवार के लिए टिकट मांगने की बात को खारिज नहीं किया है।

### पिछड़े वर्ग के नेता सपा के ही साथ हैं : राजेंद्र चौधरी

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने इस संबंध में सवालों पर कहा कि पिछड़े वर्ग के नेता सपा के ही साथ हैं। पल्लवी पटेल भी उनके साथ हैं। जयंत चौधरी की पार्टी अलग है तो उनके बारे में क्या कहना लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य और ब्रजेश प्रजापति के अलग होने पर वह कुछ नहीं बोले।



## छात्रों ने पुलिस भर्ती पेपर लीक होने के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**मवाना,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। यूपी पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने से आक्रोशित छात्र मंगलवार को जुलूस के रूप नारेबाजी करते हए तहसील पहुंचे और प्रदर्शन कर धरना दिया। छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सीओ सौरभ सिंह से भी मिले और समस्या से अवगत कराते समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में दुष्यंत, विपुल, पल्लव, रिंकुश मावी, अभिषेक, आदित्य, विक्की, अनिल, आशु आदि छात्र थे।

# पश्चिमांचल डिस्कॉम ने जीता ओवरआल चैम्पियनशिप का खिताब

**मेरठ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की 49वीं अन्तरक्षेत्रीय परियोजना

**■ यूपी पावर सेक्टर की कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन**
**■ अनपरा परियोजना द्वितीय स्थान पाकर उप-विजेता बनी**
**■ ओबरा को मिला तीसरा स्थान**

कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता की ओवरआल चौम्पियनशिप का खिताब पश्चिमांचल डिस्कॉम ने जीत लिया है। पश्चिमांचल डिस्कॉम ने कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनपरा परियोजना द्वितीय स्थान पाकर उप-विजेता बनी और ओबरा को तृतीय स्थान मिला। उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की 49वीं अन्तरक्षेत्रीय परियोजना कुश्ती,



पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि एस0के0 पुरवार निदेशक(कार्मिक एवं प्रबंधन) एवं विशिष्ट अतिथि संजय जैन निदेशक(वाणिज्य), एन0के0 मिश्र निदेशक(तकनीकी) एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक(वित्त) द्वारा विजेता, उप विजेता टीमों के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर पश्चिमांचल डिस्कॉम के एम0एम0 गर्ग मुख्य अभियन्ता (एच0आर0ए0), धीरज सिन्हा मुख्य अभियंता-प्रथम मेरठ क्षेत्र मेरठ, विनय कुमार क्रीडा अधिकारी, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ, राजेन्द्र बहादुर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मेरठ, संजीव वर्मा, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल-मेरठ एवं अलका तोमर क्रीडा अधिकारी एवं संयोजक आदि उपस्थित रहे। एस0के0 पुरवार ने सम्बोधित करते हुए पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। संचालन एम0 के0 जैन अधीक्षण अभियंता(तकनीकी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर जितेश ग्रोवर कम्पनी सचिव, पी0के0 गोयल अधिशासी अभियन्ता(हाईडिल), सचिन कुमार अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-चतुर्थ मेरठ, के0एन0 यादव अधिशासी अभियन्ता, राजीव जैन अधिशासी अभियन्ता(वाणिज्य), बिजेन्द्र सिंह, जतन सिंह, दिलमणी, मांगेराम, बालेन्द्र आदि अधिकारी एवं अधिकारीकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कुश्ती कोच जबर सिंह सोम, चीफ रेफरी सत्यप्रकाश राघव, साईड रेफरी धीरज सिंह, नमन शर्मा, संगीत, मोहित आदि का भी सहयोग रहा।

# आरआईटी नानपुर में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। रुद्रा इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, नानपुर के छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें एंबिशियस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर स्टेट हेड अनूप कुमार एवं एच आर मैनेजर दुर्गेंद्र कुमार उपस्थित हुए जिनका स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम नागर, निदेशक डॉ. पवन कुमार एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा ने बुके देकर किया तत्पश्चात तत्पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत की गई। अधिकारियों ने प्री-प्लेसमेंट वार्ता कर छात्र-छात्राओं को कंपनी के बारे में पूर्ण जानकारी दी और रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई और अंत में व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर 14 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। चयनित छात्र छात्रों को



**■ एंबिशियस ने साक्षात्कार के बाद 14 विद्यार्थियो को किया चयनित**
**■ ऑफर लेटर पाकर खुशी से झूमे छात्र**

महाविद्यालय की प्राचार्या, निदेशक एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड ने ऑफर लेटर वितरित किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, ऑफर लेटर मिलते ही छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी की प्राचार्या डॉ. पूनम नागर ने चनियत छात्र-छात्राओ को बधाई देते हुवे कहा कि केवल परिश्रम ही सफ्लता का मार्ग है।

# अधीक्षण अभियंता द्वारा नहीं किया जा रहा जांच में सहयोग

**मेरठ,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। आवास विकास के अधिकारियों द्वार किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं।

**■ आवास विकास के भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमिश्नर ने दिए थे जांच के आदेश**
**■ गेंद नोडल अधिकारी के पाले में डालकर जांच प्रभावित करने का प्रयास**
**■ सरकार की योजानाओं को पलीता लगाने एक और मामला उजागर**
**■ सिर्फ कागजों पर किया गया पौधारोपण, मौके पर सूनी पड़ी है जगह**

सरकार की योजना को पलीता लगाने वाला एक और नया मामला उजागर हुआ है। जिसमें पौधारोपण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है जबकि मौके पर पैधों का नामो निशान नहीं। इस संबन्ध में जयहिंद फाउंडेशन के राष्ट्रीय

IS 15700 : 2005
सेवोत्तम प्रमाणित
UTTAR PRADESH AWAS VIKAS PARISAD

अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने आरटीआई लगाकर कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। एक माह बीत जाने के बाद उन्हें कोई जवाब नहीं मिल सका। उधर अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार के भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमिश्नर ने कमेटी गठित की थी, लेकिन आवास विकास के अधिकारियों द्वारा जांच में सहयोग नहीं किया जा रहा है। बता दें कि विगत 6 जनवरी को आरटीआई के माध्यम से जयहिन्द फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सचना मांगी थी। अधिशासी अभियंता के जनसूचना अधिकारी से 6 बिंदुओं पर सवाल पूछे गए थे। एक माह बीत जाने के बाद जवाब तो आया लेकिन उसमें कार्यालय उपस्थित होकर संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस बात को भी 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आवास विकास के अधिकारी सूचना देने से बचते नजर आ रहे हैं और आज तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई। उधर अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कमिश्नर द्वारा बैठाई गई जांच में भी कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है।

जांच कमेटी ने 31 जनवरी को पत्र भेजा और एक सप्ताह में पत्रावली पेश करने के लिए कहा। 5 फरवरी को अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार ने सहायक अभियंता सौरव कुमार को पत्र भेजकर नोडल अधिकारी बनाया। लेकिन 19 फरवरी तक नोडल अधिकारी को कोई पत्र नहीं मिला। जांच टीम ने जब फोन से संपर्क किया तो नोडल अधिकारी ने इस मामले से अनभिज्ञता जताई। यानि जांच को प्रभावित करने के लिए नोडल अधिकारी को हवा में पत्र भेजा, जो 15 दिन तक उन्हें नहीं मिल सका। जब संपर्क किया तो इसे दिखवाने की बात कही गई। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचार की जांच में सहयोग न करने की मंशा से ऐसा किया जा रहा हो।

### ये मांगी गई थी जन सूचना

- सन् 2023 के दौरान पौधारोपण/वृक्षारोपण की परिषद से प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति पत्र की प्रति।
- सन् 2023 की अवधि में पौधारोपण सम्बन्धित कार्य के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता कौन थे।
- पौधारोपण कार्य के लिये निकाला गया टेन्डर नोटिस की प्रति।
- पौधे कहां से एवं कितने प्राप्त किये गय कितने का रोपण किया और वर्तमान में कितने पौधे जीवित है।
- पौधारोपण के अनबुन्ध की प्रति।
- पौधारोपण पर आज तक का कुल व्यय का विवरण।

### इन अभिलेखों को लाने के लिए जांच टीम ने भेजा था पत्र

- वर्ष 2023 में कराए गए निर्माण कार्यों के टेण्डर हेतु अभिलेख एवं पत्रावली।
- काजीपुर व सराय में कराए गए अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमण पर की गयी कार्यवाही की पत्रावली।
- आवास विकास परिषद, मेरठ कार्यालय में कार्यरत/सम्बद्ध समस्त अभियन्ताओं एवं कर्मचारियों की लोकल स्तर पर की गयी नियुक्तियों की पत्रावली।
- कार्यालय के प्रयोग में आ रही जेसीबी की लॉगबुक एवं कराये गये कार्यों की पंजिका।
- कृपया उक्त जांच पूर्ण कराए जाने हेतु एक सप्ताह में चाहे गए सभी अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि ससमय जांच पूर्ण कर आख्या मण्डलायुक्त महोदया को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सके।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.83 प्रतिशत |
| आईसीआईआई बैंक | 2.03 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.00 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.41 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 1.45 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.45 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.76 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.67 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.66 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## जॉय ई-बाईक ने एक लाख ई दोपहिया बेचने का आंकड़ा किया पार

**वड़ोदरा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। जॉय ई-बाईक ब्रांड के तहत इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाले निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने आज देश में 100,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया। कंपनी ने वड़ोदरा स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र से 100,000वीं युनिट मीहोस को रोल आउट करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यहा जारी बयान में कहा कि 2016 में इस ब्रांड के रूप में स्थापित कंपनी को 2019 में डब्ल्यूआईएमएल का नया नाम दिया गया, कंपनी ने इलेक्ट्रिक बाइकसायकिल में पहली प्रोडक्ट कैटेगरी के लॉन्च के साथ अपनी मोबिलिटी यात्रा शुरू की।

## उत्तर प्रदेश में निवेश के माहौल को उद्यमियों ने भी सराहा



**लखनऊ,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के लखनऊ में आयोजित चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन 'यूपी-भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की। लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं, दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा और व्यापार करने में आसानी। ये सारी चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज, अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है, जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो और आश्वस्त हो कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी के साथ हमारा रिश्ता मील का पत्थर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें उत्तर प्रदेश और भारत में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। एयर लिक्विड समूह की ओर से मैं आने वाले वर्षों में भारत में प्रगतिशील निवेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। उन्होंने बताया कि मोटोजीपी ने 12,000 रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। वर्ष 2023 मोटोजीपी के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक मील का पत्थर साबित हुआ। ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने बताया कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण को पार करने में कम से कम दो से ढाई साल लगते हैं, छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। यह निवेश न केवल भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाएगा, बल्कि हरित ऊर्जा के मामले में भी यूपी को अग्रणी बनाएगा।

## अकासा एयर ने की नौ शहरों में डिजीयात्रा की पेशकश




**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। निजी विमानन कंपनी अकासा एयर ने देश के नौ प्रमुख हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा के फेशियल रिकग्निशन सिस्टम को अपनाने की पुष्टि की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह सिस्टम यात्रियों की चेहरे से पहचान करता है। इन शहरों में बेंगलुरू, नई दिल्ली, वाराणसी, हैदराबाद, लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहटी, कोलकाता और पुणे शामिल हैं। डिजीयात्रा को अपनाने से अकासा एयर की नए-नए प्रयोग करने तथा अपने यात्रियों को यात्रा का बेहतर अनुभव देने की प्रतिबद्धता झलकती है। डिजीयात्रा की यह सेवा पूरी तरह बायोमेट्रिक-आधारित सेल्फ-बोर्डिंग समाधान है, जिससे यात्री बिना किसी परेशानी के अपना सफर कर सकते हैं। टर्मिनल में प्रवेश करने से पहले, यात्री अपने फ्लाइट विवरण के साथ सुविधाजनक रूप से अपनी आईडी और बायोमेट्रिक डेटा को यूज़र-फ्रेंडली डिजीयात्रा ऐप पर रजिस्टर कर सकते हैं। जैसे ही यात्री एयरपोर्ट पर आते हैं, अत्याधुनिक बायोमेट्रिक तकनीक यात्री की पहचान कर उसे सत्यापित करती है। इससे उच्च स्तर की सुरक्षा और गोपनीयता मिलती है।

## बजाज आलियांज ने उन्नत बीमा सेवाओं के लिए अयोध्या में कार्यालय खोला

**नोएडा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। भारत की अग्रणी प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में अपना नया कार्यालय खोला। उत्तर प्रदेश राज्य के अग्रणी बीमाकर्ता के लिए अयोध्या में ऑफिस खोला जाना कंपनी के रणनीतिक विस्तार और राज्य में बीमा अंतर को पाटने तथा साथ ही साथ इसके आर्थिक विकास को और मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व पटल पर छाए धार्मिक शहर अयोध्या अब समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था में अभिन्न भूमिका निभाने जा रहा है। ऐसे में अब बजाज आलियांज का लक्ष्य अपने नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में रोजाना लाखों भक्त और पर्यटक आ रहे हैं और इस सूरत में अयोध्या एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर चुका है। इन परिस्थितियों ने अयोध्या और आसपास के इलाकों में हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए बीमा सॉल्यूशन की मांग बढ़ेगी।

## भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, प्रतिभा की मांग बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**, 20 फरवरी (एजेंसियां)। नैसकॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2027 तक 25 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 17 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। एआई निवेश में भी इसी तरह की वृद्धि होगी। बाजार अनुसंधान फर्म बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, जेनएआई सहित एआई/एमएल क्षमताओं के साथ भारत का एआई बाजार बढ़ रहा है, जो 2023 में आईटी खरीदारों द्वारा किए जाने वाले आईटी खर्च की शीर्ष श्रेणी के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि कई कारकों से प्रेरित है, जिसमें उद्यम तकनीकी खर्च में वृद्धि भारत का बढ़ता एआई प्रतिभा आधार और एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है।नैसकॉम के अध्यक्ष




देबजानी घोष ने कहा, 'जनरेटिव एआई के आगमन के साथ भारतीय तकनीकी कंपनियां पारंपरिक आईटी और बिजनेस प्रोसेस प्रबंधन से परे अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही हैं, जिसमें एआई-संचालित एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन और व्यक्तिगत ग्राहक इंटरैक्शन शामिल हैं।'उन्होंने कहा, 'इस यात्रा को तेज करने के लिए एआई कौशल पर बड़े पैमाने पर निवेश, नैतिक और सुरक्षित एआई विकास प्रथाओं और शासन ढांचे में निवेश की जरूरत होगी।' एआई जॉब फंक्शंस में काम करने वाले 420,000 कर्मचारियों के साथ भारत आज दूसरा सबसे बड़ा स्थापित प्रतिभा आधार है। अन्य देशों की तुलना में तीन गुना अधिक एआई कुशल प्रतिभा के साथ देश में कौशल की पहुंच भी सबसे अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 'पिछले सात वर्षों में एआई में कुशल व्यक्तियों की संख्या में 14 गुना वृद्धि के साथ देश शीर्ष 5 देशों में शामिल है। जैसे-जैसे एआई में निवेश बढ़ रहा है, भारत में एआई प्रतिभा की मांग भी 15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।एआई यात्रा में मानव पूंजी के महत्व को पहचानते हुए अग्रणी कंपनियों ने एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों में अपने कार्यबल को बढ़ाने और फिर से कुशल बनाने में भारी निवेश किया है।

### सार संक्षेप

#### जीपीटी हेल्थकेयर का आईपीओ 22 फरवरी को खुलेगा

**अहमदाबाद।** जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 फरवरी को खुलेगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा है कि आईएलएस हॉस्पिटल्स ब्रांड के तहत मध्यम आकार के मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों का संचालन और प्रबंधन करने वाली पूर्वी भारत पर केंद्रित जीपीटी हेल्थकेयर ने अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के लिए दस रुपए अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य बैंड 177 से 186 रुपए तय किया है। कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश निवेश के लिए 22 फरवरी गुरुवार को खुलेगा और 26 फरवरी सोमवार को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 80 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 80 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इस निर्गम में 40 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का एक ताजा निर्गम है और निवेशक शेयरधारकों द्वारा बेचने के लिए 2.608 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। डीआरएचपी के अनुसार ताजा निर्गम से 30 करोड़ रुपये की सीमा तक की आय का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के अलावा कंपनी द्वारा प्राप्त किए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के एक हिस्से के पूर्व भुगतान या पुनः भुगतान के लिए किया जाएगा।

#### सैमसंग में वेतन वार्ता टूटी, यूनियन की हड़ताल की योजना

सोल। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रबंधन और एक श्रमिक संघ के बीच वेतन वार्ता विफल होने के बाद संघ ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि तकनीकी दिग्गज के प्रबंधन और नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन (एनएसईयू) के बीच इस साल की वेतन वृद्धि पर आज सुबह हुई छठे दौर की वार्ता में सहमति नहीं बन पाई। प्रबंधन ने 2.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का सुझाव दिया है, लेकिन एनएसईयू 8.1 प्रतिशत की मांग कर रहा है। एनएसईयू ने कहा कि वह इस विवाद को मध्यस्थता के लिए राष्ट्रीय श्रम संबंध आयोग में ले जाने की योजना बना रहा है। आयोग में दावा दायर होने के बाद वह 10 दिन के लिए मामले में मध्यस्थता करेगा। यदि 10 दिन की मध्यस्थता के बाद भी दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहते हैं, तो यूनियन को हड़ताल शुरू करने का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। एनएसईयू सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में सबसे बड़ा एकल श्रमिक संघ है। इसके लगभग 17 हजार सदस्य हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की 1969 में स्थापना के बाद से कंपनी में कोई हड़ताल नहीं हुई है।


#### अवीवा सिग्नेचर मंथली इंकम प्लान पेश

नई दिल्ली। निजी जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाईफ इंश्योरेन्स ने अवीवा सिगनेचर मंथली इंकम प्लान के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक एंडॉओमेन्ट प्लान जो व्यक्तियों और परिवारों को गारंटीड लाईफटाईम मंथली इंकम और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगा।

## निजी क्षेत्र के बैंकों की तेजी से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर निजी क्षेत्र के एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईआई बैंक की ढाई प्रतिशत से अधिक की तेजी से आज शेयर बाजार लगातार छठे दिन चढ़ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 349.24 अंक की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,057.40 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.70 अंक की बढ़त लेकर 22,196.95 अंक हो गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.17 प्रतिशत उतरकर 39,978.15 अंक और स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत टूटकर 45,927.56 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3931 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1949 में तेजी जबकि 1887 में गिरावट रही वहीं 95 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियां हरे जबकि 22 लाल निशान पर बंद हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 11 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.87, हेल्थकेयर 0.20, दूरसंचार 0.22, यूटिलिटीज 0.66, बैंकिंग 1.23, कैपिटल गुड्स 0.21, तेल एवं गैस 0.31, पावर 0.80, रियल्टी 1.13 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.22 और जापान का निक्की 0.28 प्रतिशत गिर गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.42 प्रतिशत की बढ़त रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 20 अंक बढ़कर 72,727.87 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,510.24 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,130.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,708.16 अंक के मुकाबले 0.48 प्रतिशत चढ़कर 73,057.40 अंक हो गया।

वहीं, निफ्टी 23 अंक उतरकर 22,099.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,045.85 अंक के निचले जबकि 22,215.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,122.25 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत मजबूत होकर 22,196.95 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 4.16, एचडीएफसी बैंक 2.59, एक्सिस बैंक 2.32, एनटीपीसी 2.01, कोटक बैंक 1.83, इंडसइंड बैंक 1.45, नेस्ले इंडिया 0.98, टेक महिंद्रा 0.86, बजाज फाइनेंस 0.80, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.64, सन फार्मा 0.58, अल्ट्रासिमको 0.52, आईसीआईआई बैंक 0.50, एशियन पेंट 0.49, एलटी 0.41, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.17, भारती एयरटेल 0.17 और एसबीआई 0.13 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टीसीएस 1.75, बजाज फिनसर्व 1.03, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.96, इंफ़ोसिस 0.90, एचसीएल टेक 0.86, आईटीसी 0.77, टाटा मोटर्स 0.66, विप्रो 0.64, टाटा स्टील 0.60, मारुति 0.33, टाइटन 0.30 और रिलायंस के शेयरों ने 0.11 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## भारतीय पीसी बाजार में 6.6 प्रतिशत की गिरावट, 2023 में बिक्री 1.39 करोड़ यूनिट



**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन सहित) में 2023 में 1.39 करोड़ यूनिट की बिक्री हुई जो एक साल पहले के मुकाबले 6.6 प्रतिशत कम है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एचपी बाजार में अग्रणी रहा। इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) के अनुसार, डेस्कटॉप श्रेणी में 6.7 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई। वहीं नोटबुक और वर्कस्टेशन की बिक्री क्रमशः 11.1 प्रतिशत और 14 प्रतिशत घट गई। आईडीसी इंडिया के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक भरत शेनॉय ने कहा, 'महामारी के बाद बाजार की कमजोर धारणा के कारण उपभोक्ता मांग में कमी आई, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच शिपमेंट में भारी गिरावट आई।' पहली छमाही में कमज़ोरी के बाद 2023 की दूसरी छमाही में बाज़ार में साल-दर-साल आधार पर ओवरऑल 12.9 प्रतिशत का उछाल आया। वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान डेस्कटॉप और नोटबुक दोनों में क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एचपी, जिसने बाजार का नेतृत्व किया, की पिछले साल 31.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। यह क्रमशः 33.6 प्रतिशत और 29.4 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ वाणिज्यिक और उपभोक्ता दोनों क्षेत्रों में सबसे आगे रहा। लेनोवो ने 16.7 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डेल टेक्नोलॉजीज 15.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसकी बिक्री में 2023 में 24.5 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट उबलकर 3986 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की तेजी के साथ 45.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।


गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## फिनटेक प्लेटफॉर्म एक्साल्ट्स ने 'प्लेड फॉर ट्रेड' बनाने के लिए कंटूर नेटवर्क का अधिग्रहण किया

**सिंगापुर,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। एक्सेल और सिटी वेंचर्स समर्थित फिनटेक एक्साल्ट्स ने मंगलवार को व्यापार और आपूर्ति शृंखला के वित्त पोषण के डिजिटलीकरण में तेजी लाने के लिए वैश्विक बैंकों के एक संघ के स्वामित्व वाले कंटूर नेटवर्क के अधिग्रहण की घोषणा की। एक्साल्ट्स का उपयोग वित्तीय संस्थानों और व्यवसायों द्वारा डिजिटल ऋण आवेदनों के निर्माण और प्रबंधन के लिए किया जाता है। व्यापार के डिजिटलीकरण के उद्देश्य से एचएसबीसी, स्टैंडर्ड चार्टर्ड और बीएनपी सहित आठ वैश्विक बैंकों ने एक पायलट के रूप में 2017 में कंटूर की शुरुआत की थी। वर्तमान में, 22 से अधिक बैंकों के अलावा टाटा समूह और रियो टिंटो जैसे 100 से अधिक वैश्विक व्यवसाय




डिजिटल व्यापार वित्त समाधान के लिए कंटूर का उपयोग करते हैं। वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार 30 लाख करोड़ डॉलर का हो गया। हालाँकि, क्यूईडी निवेशकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार का डिजिटलीकरण अपेक्षाकृत कम है, वर्तमान में एक प्रतिशत से भी कम डिजिटल रूप से संचालित होता है। सीमा पार व्यापार में शामिल जटिलताओं और विभिन्न नियमों के कारण, एक एकल लेनदेन के लिए कागज की 50 शीट तक की आवश्यकता हो सकती है, जिनका आदान-प्रदान आयातकों, निर्यातकों, बैंकों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और सीमा शुल्क सहित 30 विभिन्न हितधारकों के साथ किया जाता है।

जैसे-जैसे वैश्विक व्यापार मजबूत हो रहा है और पारंपरिक आपूर्ति शृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, एक्साल्ट्स व्यापार और आपूर्ति शृंखला ऋण के डिजिटलीकरण में तेजी लाने के लिए प्लेड और स्ट्राइप जैसे सिलिकॉन वैली स्टार्टअप से प्रेरणा ले रहा है। एक्साल्ट्स के सीईओ आशुतोष गोयल ने कहा, 'हम 'प्लेड फॉर ट्रेड' बनाना चाहते हैं। हमारा दृष्टिकोण कंटूर के नेटवर्क का दायरा बढ़ाना है जिस पर बैंकों और कॉरपोरेट्स को भरोसा है। इसे एक रेल में विकसित करना है जो व्यवसायों को बैंकों, फिनटेक और प्रौद्योगिकी भागीदारों द्वारा पेश किए गए व्यापार और आपूर्ति शृंखला वित्त के लिए डिजिटल समाधान तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। हमारे प्लेटफ़ॉर्म को कंटूर के नेटवर्क के साथ संयोजित करने से प्रतिभागियों को शीघ्रता से अनुकूलित समाधान विकसित और तैनात करने की अनुमति मिलेगी।' एक्साल्ट्स का प्रारंभिक ध्यान व्यापार और आपूर्ति शृंखला के वित्त पोषण के लिए एम्बेडेड समाधानों पर होगा। ये बैंकों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और प्रौद्योगिकी कंपनियों को एक ही मंच का उपयोग करके व्यवसायों के लिए एकीकृत समाधान पेश करने में सक्षम बनाएंगे।

# खेल जगत

## मेरे लिए अब तक किम गार्थ की गेंदबाजी सबसे चुनौतीपूर्ण रही : यास्तिका भाटिया

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरुआती मुकाबले से पहले, मुंबई इंडियंस की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बताया कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर किम गार्थ ने अपनी गेंद से उनको खूब परेशान किया है। डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण में अपनी यात्रा को दर्शाते हुए, जहां मुंबई इंडियंस विजयी हुई। यास्तिका ने किम गार्थ का सामना करने के बारे में याद दिलाया, जिसे वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी मानती है। यास्तिका ने जियो सिनेमा पर कहा, डब्ल्यूपीएल सीजन 1 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में मैंने जिनका सामना किया उनमें किम गार्थ सबसे कठिन गेंदबाज हैं। उद्घाटन नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा 1.5 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदी गई, यास्तिका ने अपने बल्लेबाजी कौशल और स्टंप के पीछे निपुणता का प्रदर्शन करते हुए, अपनी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# बढ़िया प्रदर्शन से हमारी भारतीय हॉकी टीम का आत्मविश्वास खासा बुलंद : हार्दिक

- भारत का नीदरलैंड से उलट चरण का मैच आज
- भारत ने पांच में से चार मुकाबलों में हासिल की जीत
- सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही भारत के खिलाफ हासिल कर पाया जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 फरवरी (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में मेजबान भारत की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 मे अब तक दमदार प्रदर्शन कर पाच में दो मैच निर्धारित समय में और दो शूटआउट में जीते और एकमात्र मैच ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हारा है। भारत ने दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड को भुवनेश्वर चरण निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के उसे भुवनेश्वर चरण में शूटआउट में 4-2 तथा स्पेन को राउरकेला चरण में निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में सोमवार को हराया। भारत ने भुवनेश्वर चरण में स्पेन को 4-1 से हराने के बाद गुरजंट सिंह के एकमात्र गोल से आयरलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज की।

एफआईएच रैंकिंग में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत अब नीदरलैंड से अपने राउरकेला में उलट चरण के मैच में बुधवार को बिरसामुंडा हॉकी स्टेडियम में भिड़ेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नीदरलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर में पहले चरण के प्रदर्शन की बाबत



उपकप्तान आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा, नीदरलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर में पहले चरण के पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों से कमतर रहा लेकिन हमने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी कर मैच को शूटआउट तक खींच दिया। हम नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त थे क्योंकि हमारे पास हमारे पास पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के रूप मे वाकई दो मुस्तैद गोलरक्षक हैं। हम लगातार जिस तरह बढ़िया प्रदर्शन कर रहे है उससे हमारी टीम का आत्मविश्वास खासा बुलंद है और हम एफआईएच प्रो लीग में आगे भी अपनी इसी बढ़िया लय को बनाए रखने को बेताब हैं। भारत 21 फरवरी को 1930 बजे नीदरलैंड से भिड़ेगा।

## गोलरक्षक श्रीजेश के एक बेहतरीन बचाव से भारत ने स्पेन को सडनडेथ शूटआउट में हराया

भारत ने स्पेन को एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023-24 के राउरकेला में दूसरे चरण मे मैच में निर्धारित समय में दो-दो की बराबर रोकने के बाद सोमवार रात अपने गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के सडनडेथ शूटआउट में एक बेहतरीन बचाव की बदौलत 8-7 से हराकर बोनस अंक पाया। भारत ने स्पेन को पहले चरण में भुवनेश्वर में अपना अभियान 4-1 से जीत के साथ किया। जर्मनप्रीत सिंह ने हवा में लंबे उंचे पास पास डी में गेंद को कब्जे ले गोल कर भारत को पहले ही मिनट में 1-0 से आगे कर दिया। होजे बस्तेरा ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्पेन को एक -एक की बराबरी दिला दी। बोरा लकाली ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले जोरदार जवाबी हमला बोल भारत की रक्षापंक्ति की भूल का लाभ उठा गोल कर स्पेन को 2-1 से आगे कर दिया। स्पेन की टीम दूसरे क्वॉर्टर में भी हावी रही और हाफ टाइम तक उसने 2-1 की बढ़त बरकरार रखी। भारत ने तीसरे क्वॉर्टर कर बढ़िया आगाज किया । अभिषेक ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर लौटती गेंद को लपक कर गोल में डाल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। इसके बाद भारत के गोलरक्षक पीआर श्रीजेश और स्पेन के गोलरक्षक रफेल रेविला ने बेहतरीन बचाव कर और गोल नहीं होने दिया और निर्धारित समय समय स्कोर यही रहने पर मैच शूटआउट में खिंच गया।

# जायसवाल की तारीफ पर नासिर हुसैन ने बेन डकेट पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट की उस टिप्पणी पर निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजकोट टेस्ट में भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का आक्रामक रुख इंग्लैंड की बैज़बॉल रणनीति से प्रभावित था। जायसवाल के शानदार नाबाद दोहरे शतक ने भारत को शानदार जीत दिलाई जिससे इंग्लैंड को मौजूदा श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। राजकोट टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में बोलते हुए डकेट ने शतक के लिए जायसवाल की प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें (इंग्लैंड को) कुछ श्रेय लेना चाहिए। डकेट की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, हुसैन ने कहा कि जायसवाल की सफलता इंग्लैंड की रणनीति के किसी प्रभाव के बजाय उनकी कड़ी मेहनत और आईपीएल जैसे टूर्नामेंटों में मिले अनुभव से आई है।

इस श्रृंखला में जायसवाल के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सीरीज का अग्रणी रन-स्कोरर बना दिया है। उन्होंने 109 के औसत और 80 से अधिक की स्ट्राइक रेट से कुल 545 रन बनाए हैं ।

श्रृंखला में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए हुसैन ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से अपनी गलतियों का विश्लेषण करने और रांची में चौथे टेस्ट से पहले आवश्यक



समायोजन करने का आग्रह किया। लगातार हार के बाद वापसी करने के लक्ष्य के साथ, चौथा टेस्ट शुक्रवार को रांची में शुरू होने वाला है, जिसमें इंग्लैंड के लिए मेजबान भारत के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने का अवसर होगा।

### बैजबॉल पर इंग्लिश टीम को मिला क्लार्क का समर्थन

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इंग्लिश टीम का फ्लॉप शो जारी है। इस बीच बैजबॉल रणनीति के कारण आलोचना झेल रही इंग्लैंड को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क का समर्थन मिला है। माइकल क्लार्क ने कहा कि अगर इंग्लैंड को लगता है कि भारत को हराने का यह सबसे अच्छा मौका है, तो उन्हें अपना आक्रामक रवैया जारी रखना चाहिए। क्लार्क ने इंग्लिश टीम से अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करने और इस तरह के दृष्टिकोण में निहित जोखिमों को स्वीकार करते हुए अपनी आक्रामक खेल शैली का समर्थन करने का आग्रह किया।

# बैजबॉल को बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित किया गया है : श्रीकांत

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले भारत के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत ने मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के प्रबंधन के तहत टेस्ट में इंग्लैंड द्वारा अपनाई गई बैजबॉल रणनीति की आलोचना की है। इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट जीतने के बाद भारत से 1-2 से पीछे है। अभी दो और मैच बाकी हैं, श्रीकांत ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की संभावनाओं का तीखा आकलन किया और राजकोट टेस्ट में उनकी करारी हार के बाद वापसी की किसी भी उम्मीद को खारिज कर दिया। हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच में शानदार जीत के बाद, इंग्लैंड को विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार हार का सामना करना पड़ा, तीसरे टेस्ट में 434 रन की करारी हार ने भारतीय पिचों पर इंग्लैंड के बैजबॉल दृष्टिकोण की प्रभावशीलता पर संदेह पैदा कर दिया है। श्रीकांत, उस दौर



में बल्लेबाजी की स्लैम-बैंग शैली के समर्थक, जब घंटों तक पिच पर रहना आदर्श था, उन्होंने बैजबॉल की रणनीति को अत्यधिक प्रचारित कहकर उपहास किया और यहां तक कि हास्यास्पद रूप से सुझाव दिया कि इंग्लैंड आगे के अपमान से बचने के लिए घर के लिए अगली फ्लाइट पकड़ने पर विचार कर सकता है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सफल होने के लिए कौशल और प्रतिभा की आवश्यकता पर बल देते हुए ऐसी रणनीति की प्रभावशीलता के बारे में संदेह व्यक्त किया। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, यदि संभव हो, तो वे घर के लिए अगली उड़ान पकड़ सकते हैं। लेकिन, उन्हें शेष दो टेस्ट खेलने होंगे। मुझे लगता है कि यह बैजबॉल और वे सभी सिद्धांत हैं जो उन्होंने प्रचारित किए हैं। यह कहां काम किया है? क्या यह एशेज में काम करता है? सच कहूं तो , अगर वे इस तरह से खेलना जारी रखते हैं तो कोई भी रणनीति काम नहीं कर सकती है। इस बैजबॉल सिद्धांत के बारे में बहुत प्रचार था। उन सभी बातों का समर्थन करने के लिए, मुझे लगता है कि उन्हें इन परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने के लिए कौशल की आवश्यकता थी। आपको गेंदबाजी करने के लिए प्रतिभा की आवश्यकता है। इंग्लैंड ने अपने 21 टेस्ट मैचों में से 14 जीते हैं, जिसमें न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जीत और पाकिस्तान में पाकिस्तान का 3-0 से सफाया शामिल है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने महिला टीम की जर्सी का किया अनावरण

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल ) 2024 के लिए अपनी महिला टीम की जर्सी का अनावरण कर दिया है। साथ ही डीपी वर्ल्ड और दिल्ली कैपिटल्स की आपस में दीर्घकालीन साझेदारी की घोषणा हुई है। स्मार्ट एंड-टु-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड अब डब्लूपीएल 2024 से दिल्ली कैपिटल्स की महिला टीम की टाइटल पार्टनर होगी। इस साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स के साथ डीपी वर्ल्ड के संबंधों को मजबूती मिलेगी। भारत में क्रिकेट के खेल को बढ़ावा देने के लिए कई पहल एवं प्रयास किए गए हैं। डीपी वर्ल्ड में हम इस साझेदारी के माध्यम से क्रिकेट में प्रतिभाओं को निखारने के लिए निवेश कर रहे हैं। क्रिकेट की इन प्रतिभाओं ने खेल के लिए अपनी प्रतिभा, दृढ़ता एवं जोश को लगातार प्रदर्शित किया है। वर्तमान समय में डीपी




वर्ल्ड दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष टीम के साथ ग्लोबल लॉजिस्टिक्स पार्टनर के रूप में जुड़ी है और इस साझेदारी को महिला टीम के लिए विस्तार देने का हमें गर्व है। हम इस खेल को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों के प्रति समर्पित हैं।

नई साझेदारी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के अंतरिम सीईओ सुखविंदर सिंह ने कहा, महिला टीम की टाइटल पार्टनर के रूप में डीपी वर्ल्ड को अपने साथ जोड़ने की दिल्ली कैपिटल्स को खुशी है। महिलाओं के खेल के प्रति डीपी वर्ल्ड की प्रतिबद्धता सराहनीय है और इस साझेदारी से ज्यादा रोमांचक कुछ नहीं हो सकता है। हमारी आईपीएल टीम के साथ सफल साझेदारी के बाद यह गठजोड़ एक स्वाभाविक प्रक्रिया से हुआ गठजोड़ है। हम आगामी सीजन की शुरुआत स्टाइल के साथ करने के लिए तैयार हैं और ऐसे में यह साझेदारी दिल्ली कैपिटल्स और डीपी वर्ल्ड दोनों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस साझेदारी के तहत दिल्ली कैपिटल्स लॉजिस्टिक्स सेक्टर की अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड को उसकी बियॉन्ड बाउंड्रीज इनीशिएटिव में भी मदद करेगी। इस पहल के तहत डीपी वर्ल्ड अपने इंटरकनेक्टेड ग्लोबल नेटवर्क और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स क्षमता का लाभ लेते हुए 50 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर डिजाइन एवं डिस्ट्रीब्यूट कर रही है। ये कंटेनर दुनियाभर में जमीनी स्तर पर काम कर रहे क्रिकेट क्लब्स को प्रदान किए जाएंगे। इसमें से प्रत्येक कंटेनर में जरूरी क्रिकेट गियर्स उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई के लिए टी20 ओपनर होंगे वार्नर और हेड

**वेलिंगटन।** डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करते नजर आ सकते हैं, क्योंकि बुधवार से वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए इन दोनों की सलामी जोड़ी की पुष्टि हो गई है। तीन मैचों की टी20 सीरीज के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श ने भी पुष्टि की कि वह हाल के वर्षों में 20 ओवर के प्रारूप में नंबर तीन की भूमिका में बने रहेंगे। चौथे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल के शानदार प्रदर्शन और छठे नंबर पर टिम डेविड के लगातार योगदान से ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम जून में होने वाले विश्व कप से पहले अच्छी तरह से स्थापित होता दिख रहा है। जैसा कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी अंतिम द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला की तैयारी कर रहा है, स्टार गेंदबाज पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की वापसी से टीम को और ताकत मिलेगी। मार्श, जिन्हें औपचारिक रूप से ऑस्ट्रेलिया टी20 कप्तान के रूप में आरोन फिंच के स्थान पर नियुक्त नहीं किया गया है, सीरीज-दर-सीरीज कप्तानी करना जारी रखे हुए हैं, ने टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की जगह लेने की संभावनाओं पर मजाक में कहा, मैं उसे यह बताने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि क्या करना है। मैं आम तौर पर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में तब शामिल होता हूं जब उनका काफी समय हो चुका होता है, इसलिए किसी स्तर पर मैं उन्हें वापस बुला लूंगा।

### इंग्लैंड के लिए भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा : ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में अपनी संभावनाओं के बारे में इंग्लैंड को आगाह करते हुए कहा है कि अगर मेजबान टीम आगे निकल गई तो उन्हें पकड़ना मुश्किल होगा। सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद इंग्लैंड को लगातार अगले दो मैचों में हार झेलनी पड़ी। इस तरह इंग्लिश टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है। भारत में खेलने की अपनी पसंदीदा शैली पर कायम रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी चालों पर विचार करने के लिए मजबूर करने के लिए बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की प्रशंसा करते हुए, अब क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक स्मिथ ने आगाह किया कि आगे चलकर भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा। विजडन ने स्मिथ के हवाले से कहा, हमेशा बहुत सारी प्रतिभाएं रही हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने डर को दूर कर दिया है। लोगों को काफी सुरक्षा प्रदान की है और खेल को वास्तव में सकारात्मक तरीके से देखते हैं। इंग्लैंड निश्चित रूप से जिस तरह से खेलना चाहता है, उस पर कायम है।

# भारत को हराने के लिए आपको बेस्ट देना होगा : मैथ्यू हेडन

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने मेजबान भारत के मजबूत घरेलू रिकॉर्ड की सराहना की है। उन्होंने रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जीतने के लिए पसंदीदा के रूप में देखा है। विजाग में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-1 से बराबर करने के बाद, भारत ने राजकोट में 434 रन की शानदार जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली।

हेडन ने विराट कोहली और केएल राहुल जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भी भारत की इस अवसर पर आगे बढ़ने की क्षमता पर जोर दिया। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से भारत है। मैं आज सुबह परिणाम देख रहा था और सोचा कि भारत, एक भ्रमणशील पक्ष के रूप में इस कारण से एक चुनौती है। यह ऊर्जा और उस संसाधन के संरक्षण की लड़ाई है, जो बहुत सीमित है। हेडन ने भारत में मेहमान टीमों के सामने आने वाली मानसिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जहां भीड़ की अथक ऊर्जा और प्रतियोगिता का तीव्र दबाव भारी पड़ सकता है। उन्होंने उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संयम और ध्यान बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसी परीक्षा जिसे पास करने के लिए इंग्लैंड को लगातार संघर्ष करना पड़ा है। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड के साहसिक प्रयासों के बावजूद इंग्लैंड के लिए यह सीरीज चुनौतीपूर्ण है। जहां इंग्लैंड अपनी संभावनाओं को लेकर आशावादी है, वहीं भारत की घरेलू बढ़त और अटूट संकल्प एक बड़ी बाधा है। चौथा टेस्ट मैच शुक्रवार से रांची में खेला जाएगा।

# सूर्यकुमार व शमी को मिला क्रिकइंफो अवॉर्ड 2023

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। ईएसपीएनक्रिकइंफो अवॉर्ड के 17वें संस्करण की पुरुष श्रेणी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में शतकीय पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड को पुरुष क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज़ का अवॉर्ड मिला है। हालांकि वनडे में हेड यह अवॉर्ड नहीं जीत पाए, बावजूद इसके कि उन्होंने बीते एकदिवसीय विश्व कप के फ़ाइनल में भी शतकीय पारी खेली थी। वनडे में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का यह अवॉर्ड उनके ही हमवतन ग्लेन मैक्सवेल को गया, जिन्होंने विश्व कप में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ दोहरा शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफ़ाइनल में पहुंचाया था। पुरुषों में वनडे के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ का अवॉर्ड मोहम्मद शमी को गया। शमी ने एकदिवसीय





विश्व कप सेमीफ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ सात विकेट चटकाए थे। शमी के इस प्रदर्शन की बदौलत भारत फ़ाइनल में पहुंच पाया था।

पिछले एक दशक में घर पर भारत का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। भारत ने 2013 से 2023 तक घर पर खेले 46 टेस्ट में सिर्फ़ तीन टेस्ट ही हारे थे। इसमें एक हार नाथन लियोन की वजह से मिली थी। इंदौर टेस्ट में लियोन ने ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट से मिली जीत में आठ विकेट चटकाए थे और इसलिए लियोन को टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ का अवॉर्ड दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जिताने वाले पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना गया है। कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में एशेज़ को ड्रॉ पर समाप्त किया जबकि घर पर पाकिस्तान को रौंद दिया।

सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 बल्लेबाज़ का अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें इस बार यह अवॉर्ड राजकोट में श्रीलंका के ख़िलाफ़ 220 के स्ट्राइक रेट से खेली गई 112 रनों की पारी के लिए दिया गया है। जबकि जोहानसबर्ग में साउथ अफ़्रीका के ख़िलाफ़ पांच विकेट चटकाने वाले वेस्टइंडीज़ के अल्ज़ारी जोसेफ़ को पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज़ चुना गया है। वीमेंस टी20 लीग की श्रेणी में दो अन्य ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को अवॉर्ड मिला। ब्रिस्बेन हीट की ओपनर ग्रेस हैरिस को डब्लूबीबीएल इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबज़ चुना गया।

# यूपी योद्धा का लक्ष्य पुनेरी पल्टन पर जीत के साथ सीजन का शानदार समापन करना

**पंचकुला,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। प्लेऑफ की होड़ से पहले ही बाहर हो चुके यूपी योद्धा ताऊ देवीलाल इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी सीजन 10 के 132वें मैच में पुनेरी पल्टन के खिलाफ बुधवार को यहां सीजन के अपने आखिरी मैच में जीत के साथ अपने सीजन का शानदार अंत करना चाहेंगे। जनवरी में दोनों टीमों के बीच उलटफेर में, योद्धा अपने घरेलू चरण में एक मनोरंजक मैच में 31-40 से हार गए। चार जीत और एक टाई के साथ, योद्धा वर्तमान में 30 अंक और -114 के स्कोर अंतर के साथ लीग में 11वें स्थान पर हैं।

योद्धा अपने आखिरी मैच में गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत से चूक गए और 29-36 से हार गए। दूसरी ओर, पल्टन ने अपने आखिरी गेम में हरियाणा स्टीलर्स पर 51-36 की आसान जीत हासिल की। पल्टन ने प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और वर्तमान में 91



अंकों और 251 के स्कोर अंतर के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और लीग तालिका में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेगी। पीकेएल के दस सीज़न में दोनों टीमों का 11 बार आमना-सामना हुआ है। योद्धाओं ने छह जीत दर्ज करते हुए पलड़ा भारी रखा है जबकि

- चार जीत और एक टाई के साथ, योद्धा वर्तमान में 30 अंक और -114 के स्कोर अंतर के साथ लीग में 11वें स्थान पर हैं

पल्टन ने बाकी पांच जीत हासिल की हैं।

मैच से पहले बोलते हुए, यू.पी. योद्धाज़ के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हमारा सीज़न हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। हमने अपने कई मैचों में अपने मुख्य चेहरों को मिस किया। हालाँकि, मुझे उन युवा और अनुभवहीन खिलाड़ियों पर गर्व है जिन्होंने आगे बढ़कर उनकी जगह अच्छा खेला है। मैं पूरे सीज़न में हमारा समर्थन करने के लिए अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमारे लड़के कल हमारे अंतिम मैच में उन्हें खुशी देना सुनिश्चित करेंगे।

कप्तान प्रदीप नरवाल और सुरेंदर गिल की रेडिंग जोड़ी इस सीज़न में योद्धाओं के लिए मुख्य आकर्षण थी, जिन्होंने बाद में घायल होने से पहले क्रमश: 122 और 87 रेड अंक बटोरे। पिछले कुछ मैचों में वरिष्ठ रेडरों की अनुपस्थिति में, उनके युवा साथियों गगन गौड़ा, अनिल कुमार और महिपाल ने रेडिंग की जिम्मेदारी संभाली और टीम के लिए अब तक क्रमश: 76, 26 और 25 रेड अंक अर्जित किए हैं।

डिफेंस में, सुमित ने सीज़न में अपने 61 टैकल पॉइंट्स के साथ योद्धाओं के लिए चार्ट का नेतृत्व किया। उन्हें नितेश कुमार और गुरदीप का समर्थन मिला, जिन्होंने क्रमश: 37 और 29 टैकल अंक अर्जित किए। उनकी अनुपस्थिति में, हितेश और आशु सिंह ने आगे बढ़कर क्रमश: 28 और 20 टैकल अंक अपने नाम किए। ऑलराउंडर विजय मलिक ने दोनों विभागों में योगदान दिया और सीज़न में कुल 47 अंक अर्जित किए।